आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.30
सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:02 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 3 मई 2026, वर्ष 4, अंक 256, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 6 रुपये




बंद हो गई 34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस, 17 नौकरियों पर संकट -12




गोल्ड में 321 और ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम -12



होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध -13



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने अपने करियर की 350वीं जीत दर्ज की -14

# बंगाल में मतगणना से नहीं हटेंगे केंद्र के कर्मचारी

## मतगणना विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की कहा- कर्मचारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग का विशेषाधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। शनिवार को अवकाश के दिन हुई एक विशेष सुनवाई में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के पास मतगणना के लिए केंद्र या राज्य सरकार के किसी भी कर्मचारी को नियुक्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार है। टीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आयोग के उस पत्र पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें संभावित अनियमितताओं की आशंका का जिक्र था। सिब्बल ने तर्क दिया कि यह राज्य सरकार के कर्मचारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसा है। हमें यह क्यों नहीं बताया गया कि केवल केंद्र द्वारा नामित व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जाएगा? उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर केंद्र पर पहले से ही माइक्रो-ऑब्जर्वर मौजूद हैं, तो इस नए बदलाव की क्या जरूरत थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प मौजूद है कि वह मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक के रूप में केंद्र या राज्य में से किसी भी कर्मचारी को चुन सके। पीठ ने कहा कि यदि आयोग दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नियुक्त करने का निर्णय लेता है, तब भी हम उसे गलत नहीं ठहरा सकते, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में है। जब सिब्बल ने मांग की कि कम से कम राज्य सरकार के नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, तो अदालत ने चुटकी लेते हुए पूछा, "यदि आप केवल परिपत्र का अनुपालन चाहते हैं, तो आप अदालत में क्यों हैं?

आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने स्पष्ट किया कि रिटर्निंग ऑफिसर राज्य का ही कर्मचारी होता है और उसे किसी भी समूह से कर्मियों को तैनात करने का पूर्ण अधिकार है। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि 13 अप्रैल के परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा और मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। अदालत ने टीएमसी की विशेष अनुमति याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि आयोग के आश्वासन के बाद अब किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। अब 4 मई को होने वाली मतगणना में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संयुक्त रूप से जिम्मेदारी संभालेंगे।



> निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प खुला है कि मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक केंद्र सरकार के हों या राज्य सरकार के। यदि निर्वाचन आयोग यह भी कहता है कि दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारी नियुक्त किए जा सकते हैं, तब भी हम उन्हें गलत नहीं ठहरा सकते।

### 242 अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना को 'भयमुक्त और पारदर्शी' बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते, लेकिन इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 77 विशेष पुलिस पर्यवेक्षक बाहर मोर्चा संभालेंगे।

# मोबाइल फोन पर गूंजा आपातकालीन अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की। इस लॉन्चिंग के साथ ही देशभर के करोड़ों मोबाइल फोन पर एक विशेष चेतावनी संदेश और तेज बीप की आवाज सुनाई दी, जो इस बात का संकेत है कि अब भारत किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति में अपने नागरिकों को सीधे और तुरंत सचेत करने में सक्षम है। यह उन्नत प्रणाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर विकसित की है। इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे किसी इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है। यह सीधे सेल टावरों के माध्यम से क्षेत्र विशेष के सभी सक्रिय मोबाइलों पर संदेश भेज सकती है। दूरसंचार विभाग ने पहले ही सूचित कर दिया था कि यह एक परीक्षण प्रक्रिया है ताकि घबराहट न फैले। मोबाइल पर आए संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण संदेश है, कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। हालांकि, सुरक्षा और चुनावी आचार संहिता के चलते वर्तमान में जिन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है, उन्हें इस राष्ट्रव्यापी परीक्षण से बाहर रखा गया।




### आपदा से निपटने की नई तकनीक

- **उद्देश्य** : बाढ़, भूकंप, सुनामी या अन्य आपात स्थितियों में लोगों की जान बचाना।
- **तकनीक** : इसे सी-डॉट (C-DOT) और NDMA ने मिलकर बनाया है, जो बिना इंटरनेट के भी काम करता है।
- **बीप साउंड** : संदेश आने पर फोन में एक तेज विशिष्ट ध्वनि (बीप) और कंपन होता है, भले ही फोन साइलेंट मोड पर हो।

### संदेश मिलने पर क्या करें?

**घबराएं नहीं** : यह देखें कि संदेश परीक्षण है या वास्तविक चेतावनी। यदि संदेश पर परीक्षण है तो कार्रवाई की जरूरत नहीं है।
**पूरा पढ़ें** : संदेश में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें कि आपदा किस तरह की है।
**निर्देशों का पालन करें** : यदि सुरक्षित स्थान पर जाने या सतर्क रहने को कहा गया है, तो तुरंत अमल करें।

### अंडमान में रचा इतिहास



## समंदर के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

**श्री विजय पुरम।** अंडमान और निकोबार प्रशासन ने शनिवार को स्वराज द्वीप (हैवलॉक) के राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया है। 60 मीटर लंबे और 40 मीटर चौड़े इस तिरंगे को समुद्र की गहराइयों में फहराने के लिए भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और वन विभाग के गोताखोरों ने एक जटिल और समन्वित अभियान चलाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने शनिवार सुबह 10 :35 बजे औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और उपराज्यपाल डी. के. जोशी को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र सौंपा। प्रशासन अब रविवार को स्वराज द्वीप के 'लाइटहाउस डाइव साइट' पर पानी के भीतर 'सबसे ऊंचा मानव पिरामिड' बनाने का एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

# 22 से पहला चरण, पहली बार डिजिटल व स्वगणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 'जनगणना 2027' के तहत उत्तर प्रदेश में जनगणना सात मई से शुरू होगी, संपूर्ण जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित होगा।

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें पहली बार स्व-गणना (सेल्फ इर्नुमेरेशन) की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत आम नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। शनिवार को जनगणना कार्य निदेशालय, उप्र. की निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, उप्र. शीतल वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी, उनका कहना है कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने पर प्रत्येक परिवार को एक यूनिक एसई आईडी ( सेल्फ गणना आईडी ) जारी हो जाएगा। इसके बाद जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, तो एसईआईडी साझा करने के बाद ही मकान सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

### जनगणना 2027

- सात से 21 मई तक ऑनलाइन स्व-गणना वैकल्पिक, 22 मई से घर-घर सर्वे
- जनगणना 2027 के संबंधित जानकारी प्राप्त करने टोल फ्री नंबर 1855 स्थापित




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अल्मोड़ा की सांस्कृतिक विरासत माल, बाल और पटाल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

### न्यूज ब्रीफ

#### न्यायिक अधिकारी ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग इलाके में दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी, अमन कुमार शर्मा का शव मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की हर कोण से जांच की जा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, शर्मा ने 19 जून, 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा में अपनी सेवाएं शुरू की थीं।

#### धोखाधड़ी में भगोड़ा कमलेश पारेख गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2,672 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता स्थित 'श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड' के प्रमोटर पारेख पर 25 बैंकों के संघ से धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई ने 2016 में मामला दर्ज किया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पारेख के खिलाफ 2019 में गैर-जमानती वारंट और 2024 में इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

# खुदी सड़कें तुरंत नहीं भरीं गईं तो ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत हो रही खुदाई कार्यों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खुदाई के बाद सड़कों और गड्ढों को तत्काल भरा जाए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और खुदी सड़कों की स्थिति का आकलन कर तत्काल सुधार कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधूरे कार्य छोड़ने, समय पर काम पूरा न करने या लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जाए। साथ ही जल समाधान पोर्टल पर दर्ज जलापूर्ति, लीकेज और खुदाई से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

### जल जीवन मिशन

- मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए स्थलीय निरीक्षण के आदेश, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

#### 18001212164 पर दर्ज कराएं शिकायत

जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आम लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। राज्य सरकार के अनुसार, उत्तर प्रदेश में करीब 2.5 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

# कांकेर: आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट, डीआरजी के चार जवान शहीद

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर जिला सीमा पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी सहित चार जवान शहीद हो गए। यह घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के पास जंगल में हुई, जब सुरक्षाबल नक्सलियों द्वारा पूर्व में दबाई आईईडी को निष्क्रिय कर रहे थे।

राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी यह पहली बड़ी घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों को गश्त और पुराने बारूदी सुरंगों को खोजने व निष्क्रिय करने के अभियान पर भेजा गया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आदनार के जंगल में आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। मौके पर ही तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल जवान को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आईजी सुंदरराज के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस लगातार पुराने डंप (छिपाए गए सामान) और आईईडी बरामद कर रही है।

# ईंट से कूचकर घर के भीतर चार बच्चों की हत्या, आरोपी महिला फरार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- आईजी रेंज अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, मां पर हत्या का शक

**अमृत विचार :** जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर के भीतर चार बच्चों की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप बच्चों की मां पर है। महिला फरार है।

जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद मोहल्ले में नियाज की पत्नी गाजिया खातून(35) अपने चार बच्चों शफीक(14), सउद(12), उमर(10) और बेटी शादिया 8 वर्ष के साथ रहती हैं। पति नियाज सऊदी में है। वह पिछले चार साल से घर नहीं आया है। शनिवार दोपहर घर के अंदर ही आरोपी महिला गाजिया खातून ने चारों बच्चों को मेन गेट अंदर से बंद कर मार डाला। वारदात के बाद फरार हो गई। स्थानीय लोगों के शक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो मासूम बच्चों का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। दरवाजा तोड़कर चारों शव पुलिस ने निकाले। पुलिस को शक है कि गाजिया खातून ने ही ईंट से वार कर मासूम बच्चों की हत्या की। वारदात को अंजाम देने के बाद गाजिया बालकनी से कूदकर फरार हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आईजी रेंज अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतक बच्चों की मां गाजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। बताया जा रहा कि गाजिया के पति नियाज ने सऊदी में पाकिस्तानी नाम की महिला से शादी कर ली, इसी बात से महिला तनाव में थी और दो महीने से पूरा परिवार खत्म देने की धमकी देती थीं। वहीं दूसरी ओर प्रॉपर्टी विवाद भी सामने आया है।

> प्रारंभिक तौर पर प्रॉपर्टी विवाद की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। हत्या का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। फरार महिला की गिरफ्तार के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। - **प्राची सिंह,** एसपी अंबेडकरनगर

**स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर** | सुरक्षा व गुणवत्ता पर फोकस, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, सेंसर स्कैनिंग से बदलेगा ट्रैफिक प्रबंधन का तरीका

# एआई व स्विस तकनीक से स्मार्ट बन रहे एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे निर्माण अब पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक-आधारित 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को शामिल किया गया है।

इस दिशा में उप्र. एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथारिटी ने ईटीएच जूरिच और आरटीडीटी लेबोरेट्रीज एजी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे में भी इस तकनीक का उपयोग किया जा चुका है। नई व्यवस्था में सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के हर चरण पर नजर रखी जा रही है, जिससे खामियों को तुरंत ठीक किया जा सके। यह पहल यूपी को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट नेटवर्क' की श्रेणी में स्थापित कर रही है। एक्सप्रेस-वे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि डेटा, तकनीक और आधुनिक प्रबंधन के समन्वय से संचालित इंटेलिजेंट सिस्टम के रूप में विकसित होंगे।



### वैज्ञानिक तरीके से सड़क का आकलन

इस तकनीक के तहत एक विशेष वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगे हैं। यह वाहन एक्सप्रेस-वे की हर लेन पर चलकर सड़क की सतह, ऊंचाई के उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। इससे सड़क की वास्तविक स्थिति का सटीक और वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो रहा है।

### स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बढ़ेगी सुरक्षा

सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि संचालन के दौरान भी एआई का उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग और लेन उल्लंघन जैसी गतिविधियों को स्वत: चिन्हित करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है और ट्रैफिक प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

### एआई से तय होगी गुणवत्ता की श्रेणी

सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा रहा है। इससे निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय हो रही है और छोटी से छोटी खामी भी समय रहते पकड़ी जा रही है।

# बीमा क्षेत्र में अब 100% विदेशी निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बीमा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है। सरकार के इस कदम से अब विदेशी कंपनियां भारतीय बीमा कंपनियों और ब्रोकरेज जैसी बिचौलिया संस्थाओं में बिना किसी सरकारी अनुमति के पूरी हिस्सेदारी रख सकेंगी।

यह बदलाव 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) संशोधन नियम, 2026' के तहत प्रभावी हुआ है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए विदेशी निवेश की सीमा अभी भी 20 प्रतिशत पर ही सीमित रहेगी। संसद ने दिसंबर 2025 में 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक' पारित किया था, जिसने निवेश की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का मार्ग प्रशस्त किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फरवरी में दी गई शुरुआती अधिसूचना के बाद अब वित्त मंत्रालय ने इसे अंतिम रूप से लागू कर दिया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर साधा निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही कमर्शियल सिलेंडरों की कमी के बीच करीब 993 रुपये की एकमुश्त बढ़ोतरी से आम जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही सरकार से मांग की कि वह पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के संभावित प्रभाव का आकलन कर ही नीतिगत निर्णय ले, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बसपा प्रमुख ने आशंका जताई कि कमर्शियल गैस के बाद जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे लोगों में बेचैनी का माहौल है। उन्होंने कहा कि कीमतों में वृद्धि के पीछे अंतरराष्ट्रीय कारण, जैसे अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच तनाव हो सकते हैं, लेकिन सरकार को जनहित को प्राथमिकता देते हुए मूल्य नियंत्रण की नीति जारी रखनी चाहिए।



### माटीकला कारीगरों को नि:शुल्क प्रशिक्षण मिलेगा मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण लखनऊ के डालीगंज स्थित मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र में संचालित होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला को आधुनिक बाजार से जोड़ना और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय होगा, जिसमें प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से भी सहयोग मिलेगा। इच्छुक कारीगर और माटीकला से जुड़े अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### रोडवेज कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों ने अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक धरना–प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर 115 डिपो, कार्यशालाओं, बस स्टेशनों और प्रशासनिक कार्यालयों की 233 प्राथमिक शाखाओं में कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी और महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने संयुक्त बयान में बताया कि 15 मार्च 2026 को शासन और निगम प्रबंधन को आंदोलनात्मक नोटिस दिया गया था। इसके तहत धरना–प्रदर्शन और 19 मई तक मांगें पूरी न होने पर 20 मई को प्रदेश के क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रैली, धरना और आम सभा आयोजित करने की चेतावनी दी गई है। मुख्य मांगों में डग्गामारी पर रोक, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन कटौती बंद करना, रिक्त पदों पर भर्ती, भत्तों में वृद्धि और वेतन विसंगतियों का समाधान शामिल हैं। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है। नेताओं ने कहा कि परिवहन निगम और उसके कर्मचारी स्वयं संकट में हैं, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं।

# विपक्ष के खिलाफ निकाला मशाल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 'नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान' के संकल्प के साथ सड़क पर उतरी भाजपा की महिला ब्रिगेड

**अमृत विचार :** नारी शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान को लेकर विपक्ष के खिलाफ भाजपा की महिला ब्रिगेड ने महिला आक्रोश मशाल मार्च निकाला। शनिवार को "नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान" के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर एवं जिला इकाई की ओर से मार्च निकाला गया। राजधानी के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करती हुई यह यात्रा लोक भवन से प्रारंभ होकर अटल चौक, हजरतगंज चौराहा पहुंची। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाली समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में ऐतिहासिक अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसे दल, जो वर्षों तक सत्ता में रहे, उन्होंने कभी भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। आज जब भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम कर रही है, तब यही दल इसका विरोध कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति रही। मशाल यात्रा में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी, प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं जिला अध्यक्ष विजय मौर्य सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर विपक्ष के खिलाफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालतीं पार्टी की महिला ब्रिगेड। अमृत विचार

# मिशन मोड में पूरे हों इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स

## मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश : 31 मई तक एक्सप्रेस-वे के लिए 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मिशन मोड में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। शनिवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रक्रियागत बाधाओं को प्राथमिकता पर दूर कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए।



अपने सरकारी आवास पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद लिंक, चित्रकूट लिंक और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 31 मई तक 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य तय किया। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि भूमि स्वामियों से सीधे संवाद कर उचित मुआवजा दिलाएं और रजिस्ट्री प्रक्रिया में अतिरिक्त मानवबल लगाकर कार्य में तेजी लाएं। साथ ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल लिंक, झांसी लिंक और मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे की प्रगति भी तेज करने को कहा गया।

**डिफेंस कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार :** बैठक में जानकारी दी गई कि डिफेंस कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की इकाई का जल्द शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़ी वित्तीय और तकनीकी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**लॉजिस्टिक्स हब बनेंगे बदलाव की धुरी :** ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और ट्रांसपोर्ट हब को मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए "गेम-चेंजर" बताया। 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण पूरा होने से इन परियोजनाओं के तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

**शिक्षा और उद्योग दोनों पर फोकस :** मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना के तहत 75 जिलों में 150 विद्यालय बनाए जाने हैं। इनमें से 59 का निर्माण शुरू हो चुका है, जबकि 67 की निविदा प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्माण में तेजी लाने और उपयुक्त स्थान चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सीड पार्क, टेक्सटाइल और बायो ऊर्जा पर जोर:** लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क को निवेश और रोजगार सृजन के लिए अहम बताते हुए इनके विकास में तेजी लाने को कहा गया।

### लखनऊ में जल्द बनेगा कन्वेंशन सेंटर

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इसके शीघ्र शिलान्यास के निर्देश दिए। साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए मॉडल बिल्डिंग उपविधियों को निवेश अनुकूल बनाकर जल्द लागू करने पर जोर दिया।

# मई के अंत तक नई बिजली दरों की हो सकती है घोषणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई दरों का ऐलान मई के अंत या जून के पहले सप्ताह में हो सकता है। विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई है, जिसमें जनसुनवाई के बाद टैरिफ से जुड़े सभी मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा।

आयोग की ओर से जारी होने वाले टैरिफ आदेश में बहुमंजिला इमारतों से जुड़े बिजली प्रावधान, निजी नलकूपों के कनेक्शन, अनियोजित कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति के नियम और घरों में छोटी दुकान संचालित करने से संबंधित मामलों को भी शामिल किया जाएगा। इस बीच, राज्य सरकार ने राज्य सलाहकार समिति के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग को भेजे प्रस्ताव में स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग व्यवस्था को बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। उनका आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना सहमति प्रीपेड मोड में बदले जा रहे हैं, जो विद्युत अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। बताया जा रहा है कि लगभग 75 लाख उपभोक्ता इस व्यवस्था से प्रभावित हैं, जिसके चलते प्रदेशभर में असंतोष और विरोध की स्थिति बनी हुई है। 18 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार करेंगे।

# झूठे हलफनामे पर अवमानना व मिथ्या साक्ष्य की कार्रवाई एक साथ अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- वैवाहिक मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को किया स्पष्ट

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वैवाहिक विवादों में झूठे हलफनामे दाखिल करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति स्पष्ट की है। न्यायालय ने कहा है कि भले ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश में झूठे हलफनामे पर अवमानना और मिथ्या साक्ष्य के तहत कार्रवाई के लिए कहा गया है, लेकिन अदालतों के लिए दोनों कार्यवाहियां एक साथ शुरू करना अनिवार्य नहीं है, विशेषतः उन मामलों में जहां शपथ पत्र देते समय अनजाने में या कोई महत्वहीन त्रुटि हुई हो।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ़ व न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने वैवाहिक विवाद से संबंधित एक मामले में पति की ओर से दाखिल विशेष अपील को निरस्त करते हुए पारित किया है। मामला प्रशासनिक अधिकारी पति व न्यायिक अधिकारी पत्नी के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद का है। पति का आरोप था कि उसकी पत्नी, जो बिहार न्यायपालिका में सिविल जज के पद पर कार्यरत हैं, ने घरेलू हिंसा के मुकदमे में दाखिल हलफनामे में अपनी आय और संपत्तियों के संबंध में एन/ए (लागू नहीं) लिखा है। पति ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका, यह तर्क देते हुए दाखिल की कि पत्नी ने 'रजनीश बनाम नेहा' मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी अनिवार्य दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। उक्त अवमानना याचिका के निस्तारित होने के विरुद्ध उसने विशेष अपील दाखिल किया। पत्नी की ओर से विशेष अपील का विरोध करते हुए, अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि प्रश्नगत प्रविष्टि शपथ पत्र में अनजाने में की गई त्रुटि थी, जो एक मानवीय भूल थी तथा उसी शपथ पत्र में पत्नी ने स्वयं को 'सिविल जज, बिहार न्यायिक सेवा' स्पष्ट रूप से लिखा है। यह भी दलील दी गई कि अवमानना अधिनियम की धारा 10 के परंतुक के तहत अपीलार्थी की अवमानना याचिका ही पोषणीय नहीं थी। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि कानून किसी व्यक्ति को एक साथ दोनों क्षेत्राधिकारों का उपयोग करने की अनुमति तो देता है, लेकिन कोर्ट दोनों प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य नहीं हैं। खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अवमानना अदालत ने मामले के तथ्यों पर कोई टिप्पणी नहीं की थी लिहाजा विशेष अपील भी पोषणीय नहीं है।

# करोड़ों की बैंक डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## हजारीबाग की बैंक में करोड़ों की लूट का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े गए, सोना व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** झारखंड के हजारीबाग जिले में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की बरही शाखा में 24 अप्रैल को हुई करोड़ों रुपये की डकैती का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र से गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 912 ग्राम सोना, 20 लाख रुपये नकद, एक कार, स्कॉर्पियो और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नवादा निवासी मो. अफजल, गोरखपुर के पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह और मऊ के सौरभ यादव उर्फ सोनू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 24 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे इन आरोपियों ने बैंक में घुसकर हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 4 किलो सोना व 4.22 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे।

**सीसीटीवी और सर्विलांस से मिला सुराग:** घटना के बाद झारखंड पुलिस ने एसटीएफ से मदद मांगी। मौके और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की लोकेशन वाराणसी के सारनाथ स्थित सिंहपुर में ट्रेस की गई। इसके बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

**रेकी के बाद चुना बैंक ऑफ महाराष्ट्रा :** आरोपियों ने बताया कि ओडिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की शाखा में हुई डकैती की खबर देखने के बाद उन्होंने इसी बैंक को टारगेट करने की योजना बनाई। इसके लिए अफजल और उसके साथियों ने कई दिनों तक रेकी की और बैंक के अंदर की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। व्हाट्सएप के जरिए लगातार संपर्क में रहकर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

**वारदात के बाद गया में बंटवारा, फिर वाराणसी पहुंचे:** डकैती को अंजाम देने के बाद आरोपी गया पहुंचे, जहां लूट के सोने और नकदी का बंटवारा किया गया। इसके बाद तीनों वाराणसी आ गए और दिल्ली भागने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, हथियार सप्लायर और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई अंतरराज्यीय बैंक अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।



पकड़े गए बैंक लूटने के तीन आरोपी। अमृत विचार

### एक के बाद एक बड़ी लूट की वारदात

- **2015 :** कोलकाता में आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी से 14 किलो सोना
- **2019 :** उत्तराखंड के रुड़की में डकैती का प्रयास, लॉकर न खुलने से नाकाम
- **2021 :** कोलकाता के मण्णापुरम गोल्ड फाइनेंस से 26 किलो सोना
- **2021 :** बिहार के गया में 2 किलो सोना लूटा
- **2022 :** पटना के गर्दनीबाग में 8 किलो सोना

### जेल में बना गिरोह, बाहर आकर शुरू की वारदातें

**अमृत विचार :** पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल वर्ष 2008 में कोलकाता में एक कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। वर्ष 2008 से 2012 तक जेल में रहने के दौरान उसकी मुलाकात अन्य अपराधियों से हुई और वहीं गिरोह का गठन हुआ। जेल से बाहर आने के बाद सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बैंक डकैती की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया।

### आधा दर्जन बैंकों में डकैती, डेढ़ अरब का सोना लूटा

**अमृत विचार :** अंतरराज्यीय बैंक डकैतों का गिरोह पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में आधा दर्जन से अधिक बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाकर अब तक करीब 90 किलो, यानी लगभग डेढ़ अरब रुपये का सोना लूट चुका है। एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल 2008 में कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। जेल के भीतर ही उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गिरोह तैयार किया और 2013 में बाहर आने के बाद योजनाबद्ध तरीके से बैंक और गोल्ड फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

### 15 मिनट में 36 किलो सोना लूटने का रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** गिरोह ने 2013 में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित मुथुट्ट फाइनेंस कंपनी में दिनदहाड़े धावा बोला। हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर महज 15 मिनट में 36 किलो सोना लूट लिया गया। इसके बाद सभी आरोपी धनबाद के निरसा पहुंचे, जहां लूट के माल का बंटवारा किया गया।

### सिर्फ 10 प्रतिशत सोना ही बरामद

**अमृत विचार :** पुलिस के अनुसार, अब तक हुई डकैतियों में लूटे गए सोने का केवल करीब 10 प्रतिशत ही बरामद हो पाया है। बाकी सोना गिरोह ने अवैध बाजार में खपाकर ठिकाने लगा दिया।

### प्रॉपर्टी में लगाते थे काली कमाई

**अमृत विचार :** पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि लूटे गए सोने को बड़े कारोबारियों को चोरी–छिपे बेच दिया जाता था और उससे मिली रकम को जमीन, मकान और रियल एस्टेट में निवेश कर दिया जाता था, ताकि अवैध कमाई को वैध रूप दिया जा सके।

### पूरे नेटवर्क की जांच जारी

**अमृत विचार :** एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों, उनके आपराधिक इतिहास और संपत्तियों की गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि लूट का पैसा किन–किन कंपनियों और शहरों में लगाया गया है। यह कार्रवाई देशभर में सक्रिय संगठित बैंक अपराध के बड़े नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है।

# अमूल, ज्ञान, शुद्ध समेत कई दुग्ध इकाइयों में मिली खामियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 टीमों ने मारा छापा, 388 टन खाद्य सामग्री सीज, कई नामी ब्रांड्स को नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के विशेष अभियान के तहत डेयरी उत्पादों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई नामी ब्रांड्स की इकाइयों में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गईं। 14 विशेष टीमों ने लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात में छापेमारी कर 56 नमूने लिए और करीब 388 टन खाद्य सामग्री सीज की, जिसकी अनुमानित कीमत 15.8 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जांच के दौरान अमूल की इकाइयों में स्किम्ड मिल्क पाउडर की लेबलिंग में खामियां पाई गईं। बिना विटामिन मिलाए हेल्थ क्लेम करने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। वहीं ज्ञान के सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स, लखनऊ में घी और मिल्क पाउडर की लेबलिंग में कमियां सामने आईं। यहां इंडस्ट्रियल प्रिज़र्वेटिव्स के इस्तेमाल की आशंका पर 108 टन सामग्री (करीब 58 लाख रुपये) सीज की गई। इसी तरह शुद्ध ब्रांड (स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट) में बिना फूड-ग्रेड एडिटिव्स के उपयोग और बटरमिल्क में संदूषित मसालों की आशंका पर उत्पाद सीज कर नोटिस जारी किया गया। नमस्ते इंडिया यूनिट में भी स्वच्छता मानकों में कमी पाई गई। कानपुर देहात की भोले बाबा डेयरी में सबसे बड़ी गड़बड़ी सामने आई, जहां एक्सपायरी डेट बदलकर उत्पाद बेचने का मामला उजागर हुआ। यहां से 227 टन स्किम्ड मिल्क पाउडर (करीब 15.2 करोड़ रुपये) सीज किया गया। इस अभियान के तहत कुल नौ इकाइयों पर कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### राजस्व निस्तारण में लखनऊ अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त निगरानी में चल रहे अभियान से प्रदेश में राजस्व मामलों के निस्तारण में उल्लेखनीय तेजी आई है। आरसीसीएमएस की अप्रैल रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में 3,37,708 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें लखनऊ ने 18,861 मामलों के साथ पहला स्थान हासिल किया। प्रयागराज 12,036 मामलों के साथ दूसरे, बाराबंकी 9,139 के साथ तीसरे और आजमगढ़ 8,483 मामलों के साथ चौथे स्थान पर रहा। जनपद स्तर पर जौनपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक मामलों का निस्तारण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

**मंथन** विधानसभा में आयोजित युवा संसद के दूसरे दिन 180 युवाओं ने रखा विजन

# युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में गूंजा 'विकसित भारत 2047' का संकल्प
- 75 जिलों के 375 प्रतिभागी केंद्रीय बजट पर कर रहे चर्चा

**अमृत विचार :** विधानसभा में चल रही राज्य स्तरीय "विकसित भारत युवा संसद 2026" के दूसरे दिन 180 युवा वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश के 75 जिलों से चयनित 375 युवा भाग ले रहे हैं।

दूसरे दिन प्रतिभागियों ने "केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना" विषय पर गहराई से चर्चा की। वक्ताओं ने रोजगार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और हरित अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों को जोड़ते हुए अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद राजीव तारारा ने अमरोहा के युवाओं से संवाद कर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का रोडमैप है, जो युवाओं को अवसर देने के साथ जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब विकास समावेशी और सतत हो।

युवा वक्ताओं के प्रस्तुतिकरण में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का संतुलित समन्वय देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर पहुंचे प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी, जिससे पूरा सदन तालियों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का खास पहलू यह भी रहा कि अधिकांश प्रतिभागी पहली बार विधानसभा पहुंचे। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव बताते हुए कहा कि यहां उन्होंने लोकतंत्र को करीब से समझा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन 3 मई को होगा। राज्य स्तर पर चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों

केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित

एम. के. बन्धानी हींग

श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# हाईटेक सुरक्षा युक्त बन रही राम मंदिर की बाउंड्रीवॉल

अयोध्या कार्यालय

**30 प्रतिशत काम पूरा**

**अमृत विचार :** राममंदिर परिसर के सुरक्षा की पहली लेयर में बाउंड्री वाल को मजबूत स्तंभ और आधुनिक सुरक्षा से तैयार किया जा रहा है। लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल के निर्माण में 30 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसे सितंबर से अक्टूबर माह के बीच पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उपक्रम इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड के द्वारा राम मंदिर परिसर के 70 एकड़ के बाउंड्री वॉल को सुरक्षा के लिए 14 फिट ऊंची और लगभग 3.5 किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसे हाईटेक सुरक्षा से लैस 28 टॉवर होंगे। जिसमे बुलेट प्रूफ मोर्चा और गश्त करते हुए सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देंगे। जिसमें लगभग एक किलोमीटर बाउंड्री वॉल के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फेंसिंग, लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा के अन्य उपकरणों को लगाने का काम चल रहा है।



राम मंदिर की दीवार। अमृत विचार

### संवेदनशील क्षेत्र से बाहर होगा ऑडिटोरियम और अतिथि गृह

सदस्य डॉ. अनिल ने बताया कि राम मंदिर परिसर के कुछ हिस्से को संवेदनशील क्षेत्र से बाहर किया गया है। राष्ट्रीय निर्माण निगम के द्वारा ट्रस्ट ऑफिस, ऑडिटोरियम व अन्य कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि 11 नंबर गेट के पास बाउंड्री वॉल के बाहर भूमि पर ऑडिटोरियम, आने वाले संत धर्माचार्य व अन्य अतिथियों के लिए विश्राम स्थल व ट्रस्ट के ऑफिस का निर्माण चल रहा है। जिसे दिसंबर तक पूरा करने का समय निर्माण एजेंसी के द्वारा दिया गया है।

# बिना परमिट स्कूल वाहनों का पंजीयन होगा निरस्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** बिना परमिट स्कूल वाहनों का पंजीयन निरस्त करने कार्रवाई की जाएगी। इसलिये सभी वाहन स्वामी तत्काल फिटनेस, बीमा, पंजीयन, पीयूसीसी, परमिट वैध कराएं। यह निर्देश शनिवार को स्कूल वाहनों को स्कूल यान परमिट से युक्त कराने की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने दिए।

उन्होंने मंडल के सभी एआरटीओ, पीटीओ और मोटरयान निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वाहन पोर्टल और स्कूल वाहन पोर्टल पर प्रदर्शित ऐसे समस्त वाहनों जिनका परमिट समाप्त हो गया है अथवा परमिट प्राप्त नहीं किया है, को तत्काल नोटिस देकर सभी प्रपत्र पूरे कराएं। ऐसा न करने पर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के माध्यम से ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द कराने की कवायद करें। उन्होंने बताया कि कई प्रयास के बाद भी समीक्षा में पाया गया कि कई स्कूलों द्वारा परमिट, फिटनेस प्रपत्र वैध कराने में लापरवाही दिखाई जा रही है। उन्होंने अगले तीन कार्य दिवस में ऐसे स्कूल वाहनों के प्रमाणपत्र निरस्तीकरण, पंजीयन, निलंबन व अन्य प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



कार्यालय में समीक्षा बैठक करती आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 सफाई कर्मियों को मिली सुरक्षा किट

अयोध्या, अमृत विचार : महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने शनिवार को कौशलपुरी कॉलोनी में आयोजित शिविर में नाला गैंग में कार्यरत 50 सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट का वितरण किया। किट बैग में हेलमेट, जूता, दो एप्रिन, ग्लव्स एवं मास्क शामिल हैं। महापौर ने सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट पहनकर ही सफाई कार्य करने की हिदायत दी। सफाई कर्मियों के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक सफाई कर्मियों ने अपना परीक्षण कराया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल मौजूद थे।

### लेखपालों के कार्यक्षेत्र में हुआ फेरबदल

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने तहसील क्षेत्र के 14 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है। एसडीएम ने कहा कि लेखपालों के स्थानांतरण से राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। सभी लेखपालों को तत्काल अपने-अपने नए क्षेत्र में पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि लंबे समय से एक ही क्षेत्र में जमे लेखपालों को हटाकर रोटेशन नीति के तहत तबादला किया गया है। इससे पैमाइश, वरासत, आय-जाति प्रमाण पत्र व अन्य राजस्व कार्यों का समय से निस्तारण हो सकेगा। तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने कहा कि सभी लेखपालों को तीन दिन में चार्ज सौंपने और नई तैनाती स्थल पर ज्वॉइनिंग रिपोर्ट देने को कहा गया है। लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

### फसल क्षति का चेक किया वितरित

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली तहसील परिसर में किसानों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धान व गेहूं की फसलों की क्षति का रुदौली विधायक रामचंद्र यादव व एसडीएम संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से पीड़ित किसानों को चेक सौंपे। फसलों को हुई क्षति के एवज में यह धनराशि मंडी समिति द्वारा प्रदान की गई है। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर क्षेत्र के कई किसान मौजूद रहे, जिन्होंने राहत राशि मिलने पर संतोष जताया और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### मारपीट में सगे भाइयों पर केस

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। दुकानदार मंगारी फर्टिलाइजर निवासी विवेक कुमार और उसके भाई रोहित की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली बीकापुर पुलिस ने आरोपी दो सगे भाइयों मंगारी निवासी राहुल और उनके भाई रोहित के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मारपीट में जख्मी दोनों भाइयों का मेडिकल परीक्षण करवाकर रिपोर्ट दर्ज की गई है, कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सगे भाइयों ने साधु को पीटा, केस दर्ज

अयोध्या, अमृत विचार। श्रद्धालुओं से अभद्रता करने से रोकने पर सगे भाइयों ने एक साधु को जमकर पीटा। पीड़ित कामेश्वर मिश्र उर्फ पृथ्वीदास निवासी हनुमानगढ़ी ने थाना राम जन्मभूमि पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नित्य शयन आरती में दर्शन और हनुमान जी की सेवा में आता हूं, 30 अप्रैल की रात करीब 10 .30 बजे कि शिवम मिश्र निवासी इमली बगिया हाता एक दर्शनार्थी के साथ हाथापाई व गाली गलौज कर रहा था। बीच बचाव करने पर उसने अपने भाइयों रामानंद, कृष्णा के साथ मिलकर मारापीटा। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्जकर जांच की जा रही है।

# अयोध्या धाम में यूपी-42 नंबर के वाहनों पर रोक हटी

## हाशिम अंसारी बैरियर से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक जांच के बाद दिया जा रहा प्रवेश

अमृत विचार IMPACT

- 'अमृत विचार' की खबर पर लगी मोहर, स्थानीय लोगों में खुशी

विशाल तिवारी, अयोध्या।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने अयोध्या धाम में रहने वाले स्थानीय लोगों को बड़ी राहत दी है। अब अयोध्या धाम के सभी बैरियरों पर यूपी-42 नंबर के वाहनों के आने जाने पर किसी तरह की रोका टोकी नहीं होगी। इसके लिए वाहन पास की भी आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं बाहर से आने वाले रिश्तेदारों या शादी विवाह में बारात आदि को पास जारी किया जाएगा। हालांकि संदिग्ध दिखने पर वाहनों की तलाशी व पहचान पत्र की जांच जरूर की जाएगी। ''अमृत विचार'' ने 21 अप्रैल के अंक में इससे संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिस पर अब मोहर लग गई है।

विगत दिनों नई दिल्ली में अयोध्या पर्व के दौरान गूंजे रामनगरी के दर्द के बाद से जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों को कम करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए तहत प्रयोग के तौर पर 18 अप्रैल की शाम से 24 घंटे के लिए यलो जोन के 52 बैरियरों को हटा दिया गया था। हालांकि इसका मिला जुला असर दिखा था। इस पूरे प्रयोग की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद इसकी समीक्षा करने के बाद यह तय किया गया कि अयोध्या धाम में रहने वाले लोगों को जिनके पास यूपी-42 नंबर के दो या चार पहिया वाहन हैं, उन्हें आने जाने पर नहीं रोका जाएगा। सिर्फ हाशिम अंसारी बैरियर से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक के मार्ग पर बैरियर पर आवश्यक जांच के बाद ही इन वाहनों को आने जाने दिया जाएगा। साथ ही इन बैरियर के बीच में बिना पास के बाहरी चार पहिया वाहनों को नहीं आने जाने दिया जाएगा। अब यह व्यवस्था लागू हो गई है। इससे अयोध्या धाम में रहने वालों ने राहत की सास ली है।



पोस्ट ऑफिस तिराहा बैरियर पर बाहरी वाहनों को रोकते पुलिसकर्मी।



हाशिम अंसारी बैरियर पर बाहरी वाहनों को पार्किंग में खड़ा करने की जानकारी देता पुलिसकर्मी।


यूपी 42 नंबर की गाड़ियों को सभी बैरियरों पर फ्री करने की योजना

### मरीजों को श्रीराम अस्पताल ले जाने पर रोक हटी

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगे प्रतिबंधों के चलते आम लोगों को इलाज के लिए श्रीराम अस्पताल आने जाने में बड़ी दिक्कतें हो रही थी। गंभीर मरीजों को भी निजी या ई-रिक्शा आदि वाहनों से रामपथ पर जाने में रोक थी। इसके विरोध में स्वर भी मुखर हुए थे। अयोध्या पर्व में आचार्यश्री ने इस दर्द को प्रमुखता से उठाया था। अब नई व्यवस्था में मरीजों वाले वाहनों को आने जाने में लगी रोकटोक को हटा दिया गया है। इसके लिए सभी बैरियरों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों व यातायात पुलिस के जवानों को सख्त हिदायत दी गई है।

### रामपथ पर वाहन खड़ा करने पर होगी कार्रवाई

इन छूट के बीच यह भी आदेश दिया गया है कि कोई भी चार पहिया वाहन टेढ़ी बाजार से लता चौक तक रामपथ पर नहीं खड़ा किया जा सकता। ऐसा करने पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह प्रतिबंध स्थानीय लोगों के भी वाहनों पर शामिल है।

### वीवीआईपी मूवमेंट व भीड़ बढ़ने पर वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग

अधिकारियों के अनुसार रामनगरी में वीआईपी मूवमेंट व भीड़भाड़ की स्थिति में रामपथ पर वाहनों के आवागमन पर रोक भी लगाई जा सकती है। विशेषकर पोस्ट ऑफिस तिराहे से श्रीराम अस्पताल बैरियर तक चार पहिया वाहनों के आवागमन पर रोक भी लगाई जा सकती है। ऐसी स्थिति में यूपी-42 नंबरों के वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट भी किया जा सकता है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से सामान्य दिनों में भी बैरियर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को किसी भी प्रकार के वाहनों की चेकिंग की जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर बाहरी व स्थानीय लोगों के पहचान पत्र का सत्यापन भी कराया जा सकता है।

### यलो जोन में बढ़ाई गई पास की सुविधा

स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए यलो जोन के पास की भी सुविधा दी गई है। पूर्व में 1453 पास जारी हुए थे। हाल ही में लगे दो शिविरों में 300 नये आवेदन भी आए हैं, इनका सत्यापन कराने के बाद पास जारी किया जाएगा। यह पास एक वर्ष के लिए जारी किए जा रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत अयोध्या आने जाने वाले व्यापारी व राजनीतिक दलों के लोगों को भी पास जारी करने की व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन यह वाहन भी यूपी-42 नंबर के ही होने चाहिए।



हाशिम अंसारी बैरियर के पास बनाई गई पार्किंग में खड़े वाहन। अमृत विचार

### हाशिम अंसारी बैरियर के पास बनी पार्किंग

नई व्यवस्था के तहत बाहरी वाहनों को अब टेढ़ी बाजार बैरियर पर नहीं रोका जा रहा है। उन्हें हाशिम अंसारी बैरियर तक आने जाने दिया जा रहा है। यहां पर रेलवे स्टेशन जाने वाले फोरलेन मार्ग व बगल पड़े खाली मैदान पर अस्थायी पार्किंग बनाई गई है। यहां पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। इस पार्किंग में बाहरी वाहनों को इसमें निशुल्क खड़ा कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े।

> अयोध्या धाम में रहने वाले यूपी-42 नंबर के वाहनों को बैरियर पर आने जाने दिया जा रहा है। बाहरी वाहनों को पोस्ट ऑफिस तिराहे से श्रीराम अस्पताल के बीच आने जाने पर रोक लगाई गई है। यलो जोन के किसी भी बैरियर को हटाया नहीं गया है। अयोध्या धाम में आने वाले रिश्तेदारों व बरात आदि के लिए आने वालों को पास जारी करने की सुविधा दी गई है। **-आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी अयोध्या।**

## छात्रा को फेल होने व प्रधानाचार्य पर आरोपों की जांच शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** आजाद इंटर कॉलेज पलिया जगमोहन सिंह, कुचेरा में कक्षा-10 की छात्रा को प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फेल करने के मामले की डीआईओएस द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने शनिवार को कॉलेज पहुंच जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि विद्यालय में कक्षा-10 में कुल 76 विद्यार्थियों का नामांकन था। एक छात्रा अनुपस्थित रही। 75 परीक्षार्थियों में 74 को प्रैक्टिकल में शत-प्रतिशत अंक दिए गए, जबकि सिर्फ एक छात्रा नंदिनी मिश्रा को सभी विषयों के प्रैक्टिकल में 2 से 4 अंक ही मिले। प्रारंभिक जांच समिति के अनुसार पीड़ित छात्रा ने कक्षा-9 में अच्छे अंक प्राप्त किए थे और टॉप फाइव में थी। लिखित परीक्षा में भी वह सभी विषयों में उत्तीर्ण है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति पीड़िता के घर भी पहुंची।पीड़ित छात्रा और उसके परिवार का बयान भी दर्ज किया। जांच टीम ने विद्यालय से सात बिंदुओं पर जवाब मांगा है। इसमें अंक चढ़ाने की प्रक्रिया, आंतरिक-बाह्य परीक्षक की रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज शामिल हैं।

- दोषी पाए जाने पर संबंधित पर होगी कार्रवाई :डीआईओएस

डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट 48 घंटे में मांगी गई है। दोषी पाए जाने पर प्रधानाचार्य व संबंधित परीक्षकों पर कार्रवाई होगी। छात्रा को नियमानुसार न्याय दिलाया जाएगा। जांच कमेटी के अध्यक्ष सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रथमदृष्टया कई लापरवाही पाई गई है।

# 356 एकल शिक्षक वाले परिषदीय विद्यालयों पर लगेगा जनगणना का ताला!

अयोध्या कार्यालय।

- शिक्षकों की ड्यूटी लगने पर खड़ा होगा संकट, बीएसए बोले, जिला प्रशासन को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** जनगणना-2026 के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगने से जिले के 356 एकल शिक्षक वाले परिषदीय विद्यालयों पर ताला लगने की संभावना है, क्योंकि इन स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक तैनात है। अगर उसकी भी जनगणना में ड्यूटी लग गई तो स्कूल बंद करना पड़ेगा। इससे करीब 18 हजार बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। बेसिक शिक्षा विभाग असमंजस में है, वहीं शिक्षक संगठनों ने भी विरोध जताया है।

बीएसए लालचंद ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए जिले से 3500 से अधिक शिक्षकों की मांग की गई है। जिले में 356 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जहां मात्र एक शिक्षक तैनात है। जिला प्रशासन को पत्र भेजकर कहा गया है कि एकल विद्यालयों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए या इनके बदले जूनियर व माध्यमिक के शिक्षक लगाए जाएं।कहा कि अगर इन स्कूलों के शिक्षकों भी जनगणना में ड्यूटी लगती है तो बच्चों को पास के विद्यालयों में शिफ्ट करने पर विचार चल रहा है। बीईओ से रिपोर्ट मांगी गई है कि किस स्कूल के बच्चे कहां समायोजित हो सकते हैं। जिन गांवों में दूसरा स्कूल दो किमी से दूर है, वहां शिक्षा मित्र या अनुदेशक से व्यवस्था का प्रस्ताव है। फिलहाल स्कूल चलो अभियान के बीच स्कूल बंद होने से अभियान पर भी असर पड़ने की आशंका है।

वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा जनगणना जरूरी है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई रोककर नहीं। एकल स्कूल बंद हुए तो ड्रॉपआउट बढ़ेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि एक ही विद्यालय में 4200 ग्रेड पे वाले शिक्षक को सुपरवाइजर और 4600 व 4800 ग्रेड पे वाले शिक्षकों को प्रगणक बनाया गया है, जो वरिष्ठता के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि ड्यूटी निर्धारण में वरिष्ठता का ध्यान रखा जाए और इस संबंध में स्पष्ट लिखित आदेश जारी किए जाएं। संगठनों ने बीएसए को ज्ञापन देकर वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

## कस्तूरबा के शिक्षकों को भी मिलेगा 17 हजार मानदेय

**अयोध्या, अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ाने वाले अंशकालिक शिक्षकों को भी जल्द 17,000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। समग्र शिक्षा 3.0 की उच्चस्तरीय बैठक के बाद अंशकालिक शिक्षकों के वेतन में वृद्धि का निर्णय किया गया है।इससे जिले के चार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के 500 से अधिक अंशकालिक शिक्षकों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में कस्तूरबा के अंशकालिक शिक्षकों को ईपीएफ काटकर प्रतिमाह 9961 रुपये मानदेय मिलते हैं। इनके वेतन का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र और 40 फीसदी राज्य सरकार देती हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंशकालिक शिक्षक संगठन के जिला महामंत्री अशोक मिश्रा ने इसे उपलब्धि बताया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि आदेश आने के बाद जिले में लागू किया जाएगा।



# 6429 ट्रांसफार्मरों से साढ़े पांच लाख लोगों को आपूर्ति

अयोध्या कार्यालय।

- आबादी के लिहाज से संसाधन की कमी बनी बिजली आपूर्ति में संकट क्षमता वृद्धि की कोई प्रगति नहीं
- पॉवर कॉर्पोरेशन हर साल गर्मी में साबित होता है नाकाम

**अमृत विचार :** जिले में करीब साढ़े पांच लाख बिजली उपभोक्ता हैं।जिन्हें 6,429 ट्रांसफार्मरों के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है।पारा चढ़ने के साथ ही बढ़ रही बिजली की खपत से आपूर्ति व्यवस्था में शामिल ये ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो चुके हैं। छोटे और बड़े ट्रांसफार्मर अपनी क्षमता से अधिक सप्लाई दे रहे हैं। इस वजह से ट्रिपिंग शुरू हो गई है। लोड और अधिक हुआ तो यह ट्रांसफार्मर फुंकेंगे और अलग-अलग इलाकों में बिजली संकट गहराएगा। पॉवर कॉर्पोरेशन के इंजीनियरों ने भी जगह-जगह रखें काफी ट्रांसफार्मरों को ओवरलोड माना है। घरों में एसी-कूलर, फ्रिज का इस्तेमाल बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर सीधा लोड पड़ रहा है।

जिले में 250 केवीए से लेकर 630 केवीए की क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों से घरों, दुकानों और फैक्ट्रियों समेत संस्थानों को बिजली दी जाती है। अधिकतर ट्रांसफार्मर 400 केवीए के हैं, जो ओवरलोड हो चुके हैं। ट्रांसफार्मर से निकलने वाले कुल करंट का 80 प्रतिशत तक पहुंचने पर वह ओवरलोड हो जाता है और मानकों के मुताबिक इसे बदल देना जरूरी हो जाता है। सेवानिवृत्त तकनीकि अभियंता महेश चौरसिया बताते हैं कि 630 केवीए के ट्रांसफार्मरों में अधिकतम करंट 838 एंपियर तक होता है और 80 प्रतिशत यानी 670 एंपियर तक करंट पहुंचने पर इसे बदल दिया जाना चाहिए, लेकिन ओवरलोड ऐसे ट्रांसफार्मरों में करंट का लोड 721 एंपियर तक पहुंच रहा है। इसी तरह 400 केवीए ट्रांसफार्मर में 425 एंपियर के बजाय लोड 635 एंपियर तक और 250 केवीए के ट्रांसफार्मरों में मानक लोड 266 एंपियर के बजाय 350 एंपियर तक पहुंच गया है। कहा कि इस वजह से बार-बार ट्रिपिंग और बिजली जाने की समस्या शुरू हो चुकी है। पीक टाइम खासकर रात में दिक्कतें बढ़ेंगी, जिससे घनी आबादी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ट्रांसफार्मरों के फुंकने पर बिजली घंटों गुल रहेगी तो बिजली के साथ पानी संकट की आशंका रहेगी।



> इस बार गर्मी अधिक हो रही इसलिए दिक्कत ज्यादा दिख रही है। ट्रांसफार्मरों की क्षमता और संख्या निरंतर बढ़ाई जा रही है। सामान्य आपूर्ति का सदैव प्रयास रहता है। **-बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।**

**संपत्ति कर वसूली** | नगर निगम ने गृहस्वामियों को दी 31 जुलाई तक कर जमा करने में छूट की पेशकश

# 42 हजार को एसएमएस, 10 फीसदी छूट का ऐलान

- छह हजार गृहस्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं 10 आरआई लगाए

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली को तेज करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। तीन दिन के भीतर 42 हजार गृहस्वामियों को एसएमएस भेजकर कर जमा कराने की अपील की है। इसके साथ ही चालू मांग (करंट ईयर) पर करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए 10 प्रतिशत छूट देने का ऐलान कर दिया है। हालांकि इस छूट से नगर निगम को कोई फायदा नहीं होने वाला, लेकिन करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह स्कीम लागू की गई है। छूट का लाभ 31 जुलाई तक ही उठाया जा सकता है।



नगर निगम के कर अनुभाग में अपना टैक्स जमा कराने पहुंचे लोग।

नगर निगम ने इस बार लक्ष्य की पूर्ति के लिए कर अनुभाग ने अभी से ही कर्मचारियों को लगा दिया है। नतीजतन पहले दिन शनिवार को ही 10 लाख रुपये के राजस्व जमा होने का अनुमान है। इस कार्य में 10 राजस्व निरीक्षकों को लगाया है, जिन गृहस्वामियों के पास मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं, उन्हें राजस्व निरीक्षक घर जाकर बिल पहुंचा रहे हैं। सभी को अभी 200-200 बिल दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम क्षेत्र में करीब 62 हजार कर दाता हैं। इनमें करीब छह हजार गृहस्वामियों के मोबाइल नंबर विभाग के रिकॉर्ड में अपडेट नहीं हैं। ऐसे में नगर निगम इनके लिए अलग रंग के बिल तैयार कर रहा है। इन गृहस्वामियों से अपील की जा रही है कि वे अपना मोबाइल नंबर जल्द से जल्द विभाग में अपडेट करा लें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं नगर निगम व्हाट्सएप के माध्यम से भी गृहस्वामियों को संपत्ति कर की डिटेल भेजने की तैयारी कर रहा है। इससे करदाताओं को घर बैठे बिल की जानकारी मिल सकेगी और ऑनलाइन भुगतान आसान होगा। अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से कर वसूली में पारदर्शिता बढ़ेगी और डिफॉल्टरों की संख्या कम होगी।

### नागरिकों से भुगतान करने का अनुरोध

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा संपत्ति कर से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल nnayodhya.in का सफल संचालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष के सभी संपत्ति कर बिल निर्गत किए जा रहे हैं। संबंधित राजस्व निरीक्षकों द्वारा उनका वितरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। सम्मानित नागरिकों से अनुरोध है कि निर्धारित समयावधि के भीतर पोर्टल पर जाकर अपना कर भुगतान सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एनएचआई का नाला

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : लखनऊ-गोरखपुर नेशनल हाई वे सोहावल चौराहा बाई पास के किनारे पानी की निकासी के लिए एनएचआई द्वारा बनवाया गया नाला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। नाले की पटरी के ढक्कन टूट जाने एवं सफाई न होने से दुकानों व घरों से निकलने वाला गंदा पानी बाईपास सड़क पर बह रहा है। इससे बच्चो व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। इस संबंध में जब मेटनेंस विभाग अधिकारी विनोद मिश्रा टोल प्लाजा से पूछा गया तो उन्होंने जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि फोटो भेज दो ठीक करवा दिया जाएगा।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। गो सम्मान अभियान के तहत गो संरक्षकों की टीम ने शनिवार को बीकापुर तहसील में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित गौ संरक्षण संबंधी ज्ञापन उप जिलाधिकारी श्रेया को सौंपा। इसमें गोवंश के उच्च संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस प्रयासों की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अभियान के प्रदेश प्रभारी प्रवीण दुबे, जिला संयोजक चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी महंत रमेश चंद्र शास्त्री, अमित तिवारी आदि शामिल रहे।

### तहसील परिसर में वाटर कूलर शुरू

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील परिसर में शनिवार को वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। विधायक रामचंद्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, एसडीएम संतोष कुमार व तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे।विधायक ने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों को अब स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी।अधिकारियों ने व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सिलेंडर के दामों में वृद्धि की आलोचना की

अयोध्या, अमृत विचार : भाकपा (माले) ने वाणिज्यिक और पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि की आलोचना की है और इसे महंगाई बढ़ाने वाला फैसला बताया है। पार्टी ने मूल्यवृद्धि को वापस लेने की मांग की है। जिला प्रभारी अतीक अहमद ने जारी बयान में कहा कि छोटे सिलिंडर भी गरीब परिवार और छात्र इस्तेमाल करते हैं। अब जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा सकता है।

### कैंप के माध्यम से होगा योग प्रशिक्षकों का चयन



अयोध्या, अमृत विचार : योग संस्थान ने देश भर के स्कूलों में योग को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। योग संस्थान के अध्यक्ष आशीष शुक्ला ने बताया कि भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट yogaayush.org.in पर पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित है। कहा कि जिलों में जागरूकता कार्यक्रम कर युवाओं को भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। चयन मेरिट व दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा।

### नौ महिलाएं हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली

बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार। सीएचसी बीकापुर में शनिवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ अंशुमान यादव के निर्देशन में 62 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। हीमोग्लोबिन, यूरिन एचआईवी, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य कई प्रकार की जांच के दौरान नौ महिलाएं हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली। डॉक्टर स्नेहा चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान ऐतिहात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी गई। बताया कि 15 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड की सलाह दी गई, हीमोग्लोबिन की कमी के चलते छह गर्भवती महिलाओं को भर्ती करआयरन सुक्रोज का ड्राफ्ट चढ़ाया गया। मौके पर अस्पताल की स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, सुनीता, निधि, बीपीएम सिरातुल बानो, बीसीपीएम दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# 57 शिकायतों के बाद भी नहीं हटा सरकारी जमीन से कब्जा

## तहसील में आयोजित समाधान दिवस में नहीं पहुंचे सीडीओ । कुल 296 शिकायतों में से मौके पर महज सात का ही निस्तारण

मिल्कीपुर, अयोध्या।



रुदौली तहसील सभागार में समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायत सुनते सीडीओ कृष्ण कुमार।

अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जब मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित नहीं हुए तो एसडीएम सुधीर कुमार, क्षेत्राधिकारी पियूष पाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 296 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से मौके पर महज सात का ही निस्तारण हो सका।

कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेंधा गांव निवासी मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत पालपुर की सरकारी भूमि (गाटा संख्या 1272) पर अवैध कब्जे की शिकायत वर्ष 2021 से अब तक 57 बार की है। शिकायत के अनुसार उक्त भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है। जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि होने के बाद लेखपाल द्वारा धारा 67 के तहत भरत लाल और केशव राम के खिलाफ बेदखली की संस्तुति भी की गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई केवल भरत लाल के खिलाफ हुई, जबकि केशव राम के विरुद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार को मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, गोयड़ी गांव निवासी अनुराग सिंह ने मनरेगा के तहत बनाए जा रहे पशुशेड में अनियमितता का मुद्दा उठाया। इस पर अधिकारियों ने तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत कुमारगंज निवासी राम बहादुर पाण्डेय के परिवार में चल रहे छह माह पुराने जमीनी विवाद का समाधान भी इसी मंच पर हुआ। थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल की पहल पर उनके तीनों पुत्र अजय, विजय और संजय के बीच आपसी सहमति बन गई, जिससे परिवार में सुलह का रास्ता निकला।

### रुदौली और बीकापुर में भी आईं शिकायतें

तहसील रुदौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, एसडीएम संतोष कुमार व सीओ आशीष निगम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं, बीकापुर तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह व एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी की मौजूदगी में 80 शिकायतें आईं। जिसमें 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। ज्यादातर मामले राजस्व और भूमि विवाद से संबंधित आए। एडीएम प्रशासन द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया गया।

### भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

मवई,अयोध्या। अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि क्षेत्र में आवारा पशुओं के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता न होने से बुवाई और फसल की देखभाल प्रभावित हो रही है। जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में रुदौली तहसील अध्यक्ष रवि शंकर पांडेय, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष रामू चंद्र विश्वकर्मा, मंडल सचिव भोला सिंह समेत अन्य पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## कारगिल तक साइकिल यात्रा पर निकले शिवम, पहुंचे अयोध्या



अयोध्या पहुंचने पर युवक का स्वागत करते हुए लोग।

अयोध्या, अमृत विचार : कारगिल शहीदों की स्मृति में 3000 किलोमीटर की ऐतिहासिक साइकिल यात्रा पर निकले शिवम पटेल शनिवार को अयोध्या पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने ने बताया कि अपने पैतृक गांव करौता जनपद महाराजगंज से यात्रा शुरू की है और कारगिल तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए केवल एक सफर नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प है। जो देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और कारगिल शहीदों के सम्मान को समर्पित है। बताया कि 1 नवंबर 2022 से 2023 तक 28,000 किलोमीटर की अखिल भारतीय साइकिल यात्रा पूरी कर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं।

# कई महापुरुषों की जन्मस्थली रहा है गुजरात : डॉ. प्रमाणिक

कुमारगंज, अयोध्या।



गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर फैशन शो के बाद ग्रुप में मौजूद प्रतिभागी छात्र एवं छात्राएं। अमृत विचार

- बोले कुलपति, कहा- उप्र की धरती पर गुजरात स्थापना दिवस मनाना दो संस्कृतियों का अद्भुत संगम

अमृत विचार : गुजरात कई महापुरुषों जैसे महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि की जन्मस्थली रहा है। हम आज उत्तर प्रदेश की धरती पर गुजरात स्थापना दिवस मना रहे हैं, जो दो संस्कृतियों का अद्भुत संगम है। गुजरात अपनी विषम परिस्थितियों के बाद भी आज सांस्कृतिक एवं तकनीकी रूप से बहुत अधिक विकसित है, जो अपने आप में एक मिसाल है। ये बातें शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहीं।

वह सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय सभागार में गुजरात के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार देर शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति व समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशक ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फैशन शो में विद्यार्थियों ने गुजरात की पारंपरिक वेशभूषा एवं हस्तशिल्प के जरिए गुजरात की संस्कृति एवं सभ्यता से सभी को अवगत कराया। छात्राओं ने गरबा, रास व नृत्य भी प्रस्तुत किये। डॉ. समीर द्वारा गुजरात के विकसित डेरी उद्योग पर एक वृत्त चित्र प्रस्तुत किया गया। अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. विभा परिहार ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### कृषि विवि ने टीबी मरीजों में बांटी पोषण पोटली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मिल्कीपुर में शनिवार को सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल के निर्देश एवं कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने कहा कि संतुलित आहार टीबी जैसे रोगों से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुपोषण टीबी जैसी बीमारियों की गंभीरता को बढ़ा सकता है, इसलिए उचित पोषण प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर सीएचसी मुख्य अधीक्षक डॉ. आनंद सिन्हा, डॉ. अंजना राय, डॉ. तृप्ति वर्मा, डॉ. मुक्ता सूर्य, डॉ. श्वेता सचान आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण इलाकों में चार नई पुलिस चौकियों की स्थापना, प्रभारी तैनात

अयोध्या कार्यालय।

- थाना इनायतनगर अंतर्गत अस्थाई नवीन चौकी कुचेरा बाजार, तरौली व थाना पूराकलंदर अंतर्गत कर्मा व सरियावां पुलिस चौकी बनीं

अमृत विचार : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के लिए जिले के ग्रामीण इलाकों में चार नई पुलिस चौकियों की स्थापना की है। इनमें थाना इनायतनगर अंतर्गत अस्थाई नवीन चौकी कुचेरा बाजार, तरौली तथा थाना पूराकलंदर अंतर्गत कर्मा व सरियावां चौकी बनाई गई है।

चौकी कुचेरा बाजार क्षेत्र अंतर्गत कुचेरा, मीठेगांव, सरायनामू, शेखनपुर हतवा, मदरिया, बरिया देई, पलिया जगमोहन सिंह, रसूलपुर, भदोखरा, अहिरौली सलोनी, गोठवाग सोधियांवा गांव आएंगे। जबकि चौकी तरौली क्षेत्र अंतर्गत मजनाई, गुरौली, बरिया निसारु, तरौली, रामपुर फकीरे, कुम्भी, शुकुलपुर, अलीपुर खजुरी, नेवली, अगरबा, सेवरा आदि गांव शामिल है। इसी तरह चौकी सरियावां क्षेत्र अंतर्गत बरवा, पोरा बेतौली, कन्दैला, कुरावा, सोफियापारा, महावा, रग्धूपुर, नजीरपुर, खडगपुर, उसरु अमौना, कादीपुर, बन्दीदासपुर, साखूपारा व चौकी कर्मा अंतर्गत मोदरा, गगौली, महेशपुर, अंजना, रामपुर सर्धा, शांतिपुर, भगवाभीट, पुरखेपुर, देवापुर, दुगौली, कुतुबपुर, लक्ष्मीदासपुर, करमा, खनुवाना आदि गांव आएंगे। एसएसपी ने बताया कि इन चौकियों के निर्माण से क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिलेगा। लोगों को पुलिस सहायता के लिए थानों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। बताया कि सभी चौकियों पर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अन्य स्टाफ भी तैनात किया जा रहा है।

### मेधावियों को विधायक ने किया सम्मानित



मवई, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील रुदौली के मवई ब्लॉक अंतर्गत गायत्रीनगर पटरंगा स्थित लाला राम कुमार इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक रामचन्द्र यादव ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में हाईस्कूल के अनुज गुप्ता, किशन, संजना, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, अंकित, प्रमोद, रिंकू यादव, अंकुल यादव व इंटर के सूरज यादव, वासी सानी, राकेश, विष्णु यादव कृष्ण कुमार आदि शामिल रहे। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल कर रहे हैं। यह परिणाम उनकी लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। प्रधानाचार्य डॉ. केके यादव, अध्यापक विजय शुक्ला, सुधाकर पांडेय, दीपचंद्र यादव, राम प्रेस यादव आदि मौजूद रहे।

# डकैती में आरोपी अधिवक्ता को मिली जमानत

अयोध्या, अमृत विचार : कुम्हारी मिट्टी खाते की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए संघर्ष करने वाले अधिवक्ता को डकैती के मुकदमे में फर्जी फंसा दिया गया। अधिवक्ता के साथ उसके साथियों को भी नामजद कर दिया गया। मामले में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने शनिवार को अधिवक्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

अधिवक्ता सूर्यभान वर्मा व रवि प्रकाश पाठक ने बताया कि घटना 23 फरवरी 2026 की है। रिपोर्ट अधिवक्ता उपेंद्र पाठक ने लिखाई थी। आरोप लगाया था कि राजस्व टीम द्वारा उनके घर के सामने मोहल्ला मझवा गद्दोपुर में जमीनों की नाप जोख कर रही थी। वो राजस्व कर्मियों से बातचीत कर ही रहे थे की विपक्षीगण प्रवीण दुबे निवासी बनवीरपुर, वैभव सिंह ,शिव बाबू यादव,संतोष यादव, रणधीर सिंह शैलेंद्र सिंह व 10-15 अज्ञात लोग गाली देते हुए जान से मार डालने की नीयत से उनके ऊपर हमलावर हो गए। अपने हाथ में लिए डंडे से मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार पर जब उनका ड्राइवर शिवम पांडे, सौरभ पाठक व धर्मेंद्र दुबे बीच बचाव करने पहुंचे तो विपक्षीगण ने उनके वाहन चालक पर भी हमला किया। शिव बाबू ने उनकी रिवॉल्वर छीन ली। मोहल्ले के काफी लोग इकट्ठा हो गए, जिसे देखकर सब लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जमानत अर्जी पर बचाव पक्ष का तर्क था की इस घटना के पहले भी एक रिपोर्ट हल्का लेखपाल सर्वेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई है, जिसमें केवल सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। पिस्टल छीने जाने का कोई आरोप नहीं है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के तथ्यों से डकैती का कोई मामला नहीं बनता, जिनके कब्जे से रिवॉल्वर बरामद की गई है उनकी जमानत हो चुकी है सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत कर दी मंजूर कर ली।



लता चौक पर श्रद्धालुओं को ओआरएस घोल वितरित करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

# श्रद्धालुओं के लिए ओआरएस घोल वितरण शुरू

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी के चलते होने वाले निर्जलीकरण व डायरिया जैसी बीमारी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम ने ओआरएस घोल वितरण का अभियान शुरू किया है। लता चौक पर शनिवार को आयोजित शिविर में श्रद्धालुओं को ओआरएस पैकेट एवं घोल का वितरण कर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने अभियान की शुरुआत की है।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शुरू किए गए शिविर में महापौर ने कहा कि नगर निगम न केवल सफाई और पेयजल व्यवस्था के लिए कटिबंध है, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की चिंता भी उसकी प्राथमिकता है। अभियान पूरे माह जारी रहेगा। पार्षद अनुज दास, रीशू पांडेय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा, भाजपा नेता आलोक द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विद्युतकर्मियों के साथ मारपीट, केस दर्ज

अयोध्या, अमृत विचार। विद्युतकर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में थाना पूराकलंदर पुलिस ने एक नामजद समेत 10-12 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। सहायक अभियंता दिव्यमब कुमार व अवर अभियंता अमरदीप श्रीवास्तव विद्युत उपकेंद्र नाका दुर्गापुरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे गंजा फीडर पर रिकंडक्टिंग कार्य पूर्ण होने के बाद शट डाउन वापस लेकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। इसके बाद ब्रेकडाउन होने के बाद विद्युत आपूर्ति पुनः बाधित हो गई। उसे बहाल करने का प्रयास किया जा रहा था। आरोप लगाया कि रात करीब 10 बजे अपने को पार्षद बताने वाला विकास कुमार निवासी कादीपुर अपने 10-12 साथियों के साथ विद्युत उपकेंद्र दुर्गापुरी नाका पर आया व उपद्रव मचाने लगा। उसने विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट भी की। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना



शिक्षा भवन में आयोजित धरने के दौरान डीआईओएस के प्रतिनिधि को ज्ञापन देते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) ने शनिवार को शिक्षा भवन पर धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे संरक्षक राकेश पांडेय ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा हक है और उसे अपने संघर्षों के बल पर लेकर ही रहेंगे। प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि समय की मांग है कि हम-सब एक होकर संघर्ष करें। धरने को जिला मंत्री आलोक तिवारी, पूर्व जिला मंत्री अशोक तिवारी , जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य सरोज द्विवेदी ,प्रधानाचार्य सुनील द्विवेदी आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रधानाचार्य व संघ के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# छात्रावास में गैस किल्लत के दौरान हरे पेड़ पर चला आरा

कुमारगंज, अयोध्या।

- विवि के संपत्ति अधिकारी के अलग-अलग बयान ने उलझाया

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रावासों के मेस में गैस की किल्लत का दावा करने वाले विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी का बयान जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के दावे पर सवालिया निशान लगा रहा है।

परिसर स्थित एक विशालकाय हरे-भरे आम के पेड़ को अवैध रूप से काटकर लकड़ी को बिना विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति के परिसर से बाहर किया जा रहा था। चर्चा है कि निदेशक शोध डॉ. शम्भू प्रसाद ने लकड़ी ले जा रहे वाहन को रोक लिया और पूछताछ शुरू की तो मामला कुछ और निकला था। फिर क्या था, इस गोरखधंधे में शामिल विश्वविद्यालय कर्मियों ने उक्त लकड़ी को हटा कर परिसर स्थित मछली उत्पादन तालाब संख्या एक से पांच के बगल डंप कर दिया था। इस बारे में विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉ. सीताराम मिश्रा ने कहा कि ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में ही नहीं है। वहीं डॉ. शंभू प्रसाद ने बताया कि मेरे द्वारा मामले की जांच की जा रही है, जबकि आज तक प्रकरण में जांच कमेटी ही नहीं गठित की गई है।

विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉ. सीताराम मिश्रा ने बताया कि हॉस्टल मेस में गैस की कमी के चलते कभी खिचड़ी, कभी रोटी-सब्जी एक ही टाइम बन पाता था। संभवतः गैस की समस्या के चलते लकड़ी भट्टी पर खाना बनाने की व्यवस्था के तहत लकड़ी काटी गई है, जबकि विश्वविद्यालय परिसर स्थिति इंडेन गैस गोदाम के प्रभारी डॉ. नवाज खान का कहना है कि विश्वविद्यालय में गैस की कमी आज तक हुई ही नहीं है और न ही हॉस्टल के मेस में भोजन निर्माण ही बाधित हुआ है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी नियोगी का कहना है कि गैस की समस्या अभी तक विश्वविद्यालय में नहीं आई है। हालांकि जब गैस की किल्लत शुरू हुई थी तब विश्वविद्यालय में मीटिंग के दौरान यह चर्चा हुई थी कि परिसर स्थित सूखे पेड़ों की लकड़ी को कटवा करके अग्रिम व्यवस्था हेतु रखवा दिया जाए, लेकिन विधिक प्रक्रिया के तहत सूखे पेड़ ही काटे जाएं।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# डीएम-एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

## कहा, समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से किया जाए फॉलोअप, शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज माह अप्रैल के प्रथम शनिवार को तहसील टांडा सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थित में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लोगों की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



टांडा तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया, एसपी प्राची सिंह व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुवायना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आंधी व तूफान से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत तारों, ट्रांसफार्मरों को अविलंब ठीक कराने तथा आंधी व तूफान से हुए नुकसान का नियमानुसार क्षतिपूर्ति के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर, गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यों के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का फॉलोअप नियमित रूप से किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को समाधान के प्रति पूर्ण संतुष्टि प्राप्त हो। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भी संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी, सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, उप जिलाधिकारी टांडा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

21 से अधिक श्रमिकों ने कराया पंजीकरण : तहसील टांडा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के निर्देश दिए तहसील टांडा परिसर में श्रम विभाग द्वारा लगाए गए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभ के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड पोर्टल पर 21 से अधिक श्रमिकों द्वारा पंजीकरण कराया गया। इसी प्रकार आधार नामांकन एवं संशोधन कैंप में 28 नागरिकों द्वारा नए आधार का पंजीयन आधार संशोधन कराया गया।

### पुरस्कार के लिए 15 जून तक आवेदन करें दिव्यांगजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न श्रेणी के ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' दिए जायेंगे। सूचना विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन-पत्र कार्यालय में 15 जून तक अनिवार्य रूप से जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अयोध्या को उपलब्ध करायें।

# सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपए मंजूर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- भाजपा नेता ने मंत्री का जताया आभार, अकबरपुर में पर्यटन विकास की नई संभावनाओं पर भी हुई चर्चा

**अमृत विचार।** भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से भेंट कर अकबरपुर के ऐतिहासिक अष्टखंभा के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत करने पर आभार जताया है।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से भेंट करते भाजपा नेता विवेक मौर्य।

भाजपा नेता विवेक मौर्य ने पर्यटन मंत्री से अकबरपुर में पर्यटन विकास की संभावनाओं और अन्य परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में पर्यटन विभाग द्वारा जनपद को और योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विवेक मौर्य ने बताया कि बीते 15 जुलाई को उन्होंने अखिल भारतीय राजभर संगठन के जिला अध्यक्ष रामकिशोर राजभर, जिला महासचिव रामनायक राजभर, लोरपुर सभासद अनिल राजभर व अन्य पदाधिकारियों के साथ मंत्री जयवीर सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर अष्टखंभा के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा था। इस पर मंत्री ने सहर्ष मंजूरी देते हुए हाल ही में इस परियोजना के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कार ने बाइक सवार मजदूरों को मारी टक्कर, दो घायल

**मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर से काम कर घर लौट रहे दो मजदूरों को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर भुवा गांव के पास की है। बता दें कि कन्नूपुर गांव निवासी देवराज और विवेक जलालपुर के एक टेंट हाउस में काम करते हैं। दोनों देर रात करीब 11 बजे काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों युवक सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लोक अदालत के प्रचार को निकाली साइकिल रैली

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए शनिवार को दीवानी कचेहरी अंबेडकरनगर से साइकिल रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आम जनमानस के बीच लोक अदालत के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



साइकिल रैली में शामिल न्यायिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं, पुलिस कर्मी और न्यायालय कर्मचारी, पीएलवी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य।

रैली में जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत पवन कुमार शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने स्वयं साइकिल चलाकर प्रतिभाग किया। इस दौरान जीआईसी अकबरपुर के छात्र-छात्राएं, पुलिसकर्मी, न्यायालय कर्मचारी, पीएलवी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने स्लोगन लिखी तख्तियां, पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को लोक अदालत की जानकारी दी। साथ ही बैंक के प्रचार वाहन ई-रिक्शा द्वारा ऑडियो क्लिप्स के जरिए भी लोगों को जागरूक किया। साइकिल रैली दीवानी कचेहरी के गेट नंबर 1 से शुरू होकर डॉ. अंबेडकर प्रतिमा कलेक्ट्रेट गेट, टांडा रोड, पटेल नगर तिराहा और बसखारी रोड सिविल लाइंस होते हुए गेट नंबर 3 पर समाप्त हुई। इसके अलावा ग्राम न्यायालय आलापुर, जलालपुर और भीटी में भी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और पीएलवी की उपस्थिति में साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के कई न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 7.54 करोड़ की टैक्स चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जीएसटी-एसआईटी, थाना सिधारी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्मों के जरिए जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अनुचित लाभ उठाकर करोड़ों रुपये की राजस्व हानि पहुंचाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पंजाब के गोबिंदगढ़ से लुधियाना निवासी विकास कुमार और फतेहगढ़ साहिब निवासी बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को 29 अप्रैल को न्यायालय फतेहगढ़ साहिब से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आजमगढ़ लाया गया है, जहां उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।



करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी के मामले का खुलासा करते एसपी ग्रामीण चिराग जैन।

वहीं इस पूरे मामले पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि यह मामला सात जुलाई 2025 को दर्ज किया गया था, जिसमें फर्जी कूटरचित फर्म बनाकर जीएसटी चोरी करने का आरोप सामने आया था। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात)/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विवेक त्रिपाठी व सीओ सिटी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने पंजाब के गोबिंदगढ़ से लुधियाना निवासी विकास कुमार और फतेहगढ़ साहिब बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को 29 अप्रैल को न्यायालय फतेहगढ़ साहिब से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आजमगढ़ लाया गया है, जहां उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने संगठित सिंडीकेट बनाकर पंकज इंटरप्राइजेज, भोलानाथ इंटरप्राइजेज, शिवम ट्रेडर्स और वीके इंटरप्राइजेज जैसी फर्जी फर्में तैयार की थीं। इन फर्मों के जरिए करीब 41.93 करोड़ रुपये की फर्जी आउटवर्ड सप्लाई दिखाकर 7.54 करोड़ रुपये के टैक्स क्रेडिट का अनुचित लाभ लिया गया, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि विकास कुमार ने फर्जी फर्म खोलने के लिए अपने दस्तावेज उपलब्ध कराए, जबकि बलजीत सिंह ने कई सिम कार्ड मुहैया कराकर नेटवर्क संचालन में सहयोग किया। उसके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कई फर्जी कंपनियों के संचालन में किया जा रहा था। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लिया है और गिरोह के अन्य भागे हुए सदस्यों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना सिधारी पुलिस और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 17 लाख लूटकांड में 7वां आरोपी गिरफ्तार, नकदी व मोबाइल बरामद

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बिडहर घाट पुल पर हुई 17 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट कांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पहले ही छह आरोपियों को जेल भेज चुकी पुलिस ने अब सातवें आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश पुत्र अमरनाथ, पकड़ी भोजपुर का निवासी है और थाना कोतवाली टांडा क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1,00,000 नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में बरामद रकम लूट की बताई जा रही है, जिसकी पुष्टि के लिए पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि आकाश घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। आखिरकार सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस का मानना है कि इस लूटकांड में शामिल गिरोह का नेटवर्क और भी बड़ा हो सकता है। ऐसे में आकाश की गिरफ्तारी फरार आरोपियों तक पहुंचने में अहम कड़ी साबित हो सकती है। वहीं बरामद मोबाइल फोन से कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, लूटी गई 17 लाख रुपये की पूरी रकम अभी तक बरामद नहीं हो सकी है। जहांगीरगंज पुलिस एक-एक कर आरोपियों को पकड़ रही है, लेकिन पूरी सफलता तभी मानी जाएगी जब सभी आरोपी गिरफ्तार हो जाएंगे और पूरी रकम बरामद कर ली जाएगी।

### संदिग्ध हालात में बाग के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर शव बाग के पास फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार सुबह युवक का शव मिलने की सूचना से इलाके में हडकंप मच गया। बता दें कि थाना क्षेत्र के जहनियां मछली गांव निवासी सूरज उपाध्याय 25 वर्ष पुत्र दिलीप उपाध्याय शुक्रवार की शाम घर से बाइक लेकर निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह उनका शव गांव से करीब 700 मीटर दूर एक बाग के पास खेत की मेड़ पर और मृतक की मोटरसाइकिल शव से करीब 150-200 मीटर दूरी पर मिली। मृतक युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए जाने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर नीतीश कुमार तिवारी, थाना सम्मनपुर पुलिस टीम और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की प्रगति का जायजा लेते हुए शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दो दिवसीय नदिया पार उर्स मेला मंगलवार से

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शहजादपुर-जौहरडीह मार्ग तमसा नदी के किनारे स्थित दरगाह बाबा सातो पीर में दो दिवसीय वार्षिक उर्स मेला कार्यक्रम पांच और छह मई को रात्रि नौ बजे से आयोजित होगा। डॉ. मुहम्मद आजम के संयोजन तथा समाजसेवी निजामुलहक, पूर्व सभासद ललित कुमार श्रीवास्तव, सभासद प्रिंस पाठक, डॉ. नूर वारसी, महमूदुल हसन, मोहम्मद ताहिर, अजमत वारसी, जमीरुल हसन आदि की देखरेख में आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। बता दें कि पहले दिन मंगलवार की रात्रि नौ बजे से अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन तथा दूसरे दिन बुधवार की रात्रि नौ बजे से कौव्वाली की महफिल सजेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकबरपुर चंद्र प्रकाश वर्मा होंगे। आसिम काकोरवी के संचालन में होने वाले मुशायरा व कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध शायर हाशिम फिरोजाबादी, शगुफ्ता अंजुम लखनऊ, शहजादा कलीम प्रतापगढ़ी, हिमांशी बाबरा मेरठ, सलमान जफर हरदोई, रुबीना अयाज लखनऊ, सना महमूदाबादी, बेलाल सहारनपुरी, वकार फराजी अमरोहा, अफजल इलाहाबादी, अली बाराबंकवी, सैयद फराज लखनऊ, हलचल टांडवी, मतलूब टांडवी, डॉ. आलोक पांडेय अकबरपुरी तथा स्थानीय शायर सैफ शहजादपुरी गजल, रचना व छंद से दर्शकों को आकर्षित करेंगे।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# दुष्कर्म के आरोपित दोषी को 20 वर्ष का कारावास

## अर्थदंड के 25 हजार रुपये बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश



संवाददाता सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वर्ष पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में शनिवार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दोषसिद्ध आरोपित स्वामीनाथ को जेल से तलब कर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए उसे 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है जिसकी सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है । बल्दीराय थाने के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गांव के ही आरोपित स्वामीनाथ के खिलाफ पीड़िता की मां ने 27 जनवरी 2025 को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने से करीब छह माह पूर्व आरोपित ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पेट में दर्द होने पर पीड़िता का इलाज कराने पर उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली थी। बाद में पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया था। केस की सुनवाई के दौरान आठ गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया। केस की सुनवाई के दौरान आरोपित का पीड़िता की बेटी से डीएनए टेस्ट कराया गया था। विशेष लोक अभियोजक सीएल दुबे बताते हैं कि डीएनए रिपोर्ट में दोषी स्वामीनाथ के बच्ची का जैविक पिता होने की पुष्टि हुई थी।

**गैर इरादतन हत्या के प्रयास के तीन आरोपी दोषी करार_ सुलतानपुरः** खेत में पानी भरने के विवाद में फावड़े से गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने वाले पिता - पुत्र समेत तीन आरोपी कोर्ट में दोषी करार दिए गए हैं। न्यायाधीश संध्या चौधरी की कोर्ट दोषियों को सोमवार को सजा सुनाएगी। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर डींगुर में धान की रोपाई के लिए पंपिंग सेट से खेत में पानी भरने के विवाद में 27 जुलाई 2013 को राम अचल मौर्य, जितेंद्र और महेंद्र पर फावड़े और लाठी डंडे से हमला कर गैर इरादतन हत्या का प्रयास किया गया था। शासकीय अधिवक्ता पवन दूबे ने बताया कि वादी वंशराज मौर्य ने गांव के रमेश पुत्र चुन्नी, उसके पुत्र जितेंद्र तथा पट्टीदार लल्लू पुत्र श्यामलाल पर मुकदमा दर्ज कराया था। साक्ष्य और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने तीनों को दोषी मानते हुए शनिवार को जेल भेज दिया। जिन्हें सोमवार को जेल से तलब कर सजा सुनाई जाएगी।

### दो महिलाओं की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र में 21 दिन पूर्व विवाहिता सरिता की गैर इरादतन हत्या में जेल में निरुद्ध दो महिला आरोपितों की जमानत अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। अभियोजन की ओर से एडीजीसी पवन कुमार दुबे ने बताया सरिता की शादी के 12 वर्ष हुए थे जिसे ससुराल वाले पति पप्पू, ससुर सीताराम, ननद रेनू , शिल्पी , वर्षा व जेठानी की पत्नी उसे बीती 8 अप्रैल को मारे पीटे थे । बाद में 9 अप्रैल को उसकी मौत हो गई थी। जेल में निरुद्ध आरोपित ननद रेनू व शिल्पी की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने दोनो की जमानत खारिज कर दी।

### गुंगवाछ हत्याकांड कांड में विवेचक की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में शनिवार को सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल की अदालत में विवेचक उमाकांत शुक्ल की गवाही दर्ज हुई। कोर्ट ने जिरह को 16 मई की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी।



पोस्टर में माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### बच्चों को टीबी मुक्त के प्रति किया गया जागरूकता

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने को चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बल्दीराय स्थित शंकराचार्य इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी। सीएचसी बल्दीराय से आए वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक आशीष शुक्ला एवं डॉ. शशि प्रकाश सिंह ने बताया टीवी एक संक्रामक बीमारी है लेकिन समय पर जांच और सही इलाज से इसे ठीक किया जा सकता है। लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा टीबी के मरीजों को निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा दी जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में वॉयस सैंपल की मांग खारिज, बहस 11 को

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा मामला

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने अहम आदेश देते हुए वॉयस सैंपल लेने की मांग खारिज कर दी है। यह मामला केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। शनिवार को मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने परिवादी की अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुनाते हुए वॉयस सैंपल की मांग को अस्वीकार कर दिया। साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 11 मई की तिथि नियत करते हुए बहस एवं बचाव पक्ष को जमानतनामे दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने दलील दी कि कथित ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच के लिए वॉयस सैंपल आवश्यक है। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने इसे कानूनी रूप से अनुचित बताते हुए अर्जी का विरोध किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा था जिस पर शनिवार को फैसला सुनाते हुए परिवादी की मांग को खारिज कर दिया। यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान की गई कथित टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी पूर्व में अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। वॉयस सैंपल की अर्जी खारिज होने पर परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि आदेश की प्रति प्राप्त होने के बाद उसका अध्ययन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



मेधावियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

### प्रतिभा अलंकरण समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान

**कादीपुर, सुलतानपुर :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, झारखंड में आयोजित प्रतिभा अलंकरण समारोह में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार सिंह ने कहा कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह ने परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने कहा विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण का पवित्र स्थल है। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक झांकियों, नृत्य, सरस्वती वंदना व नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से विविधता में एकता का संदेश दिया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आदित्य भूषण पांडे, प्रत्युषा मिश्रा, शताक्षी, ओजस्वी यादव, ईशा, अन्या सिंह, वैष्णवी सिंह, खुशी त्रिपाठी व आदित्य सिंह सहित कई छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, सीओ विनय गौतम समेत शिक्षक, अभिभावक लोग मौजूद रहे।

### मासिक टीकाकरण शिविर आयोजित

**भदैयां, सुलतानपुर :** ब्लॉक क्षेत्र के गौरा सहित आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों पर मई के पहले शनिवार को मासिक टीकाकरण शिविर आयोजित हुआ। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं व किशोरियों का टीकाकरण किया गया। गौरा ग्रापं में यह शिविर एनएम ममता यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान पोषण पखवाड़ा भी मनाया गया जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक करना था। शिविर में पांच लाभार्थियों को टीके लगाए गए। जिनमें बच्चे व किशोरियां शामिल रहीं। एनएम ममता यादव ने अपील की कि वे 14 वर्ष तक की किशोरियों का समय से टीकाकरण अवश्य कराएं। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री कुसुम पाण्डेय, आशा बहू व ग्रामीण मौजूद रहे।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना




धरने को संबोधित करते जिलामंत्री अरुण सिंह। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माशिसं के बैनर तले डीआईओएस कार्यालय पर एक दिवसीय धरना आयोजित हुआ। प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर हुए प्रदर्शन में शिक्षकों ने 6 सूत्रीय एवं 16 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने में पुरानी पेंशन बहाली, धारा 21 व 18 की पुनर्बहाली, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, अवरुद्ध वेतन भुगतान और समान कार्य जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। जिलामंत्री अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं ऐसे में समय से वेतन मिलना उनका अधिकार है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष व मंत्री ने मांगों का ज्ञापन डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह को सौंपा। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रदेशीय मांगें शासन को भेजी जाएंगी।

### 19 साल बाद ज्येष्ठ में पुरुषोत्तम मास

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास में 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास का दुर्लभ संयोग बना है, जो 19 साल बाद आया है। पंडित कृष्णकांत मालवीय के अनुसार यह मास भगवान विष्णु को समर्पित है और जप, तप, दान व साधना का विशेष महत्व है, जिसमें किए गए पुण्य कार्यों का फल कई गुना अधिक मिलता है। इस दौरान विष्णु-पूजा, श्रीमद् भागवत पाठ, दीपदान, सात्विक जीवन, ब्रह्मचर्य व आत्मचिंतन शुभ माना गया है। गर्मी में जल, अन्न, छाता व पंखा दान पुण्यदायी बताया गया है। विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं।

### एलआईयू इंस्पेक्टर का आत्महत्या का प्रयास

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में एलआईयू इंस्पेक्टर नितिन भारती द्वारा आत्महत्या के प्रयास से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। घटना कोतवाली नगर स्थित पुलिस लाइन आवास की है जहां पारिवारिक विवाद के चलते इंस्पेक्टर ने कमरे में बंद होकर पंखे से चादर के सहारे फांसी लगाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी, जो अयोध्या में कार्यरत हैं, के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। कमरे से आ रही आवाज और संदिग्ध स्थिति को देख आसपास के लोगों और परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और उन्हें नीचे उतारकर बचा लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दोनों पक्षों को समझाकर मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेजने की सलाह दी गई है। सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर पर किसी अन्य महिला से संबंध होने के आरोप भी लगे हैं। सीओ नगर सौरभ सामंत ने बताया कि फिलहाल मामला शांत है और दोनों पक्षों को कानूनी व पारिवारिक परामर्श के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

### सहायक अध्यापक दूसरी महिला संग फरार

**सुलतानपुर,अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र में एक सहायक अध्यापक के खिलाफ पत्नी को छोड़कर दूसरी महिला संग फरार होने का मामला सामने आया है। पत्नी की शिकायत पर एसपी के निर्देश के बाद महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। बल्दीराय के ग्राम डीह निवासी निर्मला देवी ने तहरीर देकर बताया कि उनका विवाह अनंत प्रकाश से हुआ था जो प्रावि 'पूरे नेमा अरवल' में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उनके पति का व्यवहार बदल गया और वह अक्सर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। महिला के अनुसार, 17 अप्रैल को अनंत प्रकाश गांव की ही एक महिला को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गए। घटना के बाद से उनका कोई पता नहीं है और न ही उन्होंने परिवार से संपर्क किया है। निर्मला देवी ने दावा किया कि उनके पास पति व संबंधित महिला के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं जिन्हें उन्होंने सुरक्षित रखा है। उनका कहना है घटना से उन्हें मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**भदैंया, सुलतानपुर :** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के हरिहरपुर नहर पुल के पास शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में खड़ुआन गांव निवासी 37 वर्षीय बृजलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी प्रिंस गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल प्रिंस को स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी लंभुआ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि दोनों लंभुआ बाजार से अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी चंद्रभान वर्मा ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हादसे में दरोगा परिवार समेत हुए घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब प्रयागराज में तैनात उप निरीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय की स्कॉर्पियों का अचानक टायर फट गया। हादसा बल्दीराय थाना क्षेत्र के 105 माइल स्टोन के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार वाहन का अगला टायर फटते ही गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराई। बताया जा रहा है कि उप निरीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन में सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से कुमारगंज स्थित अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन यूपीडा टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर हलियापुर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया और जल्द ही यातायात सुचारू करा दिया।



दरोगा की क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो।

### ट्रक की टक्कर से झारखंड के पांच श्रद्धालु गंभीर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के कमनगढ़ गांव के पास अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार रात सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार आठ लोगों में से पांच गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन को मामूली चोटें आईं। बताया जा रहा है कि सभी लोग अयोध्या से दर्शन कर वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कमनगढ़ गांव के पास पहुंची, पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान राहुल कुमार तिवारी (38), कललिंदा देवी (59), नेहा कुमारी (35), सत्यनारायण तिवारी (62) और चालक विकास (35) के रूप में हुई है। सभी झारखंड के पलामू जिले के पंडवा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। वहीं, देहात कोतवाली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अत्याधुनिक कैंसर सेंटर में किफायती दरों में होगा इलाज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के संजय गांधी हॉस्पिटल में स्थापित लीनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट का कैंसर केंद्र क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरा है। यह केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ कैंसर के इलाज की समग्र व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है, जिससे अब मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शनिवार को जिले के एक निजी होटल में प्रेसवार्ता के दौरान केंद्र के सीईओ एवं निदेशक डॉ. विनीत नाकरा ने बताया कि देश में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, खासकर उत्तर प्रदेश में स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ उपचार सेवाएं उपलब्ध कराना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि अमेठी में स्थापित यह केंद्र क्षेत्र का पहला रेडिएशन थेरेपी केंद्र है, जहां अब तक अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली और अयोध्या सहित आसपास के जिलों के कई मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है। यहां कीमोथेरेपी, सर्जरी और आधुनिक रेडिएशन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।केंद्र में दिल्ली और लखनऊ के अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों की टीम सेवाएं दे रही है। साथ ही, आयुष्मान भारत और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पात्र मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत मिल रही है। प्रबंधन का कहना है कि भविष्य में ऐसे और केंद्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी स्थापित किए जाएंगे, जहां अभी कैंसर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यह पहल क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।



जानकारी देते लीनस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. विनीत नाकरा।

### 15 लाख देकर कराया एग्रीमेंट विपक्षियों ने बेच दी जमीन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शाहगंज चौराहा स्थित बाल मुकुन्द रोड निवासी 53 वर्षीय सुनील कुमार गुप्ता ने जमीन खरीद-फरोख्त के मामले में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी, कूटरचना और साजिश का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए कोतवाली नगर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व. शिव प्रसाद गुप्ता निवासी शाहगंज चौराहा के अनुसार उन्होंने वर्ष 2019 में खाता संख्या 634 की लगभग 6760 वर्गफुट भूमि का एग्रीमेंट 15 लाख रुपये में किया था। आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद विपक्षियों ने धोखाधड़ी करते हुए उसी जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। इस मामले में आरोपी के रूप में शिवम जायसवाल ,पुष्कर जायसवाल अमीर चन्द्र वर्मा निवासी हैदरगढ़ बाराबंकी व साफिया बेगम पत्नी स्व. अयूब तथा वसीम पुत्र स्व. अयूब निवासी नबीपुर, लोहरामऊ रोड कोतवाली नगर को नामजद किया गया है। आरोप है कि जब वह निर्माण कार्य के लिए जमीन पर पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि जमीन का बैनामा पहले ही शिवम जायसवाल के नाम हो चुका है। विरोध करने पर आरोपियों ने पैसे वापस करने का आश्वासन दिया और 6 लाख रुपये का चेक भी दिया, जिससे उन्हें भरोसा हो गया। लेकिन बाद में शेष रकम देने में टालमटोल की गई।

**संपूर्ण समाधान दिवस** | लम्भुआ तहसील में डीएम और एसपी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

# 245 शिकायतों में 55 का मौके पर निस्तारण

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में लम्भुआ तहसील में जिला अधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और कुल 245 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 55 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद डीएम व एसपी। अमृत विचार

शिकायतों के विभागवार आंकड़ों पर नजर डालें तो राजस्व विभाग की सर्वाधिक 98 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि पुलिस विभाग से जुड़ी 52 शिकायतें सामने आईं। विकास विभाग की 9 और अन्य विभागों की 31 शिकायतें दर्ज की गईं। खास बात यह रही कि समाज कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। डीएम इंद्रजीत सिंह ने राजस्व विभाग की अधिक शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मातहतों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में स्थलीय निरीक्षण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि समस्याओं का वास्तविक समाधान हो सके। अधिकारियों ने कहा जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा पूर्व नाम चंद्रभान था। अब चंद्रभान सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह नि. ग्रा. पूरे अमान सिंह म. जलालपुर पो .लोधवामऊ पर. तह.सदर रायबरेली हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**जॉब चाहिए**
वरिष्ठ व्यक्ति को समय के उपयोग एवं सार्थक जीवन हेतु कोई सम्मानजनक कार्य , कुर्सी रोड या निकट चाहिए। संपर्क करें, मो0– 7897605306

**सूचना**
मैने अपना नाम SHIYAM से बदलकर SHYAM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM CHANDAR ADD-VILL SULTANA SIKANDAR BOJHI UDAIPUR DIST-BALRAMPUR-271207 (U.P.)

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN से बदल कर MO SUFIYAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MANJAR ALI ADD: VILLAGE- ARRO, POST- NAUDHIYA, PRATAPGARH

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2249642210 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रार्थी शादाब खान पुत्र मुस्ताक खान निवासी गेंधरिया पोस्ट बीरपुर भोज जिला बहराइच उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम PANKAJ KUMAR से PANKAJ KUMAR SRIVASTAVA कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। PANKAJ KUMAR SRIVASTAVA 10/62-BAHAR-B, SAHARA STATE JANKIPURAM LUCKNOW

**आवश्यकता**
पी0आर0 मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पता–नूरपुर बेहटा, किसान पथ, मल्हौर, लखनऊ में बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 05 असि0 प्रो0, प्राचार्य–1 एवं बी0ए0 हेतु (अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, साइकोलाजी) प्रत्येक विषय में एक–एक असि0प्रो0 की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें। मो0– 9076710004, 9076710002। नोट–योग्यता व वेतनमान यू0जी0सी0/ ल0वि0वि0 के अनुसार।

**सूचना**
पहले मेरा नाम FARZANA था अब मैंने बदलकर अपना नाम FARZANA BANO रख लिया है अब भविष्य में मुझे FARZANA BANO के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MOHD MOIN R/O- 132, KUMHARAN TOLA NIKAT SHIV MANDIR, SITAPUR ROAD, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि गुलफुला व परवीन बानो पत्नी सलाहुद्दीन ग्राम तारापुर दाखिला खैरा बाजार विकास खण्ड तेजवापुर, थाना बौण्डी, तहसील महसी व जिला बहराइच दोनों एक ही महिला के नाम हैं। दोनों को एक ही नाम से जाना–पहचाना जाए। **परवीन बानो पत्नी सलाहुद्दीन निवासी तारापुर खैरा बाजार, बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम VEENA SINDHI था जिसे बदलकर VEENA DEVI रख लिया अब मुझे VEENA DEVI के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- JAIDEV PRASAD SINDHI, ADD-FARISH KHANA GHAS MANDI DIST-BALRAMPUR-271201 (U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम ARIF ZULFA BANO था अब मैंने बदलकर अपना नाम JULFA BANO रख लिया है अब भविष्य में मुझे JULFA BANO के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MOHAMMAD ZEESHAN R/O- 217/100KA, IMAMBARA AGHA BAQAR CHOWK SABZI MANDI, LUCKNOW

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from AREEJ MUJEEB KHALID to AREEJ MUJEEB SAJID. In the future, I shall be known and recognized by the AREEJ MUJEEB SAJID. AREEJ MUJEEB SAJID D/O MUJEEB KHALID Address: H.No.-602/744-1, BEGARIYA KHEDA, POST-CHOWK, LUCKNOW, UP. Pin-226003.
**Note: OLD NAME : AREEJ MUJEEB KHALID**
**NEW/CHANGED NAME : AREEJ MUJEEB SAJID**

**सूचना**
मैं MOHAMMAD AFAQ ANWAR पुत्र अनवर अली, निवासी–40/66, फ्लैट नं0 202, सलमा रेसिडेंसी, नया चौक, परेड, कानपुर नगर, सबको सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री असरा फातिमा के पासपोर्ट पर पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ अंकित है, जो कि गलत है, सही नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR है, जो मेरे और मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में अंकित है। अतः आज से मेरी पुत्री के पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR ही माना समझा, और पढ़ा जाये।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं0 629505935423 में गलती से मेरे पिता का नाम बृजलाल अंकित है जबकि मेरे पिता का नाम गिरिजा है अतः मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम गिरिजा अंकित किया जाए। **धर्मराज नि0– सी 41/89 जनता कैंप टी हट्स मथुरा रोड नई दिल्ली जीपीओ सेंट्रल दिल्ली** 110001

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2013 रोल नंबर 2740021 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2015 रोल नंबर 1781281 कही गुम हो गई है जिस भी व्यक्ति को मिले निम्नलिखित पते पर सूचित करें। **भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी पुत्र सत्यनारायण त्रिपाठी, निवासी– विशम्भरपुर जलालपुर बहराइच** 271881

# बेकाबू डंपर ने बाइक में मारी टक्कर छात्र की मौत, साथी की हालत गंभीर

## धानेपुर क्षेत्र के कोयरीपुर गांव के समीप हुई दुर्घटना, परिजनों में मचा कोहराम

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** शनिवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार छात्रों को कुचल डाला। इस हादसे में एक आठवीं के छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम पंचायत दत्तनगर के मजरा मंगरेपुरवा निवासी 14 वर्षीय कुलदीप वर्मा अपने साथी अभय के साथ मोटरसाइकिल से कोयरीपुर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गया था। दोनों पेट्रोल डलवाकर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में कुछ ही दूरी तय की थी कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों छात्र सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। दोनों को आनन-फानन में एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही कुलदीप ने दम तोड़ दिया। वहीं अभय का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मृतक कुलदीप गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र था। वह पढ़ाई में होनहार माना जाता था। उसकी असमय मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### हादसे ने बुझा दिया घर का चिराग


कुलदीप फाइल फोटो

**धानेपुर, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि कुलदीप अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी बड़ी बहन अंजनी की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहन काजल अविवाहित है। पिता बलराम मजदूरी करते हैं। कुलदीप की मौत से घर का चिराग बुझ गया है। जैसे खबर घर पहुंची, मां और दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा घायल


महेश फाइल फोटो

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार देर शाम गोंडा-बहराइच मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इटियाथोक थाना क्षेत्र के सोनापार गांव निवासी महेश कुमार चौरसिया (28) शुक्रवार सुबह अपनी स्कूटी से पत्नी सीमा को तिलक समारोह में शामिल कराने दुबहा बाजार गया था। देर रात वह अकेले घर लौट रहा था। इसी दौरान कौड़िया के भवनियापुर तिराहे के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार कस्बा आर्य नगर निवासी शिवम चौरसिया (18) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। आर्य नगर चौकी प्रभारी राजीव कुमार कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को एंबुलेंस से बाबू ईश्वर शरण सिंह चिकित्सालय भिजवाया। अस्पताल में इलाज के दौरान महेश चौरसिया की मौत हो गई, जबकि शिवम चौरसिया का इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# तीन दिन में दो मौतें: पिता के बाद बेटे की भी हादसे में मौत

**पसरा मातम**

बालपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** दो दिन पहले सड़क दुर्घटना में पिता की मौत से परिवार के लोग उबर तक नहीं पाए थे कि आज बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पिता के चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई थी और बेटा भी चल बसा।


रामजी दूबे (फाइल फोटो)

शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे परसा गोण्डरी के छोटीपुरवा गांव निवासी रामजी दूबे (25) अपने घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान गोंडा-लखनऊ हाईवे की ओर से मैजापुर कि तरफ जा रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से रामजी दूबे सड़क पर गिर गए और मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक और वाहन को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि महज तीन दिन पहले ही रामजी दूबे के पिता हृदय नारायण दूबे की भी गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

तीन दिन में लगातार दो हादसों में पिता और पुत्र की मौत से परिवार पूरी तरह सदमे में है। भगवान प्रसाद, राम जी, श्याम नरायन, राम बहादुर, मनीष ये पांच भाई थे। बताया जा रहा है कि राम जी दूबे की नवम्बर महीने मे शादी तय थी।

### पासिंग आउट परेड में गोंडा के सहायक कमांडेंट सम्मानित


सहायक कमांडेंट को सम्मानित करते सीआरपीएफ के अधिकारी।

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी उत्तम त्रिपाठी ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल में सहायक कमांडेंट के रूप में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हरियाणा स्थित सीआरपीएफ अकादमी, कादरपुर में आयोजित पासिंग आउट परेड में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशेष पहचान बनाई। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उत्तम त्रिपाठी को उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता के लिए बेस्ट इन पब्लिक स्पीकिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा फायरिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी पेशेवर दक्षता का भी परिचय दिया। उत्तम त्रिपाठी ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की। छात्र जीवन के दौरान वे सक्रिय छात्र राजनीति से जुड़े रहे और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को मुखरता से उठाते रहे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उनकी पहली तैनाती कश्मीर ऑपरेशन्स सेक्टर में की गई है, जहां वे राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### जिले की दो छात्राओं ने विधानसभा में दी प्रस्तुति

**बभनान, गोंडा, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान की दो प्रतिभावान छात्राएं आराध्या मिश्रा एवं मानसी कैलाशनाथ पाण्डेय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 विषय पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने महाविद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। यह प्रस्तुति राष्ट्र निर्माण, आर्थिक विकास तथा युवा सहभागिता के प्रति उनकी जागरूकता एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र शुक्ला ने छात्रा आराध्या मिश्रा को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण


जेल का निरीक्षण कर निकलते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात की, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बन्दियों वार्ता की, उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील नहीं है तो बता दीजिए वकील की व्यवस्था करा दी जायेगी।

# कोर्ट के आदेश पर जालसाजी से जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** जमीन हड़पने और जालसाजी के एक मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

मामला थाना खोड़ारे क्षेत्र के ग्राम बस्ती खास निवासी 60 वर्षीय जैतुन निशा से जुड़ा है। पीड़िता ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनके रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा निवासी रामपुर ग्रिन्ट, थाना सादुल्लानगर ने विश्वास का फायदा उठाकर उनकी संपत्ति हड़प ली। बताया गया कि पति की मौत के बाद जैतुन निशा वरासत संबंधी कार्यों के लिए अक्सर आरोपी के साथ मनकापुर आती-जाती थीं। इसी दौरान आरोपी ने दुकान खोलने के नाम पर बस्ती खास में जमीन खरीदने की बात कही और भुगतान बाद में करने का भरोसा दिलाया। वर्ष 2023 को उपनिबंधक कार्यालय मनकापुर में आरोपी ने कूटरचना कर तीन गाटा की जमीन अपने नाम फर्जी दान-पत्रों के माध्यम से दर्ज करा ली, जबकि पीड़िता को पूरी धनराशि नहीं दी गई। पीड़िता के अनुसार, जब बीते वर्ष दो फरबरी को उन्होंने दान-पत्र निरस्त कराने की बात कही तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थक हार कर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लिया जिसमें आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने का आदेश किया गया। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# नहर में मिला अधेड़ का शव

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** अधेड़ व्यक्ति का शव सरयू नहर में उतराता मिला। उसकी पहचान जेब से मिले आधार कार्ड से हुई।

क्षेत्र के मरौटिया गांव के खत्रीपुरवा के पास सरयू नहर में बहराइच के थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत सुजानडीह गांव निवासी राम छबीले गौतम (56) का शव मिला। राम छबीले की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से पुलिस ने की। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह शनिवार सुबह घर से शौच के लिए निकला था, जिसका शव सरयू नहर से पानी में बहते हुए थाना क्षेत्र में पहुंच गया। माना जा रहा है कि शौच के दौरान उसका पैर नहर में फिसल गया और डूब कर उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस जांच में जुटी है। ग्रामीणों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डीएम ने सदर तहसील में की जनसुनवाई

**समाधान दिवस**

- जन शिकायतों के निस्तारण की कमिश्नर ने देखी हकीकत

संवाददाता गोंडा


करनैलगंज में जन सुनवाई करती कमिश्नर व एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। गोंडा सदर तहसील में डीएम प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सुनवाई की। इस दौर 128 शिकायतें मिलीं जिसमें पांच का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस की हकीकत देखने के लिए कमिश्नर दुर्गा शक्ति नागपाल करनैलगंज पहुंचीं और सुनवाई कर रही एसडीएम नेहा मिश्रा के साथ लोगों की समस्याओं को सुना।

उन्होंने कई मामलों की सुनवाई और उसके निस्तारण करने की शैली पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराने का कार्य करें। तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही राशन कार्ड बनवा कर लाभार्थियों को वितरण किया।

### शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए शिक्षकों से वर्तमान शैक्षिक सत्र में नवीन नामांकन को प्रेरणा पोर्टल पर समय से अपलोड करने तथा प्रोन्नत सभी छात्रों का सत्यापन सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राम खेलावन सिंह तथा जनपद में पूर्व में कार्यरत रहे खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश मौर्य भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में जनपदीय कोषाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह, बलजीत कुमार वर्मा, मोहित कुमार द्विवेदी, स्वामीनाथ उपाध्याय, शिवचंद वर्मा, राजकुमार, जनक राम वर्मा, तौफीक अहमद अंसारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# अचानक तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में इलाज के दौरान गुड़ियादेवी (35) की मौत हो गई।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव निवासी गुड़िया देवी, जिनकी शादी नगवा कला में हुई थी, अपने मायके में मांगलिक कार्यक्रम में आई थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सीएचसी कटरा बाजार लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि विश्राम सागर गोस्वामी के अनुसार, गुड़िया देवी के पति गैर प्रांत में रहकर मजदूरी करते हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. इंदु राणा ने बताया कि महिला जब अस्पताल लाई गई, तब उसका ब्लड प्रेशर अधिक था। दवा देने के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ और जिला चिकित्सालय रेफर करने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

# शॉर्ट सर्किट से बेलसर डाकघर की सेवाएं एक सप्ताह से ठप

**उपभोक्ता परेशान**

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** स्थानीय उप डाकघर में शॉर्ट सर्किट के चलते बिजली उपकरण जल जाने से बैंकिंग समेत कई महत्वपूर्ण सेवाएं करीब एक सप्ताह से ठप हैं। तकनीकी खराबी के कारण डाकघर का कामकाज बाधित होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने जरूरी कार्यों के लिए डाकघर पहुंच रहे हैं, लेकिन सिस्टम बंद होने के कारण उन्हें लौटना पड़ रहा है। उप पोस्ट मास्टर शेखर सत्यार्थी ने बताया कि अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से डाकघर में लगे कंप्यूटर सिस्टम और अन्य विद्युत उपकरण जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे बचत खातों से लेन-देन, रजिस्ट्री, आधार अपडेट और अन्य ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। डाकघर में सेवाएं ठप होने से सबसे ज्यादा परेशानी उन उपभोक्ताओं को हो रही है, जिन्हें पैसे जमा करने, निकासी करने या जरूरी दस्तावेज भेजने हैं। कई उपभोक्ता लगातार डाकघर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन तकनीकी खराबी दूर न होने से उनका काम नहीं हो पा रहा है। बचत खातों में जमा व निकासी कार्य बंद है। रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट सेवा प्रभावित, आधार कार्ड अपडेट कार्य ठप , अन्य ऑनलाइन डाक सेवाएं बाधित है। उप पोस्ट मास्टर ने बताया कि घटना की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को लिखित रूप से दे दी गई है। क्षतिग्रस्त उपकरणों के प्रतिस्थापन और मरम्मत की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्या का समाधान होते ही सेवाएं पुनः सुचारु कर दी जाएंगी, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# किशोरी लापता, युवक पर अपहरण की प्राथमिकी

**उनवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** घर से नाबालिग किशोरी लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि गुरुवार सुबह वह घर से बाहर गया हुआ था। घर पर उसकी मूक-बधिर पत्नी और बेटी मौजूद थीं। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो बेटी घर में नहीं मिली। आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में मालूम हुआ कि बहराइच निवासी इम्तियाज नामक युवक उनकी बेटी को शादी की नीयत से अपने साथ ले गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम गठित कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार:** अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर शनिवार को बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जुलूस कलेक्ट्रेट परिसर से होकर दीवानी कचहरी परिसर पहुंचा, जहां अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी तथा सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय एवं सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री गोपी शंकर चतुर्वेदी ने किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं पर द्वेषपूर्ण भावना से मुकदमा थाना कोतवाली नगर में दर्ज कराया गया है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं के खिलाफ राजनीतिक द्वेषवश की गई कार्रवाई न्याय व्यवस्था की गरिमा के विपरीत है और इससे अधिवक्ताओं का सामाजिक, आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। अधिवक्ताओं ने पूर्ण रूप से सामूहिक अवकाश रखते हुए मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मुकदमा को अविलंब वापस लिया जाए। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, राम बुझा रथ द्विवेदी, संगम लाल सिंह, मनोज कुमार मिश्र, संत बख्श मिश्र, दीनानाथ उपाध्याय, मृत्युंजय शुक्ल, मो. जकी, अजय विक्रम सिंह, अनुभव उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। एंटी रोमियो स्क्वॉड टीमों एवं महिला पुलिसकर्मियों ने मंदिरों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारियां दीं। श्रद्धालुओं एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा पुलिस सहायता सेवाओं के बारे में बताया गया। महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बरतने के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्याएं भी सुनीं और उन्हें सुरक्षित आवागमन के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों को चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के लिए पुलिस हर समय तत्पर है। अभियान के दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर तत्काल संपर्क करें।

# प्रशिक्षु व संविदा कर्मचारियों को हटाये जाने पर रोष

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** बिजली विभाग में वर्षों से कार्यरत प्रशिक्षु, निविदा एवं संविदा कर्मियों को नियमित किए जाने के बजाय सेवा से हटाए जाने के आदेश के विरोध में स्थानीय कर्मियों में भारी नाराजगी है। प्रभावित कर्मियों ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए पत्र में कर्मियों ने कहा है कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से विभाग में कम पारिश्रमिक पर भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहे हैं। महंगाई के दौर में भी उन्होंने जनसेवा को प्राथमिकता दी, लेकिन अचानक जारी आदेश से उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि नियमितीकरण और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर उन्होंने कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कराई गईं और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके विपरीत विभागीय आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। पत्र में कर्मियों ने उल्लेख किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष 1995 के निर्देशों तथा वर्ष 2001 में मिले आश्वासनों के बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया गया। उनका आरोप है कि वर्षों की सेवा और अनुभव को नजरअंदाज कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रभावित कर्मियों ने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर जांच कराने, सेवा से हटाने के आदेश पर रोक लगाने तथा पुनः बहाल करते हुए नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की है। पत्र भेजने वालों में आनंद कुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह और आशीष कुमार समेत कई प्रशिक्षु कर्मी शामिल हैं।

**तैयारी पूरी** राजन जी महाराज की पहली रामकथा को लेकर कटरा में उत्साह चरम पर

# कटरा में आज से बहेगी रामकथा की रसधारा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** गोस्वामी तुलसीदास जी महराज ने श्री राम चरित मानस में रामकथा को महात्म्य का वर्णन करते हुए लिखा है कि रामकथा मंदाकिनी, चित्रकूट चित चारु, तुलसी सुभग सनेह बन,सिय रघुबीर बिहारु अर्थात श्रीराम की कथा पवित्र मंदाकिनी नदी के समान निर्मल है और निर्मल हृदय ही चित्रकूट है। ईश्वर के प्रति निश्चल प्रेम ही वह सुंदर वन है जहां इस पावन चित्त-चित्रकूट के प्रेम रूपी वन में सीता-राम जी निरंतर विहार करते हैं। इसी भाव के साथ कटरा के सम्मय माता स्थान पर रामकथा की रसधारा बहेगी।


राम कथा के लिए सजा पंडाल। ● अमृत विचार

मानस मर्मज्ञ राजन जी महराज के मुखारविंद से बहने वाली इस राम कथा की पवित्र मंदाकिनी में लाखों की संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करेंगे। 3 मई से 11 मई तक आयोजित राम कथा के आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। कथा के आयोजक कटरा ब्लाक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल शनिवार को तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

प्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज की यह जिले में पहली रामकथा है। जिले को कटरा बाजार में आयोजित हो रहे उनके इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्सुकता है। श्रीराम कथा आयोजन समिति के मुख्य सदस्य एवं भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल ने बताया कि इस कथा की बुकिंग वर्ष 2022 में की गयी थी, जो अब चार साल बाद आयोजित हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए चार मंडलों में करीब 2 लाख निमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं और गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। 3 मई से 11 मई तक चलने वाली इस कथा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कथा का शुभारंभ श्रीराम कथा महिमा से होगा, जबकि समापन सुंदरकांड पाठ और श्रीराम राज्याभिषेक के साथ किया जाएगा।

12 मई को विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। रामकथा के आयोजन के लिए भव्य पंडाल सजाया जा चुका है। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए बैठने की अलग अलग व्यवस्था की गयी है। रामकथा के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था रहेगी।

कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। आयोजन समिति की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों, सभी विधायकों, डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों के साथ ही कई फिल्मी कलाकारों, गायकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रण भेजा गया है।

### ई-रिक्शा में महिला की चेन काट ले गईं महिलाएं

**करनैलगंज, अमृत विचार :** सहालग की भीड़ में महिला चेन स्नेचर गिरोह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को बाजार से लौट रही महिला की ई-रिक्शे में सोने की चेन काट ली गई। ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतईपुरवा निवासी दिनेश कुमार मिश्र ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी रीता मिश्रा बेटे की शादी का सामान खरीदने बाजार गई थीं। वापस लौटते समय सर्वामाई स्थान के पास चार महिलाएं जबरन ई-रिक्शे पर बैठ गईं। आरोप है कि एक महिला ने रीता के पैर पर पैर रख दिया। विरोध करने पर जोर से दबा दिया। जब वह पैर हटाने के लिए झुकीं, तभी महिलाओं ने गले से करीब 12 ग्राम सोने की चेन काट ली। सुक्खापुरवा चौराहे पर पहुंचते ही चारों महिलाएं उतरकर फरार हो गईं। घटना का वीडियो भी पुलिस को दिया गया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तहरीर मिली है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

## ललिया-हरिहरगंज मार्ग पर लौकहवा के पास हुई दुर्घटना, ट्रक पुलिस के कब्जे में

**बेकाबू रफ्तार**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** ललिया-हरिहरगंज मार्ग पर लौकहवा गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि पति को गंभीर हालत में जिला मेमोरियल अस्पताल रेफर किया गया है।

भीखपुर निवासी रसूल गुलाम (42) अपनी पत्नी शाकरून (40) के साथ बाइक से किसी कार्यवश कहीं जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ललिया-हरिहरगंज मार्ग पर लौकहवा गांव के पास एक बेकाबू ट्रक ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे वाहन असंतुलित हो गया और दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। टक्कर के बाद ट्रक पर लदा सामान भी दंपति पर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पत्नी शाकरून (40) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति रसूल गुलाम (42), निवासी भीखपुर, की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस टेक्नीशियन सचिन पाण्डेय और पायलट अजय शुक्ला ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल एम्बुलेंस में पहुंचाया और रसूल गुलाम को ऑक्सीजन देकर प्राथमिक उपचार शुरू किया। उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद शाकरून को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर हालत में रसूल को जिला मेमोरियल अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना ललिया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

### डंपर की टक्कर से बाराती की मौत, एक गंभीर

**गैंडास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में सड़क हादसे में बारात में जा रहे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सकहरिया गांव से पेडरिया में बारात में शामिल होने के लिए बाइक से निकले यार मोहम्मद (55) पुत्र सफीउल्ला और समशुद्दीन (45) पुत्र सलामत इमलिया बनघुसरा माइनर नहर के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने यार मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। वहीं समशुद्दीन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



चुनाव जीतने के बाद खुशी जताते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## जिला बार संघ चुनाव में मुर्तजा हुसैन अध्यक्ष, संजय तिवारी महामंत्री निर्वाचित


**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला बार संघ चुनाव के परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। अध्यक्ष पद पर मुर्तजा हुसैन और महामंत्री पद पर संजय तिवारी ने जीत दर्ज कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने नाम की। सहायक चुनाव अधिकारी अजीत प्रताप सिंह व अलीमुल हक के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में मुर्तजा हुसैन को 360 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी घनश्याम शुक्ल को 175 मतों से संतोष करना पड़ा। तीसरे प्रत्याशी हरिकांत मिश्रा को 63 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर संजय तिवारी को सर्वाधिक 320 मत मिले। उनके मुकाबले दुर्गेश पाठक को 100, देवेश मणि पांडे को 77, शशांक त्रिपाठी को 37, विमल सोनकर को 47 तथा सुनीता कश्यप को 20 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए संगठन की मजबूती और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाया।

## बुद्ध जयंती पर बुद्धा पार्क में उमड़ा जनसैलाब उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



भगवान बुद्ध की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में सिविल लाइन स्थित बुद्ध पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक सुरेंद्र सिंह गौतम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद एडवोकेट जगदंबा कुलदीप द्वारा त्रिशरण व पंचशील का पाठ कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. हरवंश विरदी (लंदन) ने अपने संबोधन में कहा कि बुद्ध के विचार आज भी मानव जीवन को सही दिशा देने वाले हैं। सुरेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि बुद्ध दर्शन वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए मार्गदर्शक है। पूर्व विधायक रामसागर अकेला ने बुद्ध के सिद्धांतों को सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक बताया। नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने भी अपने संबोधन में बुद्ध के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया और समाज में भाईचारा व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र विरोदय ने किया, जबकि महासचिव राजेंद्र चौधरी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामसेवक, डॉ. दीपक, लालजी लहरी, रविंद्र गुप्ता कमलापुरी, अजय चौधरी, सुनील निगम, गीता गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



डीआईओएस डॉ. रामचंद्र को ज्ञापन देते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। धरने में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न लंबित मांगों को उठाया। धरना-प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, विनियमित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ तथा तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग की। शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। इसके साथ ही जनपद स्तर की 10 सूत्री समस्याओं से संबंधित एक अलग ज्ञापन भी डीआईओएस को सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला अध्यक्ष राधा मोहन पांडेय, जिला मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संरक्षक बृजेश द्विवेदी, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जिला मंत्री सहदेव सिंह, कोषाध्यक्ष वेशी घर तिवारी तथा शिक्षक नेता डॉ. पद्मनाथ पांडेय, रोशन लाल, अनिल कुमार सिंह पांडेय, नवनीत शुक्ला आदि ने शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। संचालन रामनारायण उपाध्याय ने किया, जबकि प्रमोद यादव और राजेश चंद सहित अन्य शिक्षकों ने भी धरने को संबोधित किया।

## चार केंद्रों पर आज होगी नीट परीक्षा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 3 मई को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजित की जाएगी। परीक्षा चार केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न होगी, जिसमें 1801 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नोडल अधिकारी एवं एडीएम (न्यायिक) शिवनारायण सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में 264, जबकि एमएलके महाविद्यालय के ए, बी और सी ब्लॉक में क्रमशः 600, 457 और 480 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर एसडीएम को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है और पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया है।परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा।

## किसानों ने लगाया जाम, किया प्रदर्शन

**फूटा गुस्सा**

- यूरिया खाद वितरण की बदली प्रक्रिया पर जताया आक्रोश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिले में यूरिया खाद वितरण की बदली प्रक्रिया के विरोध में शनिवार को किसानों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। नवीन गल्ला मंडी और चीनी मिल के सामने बड़ी संख्या में किसानों ने बलरामपुर-गोंडा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जाम में फंसे वाहन सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

किसानों का आरोप है कि इफको केंद्रों पर पहले आधार कार्ड से आसानी से खाद मिल जाती थी, लेकिन अब खतौनी अनिवार्य कर दी गई है। साथ ही एक बार में सीमित मात्रा में खाद दिए जाने से किसानों में नाराजगी बढ़ गई है। अचानक हुए बदलाव से आक्रोशित किसान सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यूरिया की कोई कमी नहीं है और शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मात्रा में ही वितरण किया जा रहा है।



खाद न मिलने पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संघ लामबंद



जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई के पदाधिकारियों ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में बताया गया कि कई महत्वपूर्ण मामलों का निस्तारण लंबे समय से लंबित है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनपीएस कटौती का सही लेखा-जोखा न होने, जीपीएफ में धनराशि स्थानांतरण में देरी, पेंशन प्रकरणों के निस्तारण में विलंब तथा विभिन्न देयकों के भुगतान में हो रही अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मांगों को लेकर संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय जिला मंत्री मोहम्मद मारूफ खां, मंडलीय मंत्री भगवती प्रसाद शुक्ला, श्याम मनोहर तिवारी अनूप सिंह व मनीष मिश्रा समेत कई शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा।

## रेहरा की रमा बनीं मंडी सचिव, मेहनत से मिला मुकाम



रमा श्रीवास्तव।

**गैंड़ासबुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार :** विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम अधीनपुर लाला डीह निवासी रमा श्रीवास्तव का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा मंडी सचिव पद पर हुआ है। वर्तमान में वह लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। उनके चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। रमा ने प्रारंभिक शिक्षा रेहरा के बाल विद्या मंदिर, इंटरमीडिएट बीपीएस इंटर कॉलेज तथा स्नातक की पढ़ाई गोंडा से प्रथम श्रेणी में पूरी की। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज में रहकर तीन वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। उनके पिता रतन कुमार श्रीवास्तव जेई पद पर कार्यरत हैं। विधायक राम प्रताप वर्मा सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## रमईपुर के 1000 लोग 10 दिनों से अंधेरे में

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** विद्युत केंद्र गैसड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैपुरवा के मजरा रमईपुर में पिछले 10 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से करीब 1000 की आबादी अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर है। भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर जलने के बाद से पूरे मजरे की बिजली बंद है। दिन में पंखे और कूलर ठप हैं, जबकि रात में अंधेरा रहने से सांप-बिच्छू का खतरा बना हुआ है। पूर्व प्रधान अफजल ने बताया कि 10 दिन पहले ही विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को ग्रामीणों ने जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। इस संबंध में जेई अजय कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर ठीक कराकर जल्द आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

## प्रसूता के पेट में गॉज मिलने पर मेडीवे अस्पताल सील



मेडीवे अस्पताल सील करते स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मेडीवे हॉस्पिटल में प्रसूता के ऑपरेशन के दौरान लापरवाही पर बड़ा एक्शन लिया गया है। गर्भवती के पेट में सर्जिकल गॉज (स्पंज) छोड़ने के मामले में जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। कार्रवाई डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर गठित टीम की रिपोर्ट के आधार पर एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। अजय तिवारी ने शिकायत में बताया कि पांच सितंबर 2025 को उनकी पत्नी अंजू का ऑपरेशन इसी अस्पताल में हुआ था। कुछ दिनों बाद तबीयत बिगड़ने पर दोबारा दिखाया गया, लेकिन हालत और खराब होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। बहराइच के अस्पताल में जांच के दौरान पेट में गॉज फंसा मिला, जिससे आंत में संक्रमण हो गया। उपचार में करीब छह लाख खर्च हुए। जांच टीम ने रिपोर्ट सौंपी, जिसके आधार पर अस्पताल सील किया गया।

## बंजर जमीन का अवैध रूप से कराया बैनामा

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी को पत्र देकर बंजर भूमि के बैनामे की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है।

उप जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में इटियाथोक विकास खंड के चुरिहारपुर ग्राम के अब्दुल वहीद ने कहा है कि ग्राम चुरिहारपुर की गाटा संख्या 19 बंजर भूमि में दर्ज है। योगेन्द्र प्रसाद से उक्त गाटे की 110 वर्गमीटर भूमि का पचपेड़िया, इमिलिया रूप, मोतीगंज के संजय मिश्र ने राजस्व अभिलेख में दर्ज बंजर भूमि का अवैध तरीके से बैनामा करा लिया है।

शिकायतकर्ता ने उप जिलाधिकारी से बैनामे की जांच कराकर धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

## 50% भूमि अधिग्रहण पूरा, टेंडर प्रक्रिया जारी

- नई रेल लाइन परियोजना के कार्यों में आयी तेजी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व सांसद दद्दन मिश्र को पत्र भेजकर बहराइच-श्रावस्ती-बलरामपुर-खलीलाबाद नई रेल लाइन परियोजना की प्रगति की जानकारी दी है। पत्र में बताया गया है कि परियोजना के लिए लगभग 50 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि टेंडरिंग की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया है।

गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र के कार्यकाल में स्वीकृति मिली थी, जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा पर्याप्त बजट भी जारी किया गया था। हाल ही में दद्दन मिश्र ने रेल मंत्री से मुलाकात कर परियोजना की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध पूरा करने की मांग की थी।

उन्होंने यह भी बताया था कि यह रेल लाइन बलरामपुर और श्रावस्ती जैसे जिलों के लिए बेहद अहम है। खासकर श्रावस्ती जनपद आज भी रेल संपर्क से वंचित है, जबकि यह भगवान गौतम बुद्ध की प्रमुख तीर्थ स्थली है और यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। रेल मंत्री के पत्र के बाद पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने परियोजना में प्रगति पर संतोष जताते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

## सीएमओ ने किया हेल्थ कैंप का निरीक्षण




श्रमिक आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ और अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला के गरीब नगर में आयोजित श्रमिक आरोग्य मेला सप्ताह के अंतर्गत हेल्थ कैंप का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। सीएमओ ने कहा कि श्रमिक आरोग्य मेला का उद्देश्य श्रमिकों और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को समुचित उपचार और परामर्श सुनिश्चित किया जाए। कैंप में डॉ. अताउल्ला, डॉ. शालिनी और सीएचसी उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाइयां वितरित की गईं, साथ ही टीबी, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कुल 246 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 125 का बीपी, 119 का शुगर और 2 मरीजों की टीबी जांच की गई।

**समाधान दिवस** | तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया आयोजन

# गांवों में चौपाल लगाकर मौके पर हल करें शिकायतें

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार :** तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए डीएम ने अधिकारियों को सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**भूमि विवादों पर विशेष फोकस :** जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर प्रभावी कार्रवाई करे और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करे।

**'चौपाल मॉडल' से गांव-गांव समाधान :** डीएम ने ऐसे गांवों की पहचान करने के निर्देश दिए, जहां भूमि विवाद अधिक लंबित हैं। इन गांवों में राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चौपाल लगाकर मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

साथ ही ग्रामीणों को उनके अधिकारों व राजस्व प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

**मौके पर निस्तारण, शेष में त्वरित कार्रवाई :** समाधान दिवस के दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए तय समय में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**निस्तारण की स्थिति की समीक्षा :** कार्यक्रम के अंत में डीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों की निस्तारण स्थिति की गहन समीक्षा की और लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस शशांक, एसडीएम व सीओ उतरौला सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायत सुनते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में 150 से अधिक टीमें रहीं सक्रिय

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान ने पूरे अप्रैल महीने में चला। स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के तहत जिले भर में 150 से अधिक टीमें गठित की गई थी, जो शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे का कार्य कर रही थी, अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर पहुंचकर बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान किये और जरूरत पड़ने पर उनकी जांच व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। साथ ही लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया है।अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगर निकाय, पंचायती राज, शिक्षा, बाल विकास सहित कुल 13 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई थी। सभी विभागों की टीमें आपसी समन्वय से अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति सुधारने, जलभराव की समस्या खत्म करने और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने में जुटी रही।


**यूथ गर्ल्स डिग्री कालेज**
अनवारी, बाराबंकी।

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनार्न्गत आवश्यकता है।

**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय** – एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, विषयों में 02–02 पद प्रवक्ता
परास्नातक स्तर पर कला संकाय– एम0ए0 शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र, विषयों में 02–02 प्रवक्ता पद हेतु
**स्नातक स्तर पर कला संकाय–** बी0ए0 भूगोल विषय में 02 प्रवक्ता पद
**योग्यता व वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

प्रबंधक–
मो0–9838384242

**प्रेरणा महाविद्यायल**
आर्गेनिक सिटी, निन्दूरा, कुर्सी रोड, बाराबंकी।

मे स्ववित्तपोषित योजनार्नात आवश्यकता है।

**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय**
एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान विषयों में 02–02 पद प्रवक्ता स्नातक स्तर पर बी0ए0 हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, विषयों में 02–02 प्रवक्ता पद हेतु
**योग्यता व वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

प्रबंधक–
मोबाइल – 9838384242

न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनें मनोज पांडेय

**बहराइच, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने जिलों में अपने संगठन का विस्तार शुरू कर दिया है। पार्टी ने प्रदेश के कई जिलों में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसी मनोनयन के क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अलंकार अग्निहोत्री ने अधिवक्ता मनोज कुमार पांडेय को बहराइच जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है। राष्ट्रीय संयोजक ने जिलाध्यक्ष से शीघ्र ही कार्यकारिणी के गठन की अपेक्षा की है। मनोज कुमार पांडेय के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रिंस गौर, सत्येंद्र शुक्ला, भानू वाजपेयी जीतेन्द्र शुक्ला, संजीव शर्मा, मनोज मिश्रा बृजेश पाण्डेय, विजय शंकर मिश्रा, अनुराग वाजपेयी, कृष्ण कुमार मौर्य, पवन मौर्य, प्रकाश कश्यप, शिव नारायण साहू, प्रकाश वाजपेयी, सोनू सिंह, मोनू सिंह, रिंकू सिंह, सतीश रुपानी, गोपेन्द्र शरीन, सरदार राजेंद्र सिंह आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।


मनोज कुमार पांडेय।

### कच्ची शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार :** सूचना पर उपनिरीक्षक दिनेश कुमार कुशवाहा अपनी टीम के साथ ग्राम नरपतपुरवा अहाता पहुंचे। यहां एक घर में तलाशी के दौरान श्यामावती (60 वर्ष) के पास से एक प्लास्टिक के डिब्बे में करीब 5 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह शराब बेचने के लिए रखी थी। इसके बाद श्यामावती की निशानदेही पर पुलिस ने पास के ही एक अन्य घर में छापेमारी की, जहां से झुग्गी देवी (48 वर्ष) के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। झुग्गी देवी ने भी गरीबी का हवाला देते हुए शराब बेचकर जीविका चलाने की बात कबूली। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार :** बहराइच जिले के नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम जमदान गांव निवासी भुलई (20) की सात मई को शादी होनी है। शनिवार सुबह वह रिश्तेदारी में निमंत्रण बांटने के लिए बाइक से निकला था। इस दौरान उनके साथ मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम भुड़कुलवा निवासी मनोज (22) भी था। भिनगा-बहराइच मार्ग स्थित सोनवा थाना क्षेत्र के औरैया टिकई मोड़ के पास औरैया टिकई गांव की ओर से आ रही साइकिल से भुलई की बाइक टकरा गई। इससे सोनवा के ग्राम रतनापुर निवासी साइकिल सवार हंसराज (15) व बाइक सवार मनोज तथा भुलई घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से। मेडिकल कॉलेज बहराइच पहुंचाया। वहां सभी घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### 10 वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** विभिन्न न्यायालयों सीजेएम, एसीजेएम, फास्ट ट्रैक कोर्ट आदि पर हाजिर न होने वाले 10 आरोपियों के खिलाफ न्यायाधीशों ने वारंट जारी कर न्यायालय पर हाजिर करने का आदेश दिया था। जिसके अनुपालन में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने विशेष अभियान चलाकर 12 घंटे में 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पर पेश किया है। एएसपी चन्द्रकेश सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा सिरसिया व गिलौला पुलिस ने तीन-तीन और मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, इकौना व सोनवा पुलिस ने एक-एक वारंटी गिरफ्तार किया है।

# जनशिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

**जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश**

नानपारा (बहराइच)

**अमृत विचार।** तहसील नानपारा में शनिवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम की एक सराहनीय पहल भी देखने को मिली। उन्होंने क्षेत्र से आये सभी शिकायतकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके बैठने के लिए समुचित कुर्सियों की व्यवस्था कराई। साथ ही, बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपस्थित लोगों के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था कराई गई, जिससे फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संपूर्ण समाधान दिवस पुलिस अधीक्षक बहराइच, मुख्य विकास अधिकारी बहराइच, सीएमओ, एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी व अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


फरियादियों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

### महिला ने दी आत्महत्या करने की धमकी

**बलहा (बहराइच)।** तहसील में आयोजित तहसील दिवस के दौरान एक महिला ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में आत्मदाह की चेतावनी दी। यह घटना महीने के पहले शनिवार को हुई, जब महिला ने दो साल से न्याय न मिलने का आरोप लगाया।

पीड़ित महिला की पहचान सुनीता सिंह पत्नी ओम प्रकाश सिंह निवासी पंडोहिया थाना नवाबगंज के रूप में हुई है। उन्होंने अपने ससुर दरोगा सिंह के भाई जयपत्तर सिंह पर बंटवारे में मिली जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को बेच देने का आरोप लगाया है। सुनीता सिंह के अनुसार, जयपत्तर सिंह ने बंटवारे में मिली जमीन बारी खान को बिना किसी बैनामे के बेच दी है। सुनीता इस जमीन पर अपना दावा कर रही हैं और पिछले दो वर्षों से इस पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसील के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उन्हें कोई समाधान नहीं मिला है।

वहीं क्षेत्रीय लेखपाल ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि सुनीता के ससुर के भाई ने बंटवारे की जमीन बारी खान को बिना बैनामे के बेच दी थी। बारी खान फिलहाल उस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं। लेखपाल ने यह भी बताया कि बारी खान ने इस संबंध में सिविल कोर्ट में एक मुकदमा दायर कर रखा है, जिसके कारण आगे की कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

### श्रावस्ती कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा संध्या संवाद कार्यक्रम

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में 8 मई को संध्या संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल जनसुनवाई कर समस्याओं को निस्तारित कराएंगी। साथ ही योजनाओं की समीक्षा व विकास कार्यों का निरीक्षण भी करेंगी। इस संबंध में डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं का समाधान करा सकता है। दोपहर 12 बजे से एक बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, पेंशनरों तथा वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर विभिन्न समस्याओं को निस्तारित कराएंगी। इसके बाद दोपहर दो बजे से चार बजे तक निर्माणाधीन परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच करेंगी। वहीं, शाम पांच बजे से सात बजे तक चयनित ग्राम पंचायत में संध्या संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## सीएचसी के निरीक्षण में सीएमओ ने लगाई फटकार


सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ संजय शर्मा। अमृत विचार

नानपारा (बहराइच)

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा ने नानपारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के नवागत चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नलिन राजा अनुपस्थित पाए गए। इस उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने चिकित्सक को कई बार फोन किया। इसके बाद अधीक्षक डॉक्टर नवीन राजा लग भग 40 मिनट बाद पहुंचे। सीएमओ संजय शर्मा ने अधीक्षक को समय पर न पहुंचने के लिए फटकार लगाई और भविष्य में समय का पालन करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में सक्रिय दलालों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। दलालों द्वारा मरीज से पर्चा छीनने और एक्सरे मशीन के संचालन को लेकर अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दलालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का संकेत दिया।

## सड़क हादसे में सपा नेता के पिता की गई जान

**अखिलेश यादव ने फोन कर परिवार को बंधाया ढांढस**

जरवलरोड, (बहराइच)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश वर्मा के पिता डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा की शुक्रवार रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा शुक्रवार की रात बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गोंडा-लखनऊ राजमार्ग पर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के मसोलिया प्रहलादगंज मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाने लगे। लेकिन बाराबंकी के पास ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जगदीश प्रसाद वर्मा के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने फोन पर शोकाकुल परिवार से बात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इसके अलावा सपा के कई अन्य दिग्गज नेताओं ने भी अवधेश वर्मा को ढांढस बंधाया और इसे पार्टी व समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।


डॉ. जगदीश वर्मा। की फाइल फोटो।

## कार में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार

**सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में शनिवार को एक चलती स्विफ्ट कार में अचानक आग लग गई। वाहन से धुआं उठते देख चालक ने तत्काल गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ी कर वाहन स्वामी समेत नीचे उतरा गया। इसी दौरान आग में विकराल रूप ले लिया, सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

जिले के रहने वाले राकेश वर्मा पड़ोसी जनपद श्रावस्ती में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। शनिवार की दोपहर वह कार से किसी कार्य के लिए दोनक्का की तरफ जा रहे थे। वाहन उनका चालक चला रहा था। जब वह पुलिस लाइन इलाके में पहुंचे तभी अचानक कार धुंआ उठने लगा ये देख चालक ने आनन-फानन में वाहन को किनारे किया, जिसके बाद दोनों बाहर निकल गए। इसी बीच आग ने पूरे वाहन को चपेट में ले लिया। रास्ते से जा रहे लोगों की घटना की सूचना दमकल विभाग को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वाहन में आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है।


धू-धूकर के जलती कार। अमृत विचार

**गोंडा-बहराइच हाईवे पर गिरा पेड़, टेंपो सवार महिला घायल, पयागपुर:** गोंडा-बहराइच स्टेट हाईवे पर शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खुटेहना चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बनकटा गांव के समीप सड़क किनारे खड़ा एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक भरभरा कर सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक टेंपो पेड़ की चपेट में आकर पूरी तरह दब गया। हादसे में टेंपो सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि चालक और एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची सुरक्षित बच गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत दौड़कर राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे टेंपो से घायलों को बाहर निकाला। घायल महिला की पहचान शांति (पत्नी झगरू), निवासी रनियापुर गोबरही, थाना विशेश्वरगंज के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है विशालकाय पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिरने के कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है।

### सीमेंट कंपनी ने श्रमिकों का किया सम्मान

**रुपईडीहा (बहराइच)।** मजदूर दिवस के अवसर पर माइसेम सीमेंट कंपनी द्वारा रुपईडीहा बाजार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक मजदूर, मिस्त्री, कामगार एवं स्थानीय लोग तथा कंपनी के अधिकारी गण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के इंजीनियर साहिल अंसारी ने श्रमिकों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रेरणादायक पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं, "श्रम है सम्मान, श्रमिक है देश की शान। आपका श्रम देश की शान है, आपका सम्मान हमारा अभिमान है।" उन्होंने श्रमिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, और किसी भी काम को करने में शर्म नहीं करनी चाहिए, बल्कि कार्य सदैव वैध और ईमानदार होना चाहिए। श्रमिकों को दिमागी कसरत के खेल भी खिलाये गए। भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी सत्तर से अधिक श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन मजदूर एकता जिन्दाबाद के नारों के साथ किया हुआ। आयोजन में नगर के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### कारागार में मनाया गया श्रमिक दिवस

**बहराइच, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक (मजदूर) दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव द्वारा जिला कारागार, बहराइच में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया तथा कारागार का निरीक्षण भी किया गया। शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजीव सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी, असिस्टेन्ट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल ऋषभ पाठक उपस्थित रहे। सचिव ने बंदियों को श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें बताया कि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के अपार योगदान को मान्यता देते हुए उनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष 01 मई को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षित कार्यस्थल और कार्यजीवन के बीच सही तालमेल पर केंद्रित है। यह दिवस श्रमिकों के लिए 8 घण्टे कार्य दिवस, उचित मजदूरी और सुरक्षित वातावरण जैसे अधिकारों की मांग पूर्ति हेतु मनाया जाता है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से श्रमिक अपना पंजीकरण करवाकर बीमा और श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक ने आभार व्यक्त किया।


कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

### पूर्णाहूति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना क्षेत्र के ग्राम पटखौली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। मथुरा वृंदावन धाम से आईं प्रवाचिका दिव्या रामायणी ने पूर्णाहुति के महत्व की कथा का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का समापन पूर्णाहुति से किया जाता है। जब तक पूर्णाहुति नहीं होती है तब तक अनुष्ठान पूर्ण नहीं माना जाता है। यदि कोई किसी विशेष कारण से कथा में नहीं पहुंच सका है और वह पूर्णाहुति में प्रतिभाग करता है तो उसे संपूर्ण कथा के श्रवण का पूण्य प्राप्त होता है। पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के दौरान रामविहारी बाजपेयी, धर्मेंद्र गुप्ता, संजय, विपुल तिवारी, प्रताप नारायण पांडेय, विजय कुमार, शिवशंकर तिवारी, राजेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रावस्ती व सीताद्वार का हो समग्र विकास

**मुलाकात**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विधायक रामफेरन पांडेय ने विकास को लेकर कही बात**

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती सहित पौराणिक सीताद्वार का सर्वांगीण विकास कराया जाए। श्रावस्ती में पर्यटन की अपार संभावना हैं। ऐसे में इस धर्म नगरी का विकास जिले की विकास को रफ्तार देगा। यह बातें शनिवार श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट में कही।

विधायक ने बताया कि श्रावस्ती को बौद्ध तपोस्थली होने का गौरव प्राप्त है। यहां तथागत भगवान बुध ने अपने जीवन के सर्वाधिक 24 वर्षावास बिताया। यहां प्रतिवर्ष लाखों बौद्ध अनुयायियों का आना होता है। कोशल नरेश प्रसेनजित के काल में श्रावस्ती उनकी राजधानी हुआ करती थी। यहाँ अनाथपिंडिक ने भगवान बुद्ध के लिए जेतवन विहार बनवाया था, जहाँ बुद्ध ने सबसे अधिक उपदेश दिए थे। यह जैन तीर्थंकर भगवान संभवनाथ की जन्मस्थली भी है। इकौना के सीताद्वार में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव व कुश का जन्म हुआ था। यहां सैकड़ों एकड़ में फैली सीताद्वार झील में नौकायन की अपार संभावना है। ऐसे में श्रावस्ती एवं सीताद्वार का समग्र विकास जरूरी है, ताकि जिले के विकास को पंख लगे। साथ ही पर्यटन विकास से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। विधायक ने बताया कि सीएम से विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, पर्यटन विकास, धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं जनसुविधाओं के विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि जनहित और क्षेत्रीय विकास के लिए सतत प्रयास हमारा संकल्प है। इसके लिए आगे भी मुख्यमंत्री सहित संबंधित मंत्रियों से मिलकर क्षेत्रीय मुद्दे उठाते रहेंगे।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय।

## ईंट-भट्ठे के पास बने खड्ड में डूबने से किशोर की मौत

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** विद्यालय से लौटते समय एक किशोर शनिवार पैर फिसलने के कारण खड्डु में गिर गया। इससे किशोर की मौत हो गई। इकौना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर के मजरा लक्ष्मनपुर निवासी रोहित (10) पुत्र सज्जन गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ता था। शनिवार सुबह वह अपने बड़े भाई मोहित व चचेरी बहन चांदनी के साथ स्कूल गया था। दोपहर में छुट्टी के बाद तीनों घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तीनों भोजपुर में अपने नवनिर्मित घर जाने लगे, जिसका रास्ता ईंट भट्ठे से होकर जाता है। ईंट-भट्ठे के पास ईंट पथाई के लिए निकाली गई मिट्टी से तालाबनुमा बड़ा सा गड्ढा बना हुआ है। जैसे ही तीनों गड्ढे के पास पहुंचे तभी रोहित का पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरकर डूबने लगा। छोटे भाई को डूबता देख उसे बचाने के लिए मोहित भी उसमें कूद गया, जिससे वह भी डूबने लगा। भाइयों को डूबता देख चांदनी मदद के लिए गुहार लगाने लगी। उसकी पुकार सुन आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पहुंचे। इस दौरान लोगों ने मोहित को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं रोहित पानी में डूब गया, जिसे काफी तलाश के बाद लोगों ने बाहर निकाला। उसे परिजन निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जिसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे सेमरी चौकी प्रभारी गुलाबचंद चौधरी ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा भेज दिया। छात्र की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### सामूहिक आरती में जुटे गायत्री परिवार के लोग

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भिनगा के खलवा बाजार स्थित गायत्री माता मंदिर में शनिवार को सामूहिक आरती व पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार को सदस्य दधिबल सिंह की अध्यक्षता में लोगों ने माता गायत्री की आरती की। इसके बाद लोगों ने माता गायत्री के नाम का संकीर्तन किया और संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरिद्वार के सीताशरण, राकेश वर्मा, भिनगा के अयोध्या प्रसाद प्रजापति, हरिनराण विश्वकर्मा आदि रहे।

### उत्पीड़न व मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती), अमृत विचार।** गिलौला पुलिस ने शुक्रवार देर शाम एससी/एसटी एक्ट व मारपीट के मुकदमे में वांछित तीन आरोपियों को थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर तिलकपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भिखारीपुर मसढ़ी निवासी हरीराम मौर्या पुत्र राधेश्याम मौर्य, मोहित मौर्या पुत्र साधूराम मौर्य व काशीराम उर्फ रोहित पुत्र राधेश्याम के रूप में हुई है। इस दौरान पुलिस ने हरीराम मौर्य के कब्जे से चाकू भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### आरोग्य शिविर में श्रमिकों की हुई जांच

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच डॉ संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में सीएचसी पयागपुर अंतर्गत उपकेंद्र चंदवापुर आकाश बिक्र फील्ड कलाम सतरही में श्रमिक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर में पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मेले में100 से अधिक श्रमिकों, का टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, टीबी स्क्रीनिंग उपलब्ध कराई गई। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक टीकाकरण भी किया गया शिविर में डॉ. प्रभात कुमार डॉ. तूलिका बाजपेई हिमांशु मिश्रा एवं नेत्र सहायक सुभाष तिवारी मुकीम अहमद ने भी सेवाएं दीं। मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षक डॉ. तिवारी ने श्रमिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालक भानु प्रकाश मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे श्रमिक हित में सराहनीय कदम बताया और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान बीपीएम अनुपम शुक्ल, बीसीपीएम अजय यादव, वैशाली तोमर, सरस्वती शुक्ला, कुसुम त्रिपाठी, एसटीएस राजेश श्रीवास्तव, आयुष्मान मित्र रोहित मिश्रा, आशाएं व लाभार्थियों की भारी भीड़ की उपस्थिति रही।

आयोजन

**जनगणना 2027 शपथ के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

# प्रतिभागियों ने विस्तार से सीखीं एप के उपयोग की विधियां

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के बनकटा स्थित महाराजा बलभद्र सिंह रैकवार महाविद्यालय में चल रहे भारत की जनगणना 2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस शनिवार को प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण, गणना प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा के साथ साथ पिछले दो दिन हुए प्रशिक्षण की पुनरवित्ति कराई गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने आधुनिक तकनीक आधारित एप के उपयोग की विधियां भी विस्तार से सीखीं।

फील्ड ट्रेनर दिवाकर पाण्डेय, अरुण शर्मा, दयाराम एवं भानुप्रताप सिंह ने जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 34 प्रमुख प्रश्नों की संकल्पना और उनकी स्पष्ट परिभाषा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि सटीक आंकड़े जुटाने के लिए प्रत्येक प्रश्न की सही समझ अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षकों ने एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एंट्री, सत्यापन प्रक्रिया तथा स्वगणना प्रणाली में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण सत्र में यह भी बताया गया कि एप के उपयोग के दौरान किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए और किन त्रुटियों से बचना जरूरी है। साथ ही डेटा सुरक्षा को लेकर भी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया, ताकि संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रह सके। प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुंचे उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय ने उपस्थित प्रगणकों और सुपरवाइजरों से जनगणना से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी का आकलन किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन पर ट्रेनर विनोद कुमार पाण्डेय, चंद्रिका राम, राजेश कुमार सिंह, नीरज वर्मा, अरुण शर्मा, विनोद कुमार, सारिका सिंह, मनीषा सहित बड़ी संख्या में प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। प्रतिभागियों में संतोष वर्मा, अजय शुक्ला, विनय मिश्र, पवन सिंह, आशीष पाण्डेय, रजनीश शुक्ला, रोहित कुमार, मंगल शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, आशुतोष शुक्ला, निलेश गौड़, सतेंद्र कुमार, विनम्र मिश्रा, राजकुमार सिंह, संजू पाठक, रेनू पाण्डेय, माधुरी देवी, नीलम सिंह सहित अन्य शामिल रहे।


जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण करते एसडीएम अश्वनी कुमार। अमृत विचार

### युवाओं को मिला प्रमाणपत्र व टूल किट

**श्रावस्ती अमृत विचार।** जिला उद्योग कार्यालय भिनगा में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र की ओर से आयोजित श्रम सम्मान योजना व एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा था। शनिवार को प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व सांसद व अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने एक जिला एक उत्पाद के तहत कास्ट उद्योग एवं थारू हस्तशिल्प पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व टूल किट वितरित किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित एक जनपद एक उत्पाद स्थानीय उद्योगों को वैश्विक पहचान का माध्यम बन रही है। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया।


प्रशिक्षणार्थी को टूल किट देते जिप अध्यक्ष व अन्य।

# अमृत विचार
रविवार, 3 मई 2026




काागा का को धन हरे,
कोयल का को देय।
मीठे वचन सुना के, जग
अपना कर लेय।।

कबीर दास कहते हैं, कौआ किसी का धन नहीं चुराता, फिर भी कौआ लोगों को पसंद नहीं। वहीं कोयल किसी को धन नहीं देती, लेकिन सबको अच्छी लगती है। ये फर्क है मीठी बोली का। कोयल मीठी बोली से सबका मन हर लेती है।



# एकात्म चिंतन की जन्मभूमि है भारत

हम सब सोंचते हैं। अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न स्वयं को जानने का भी है। संसार और स्वयं का बोध जरूरी है। प्रश्न बड़ा है- कैसे जानें इस असीम संसार को। समझ छोटी अति अल्प और संसार बड़ा। प्रश्न और भी हैं। जैसे सृष्टि क्या है? सृष्टि का कोई निर्माता भी है क्या? यह सृष्टि नहीं थी तो क्या था? जो था वह क्या था? क्या शून्य था? क्या सृष्टि ऊर्जा का खेल है? पृथ्वी जल, अग्नि और आकाश प्रत्यक्ष है। इनका सारभूत क्या है? सूर्य चंद्र और तारागण कहां से प्रकाश पाते हैं? सृष्टि निर्माण का आदि तत्व क्या है? कोई परमतत्व है क्या? क्या एक तत्व से ही यह सृष्टि बनी? या सबका साझा प्रयास यह सृष्टि है? सृष्टि और हमारे संबंध क्या हैं? आदि।

आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है- जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद। भारत के लोगों ने ऋग्वेद की रचना के पहले से ही वैज्ञानिक चिंतन प्रारंभ कर दिया था।

> आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है– जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों–करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्राय: उसी विवेक को आधार बनाया गया है।

ऋग्वेद में इसी सोच-विचार के दर्शन हैं। चिंतन की यह दृष्टि निर्णयात्मक नहीं है। दर्शन और विज्ञान निर्णयात्मक नहीं होते। जहां तक जान लिया, वहीं रुक जाना उचित नहीं होता। सामान्य धारणा है कि विश्व किसी शक्ति द्वारा बनाया गया है। सृष्टि निर्माण 'विश्वकर्म' है। सृष्टि निर्माता को विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक दार्शनिक सूक्त (10.81) के देवता विश्वकर्मा हैं। ऋषि पूछते हैं, 'सृष्टि निर्माण के पहले वे कहां पर बैठे?' प्रश्न उचित है। जब पृथ्वी, आकाश आदि थे ही नहीं तो विश्वकर्मा ने कहां बैठकर यह सृजन कर्म पूरा किया? पूछते हैं कि 'सृष्टि निर्माण का मूल द्रव्य क्या था? वह वन, वृक्ष कौन सा था? जिससे विश्वकर्मा ने सामग्री ली और विराट विश्व बनाया? यह सब मनीषी लोग जानने का प्रयास करें।' स्तुति है कि 'वे विश्वकर्मा मित्र भाव से हमें ज्ञान दें।'

ऋग्वेद के एक ऋषि देवताओं के भी पहले का विचार करते हैं कि 'देवताओं के पहले युग समय में असत् से सत् का जन्म हुआ।' (10.72) यह युग विचारणीय है। तब देवता भी नहीं हैं, लेकिन 'समय' है। ऋग्वेद में सत् का अर्थ व्यक्त है और असत् का अव्यक्त। नासदीय सूक्त (10.129) में प्रकृति सृष्टि के संबंध में और भी गहन-चिंतन हैं 'तब न सत् था और न असत्। आकाश से परे भी कुछ नहीं था- नो व्योमा परो यत्। अंधकार था।' यहां अंधकार प्रकाश का अभाव नहीं है। अंधकार का अस्तित्व है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण अस्तित्व 'वह एक' था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

ऋषि के अनुसार वह एक-तत् एकं अपनी शक्ति के दम पर वायुहीन दशा में भी प्राण ले रहा था। ऋग्वेद का 'वह एक' सृष्टि के पहले भी है। उस समय जल भी है- अप्रकेत सलिलं। फिर काम उत्पन्न हुआ। इसके बाद प्रकाश की दीप्ति चारों ओर फैल गई। फिर विसृष्टि हुई।' फिर कहते हैं, 'क्या पता ऊंचे आकाश में बैठा सृष्टि का अध्यक्ष सृष्टि रचना की बात जानता है? या वह भी न जानता? यह विवरण रोमांचक है। यहां शुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

क्या अंधकार होता है? या प्रकाश के अभाव का नाम ही अंधकार है। अंधकार सृष्टि के पूर्व भी है। संभवतः आकाश या प्रकाश का सूक्ष्म रूप। 'वह एक' बिना वायु ही प्राण ले रहा था। क्या प्राण का विकास वायु हो सकती है। काम का जन्म भी सृष्टि के साथ हुआ। यह ताप या अग्नि ऊर्जा का सूक्ष्म रूप हो सकता है। सबसे अंत में है- विसृष्टि। विसृष्टि-सृष्टि है, इसमें पृथ्वी भी है। भारतीय चिंतन में आकाश सूक्ष्मतम है। आकाश से वायु, वायु के बाद अग्नि, इसके बाद जल और फिर पृथ्वी। सृष्टि का विकास किसी एक तत्व से हुआ है। यहां आकाश प्रमुख तत्व है। कपिल के सांख्य दर्शन में आकाश प्राचीनतम है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों में से प्रथम।

भारतीय दर्शन में असीम आकाश का गुण शब्द है। आकाश का अस्तित्व है। छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार 'सभी भूत आकाश से पैदा होते हैं और आकाश में ही विलीन हो जाते हैं।' आकाश से आना और आकाश में ही लौटना विचारणीय है। ऋग्वेद में ठीक ही आकाश पिता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में 'पुरुष' का वर्णन है। यह 'पुरुष' देश-काल की सीमा का अतिक्रमण करता है। उसका सिर आकाश है और सहस्त्रशीर्षा है। इस पुरुष के प्राण का विस्तार वायु है। पुरुष समूचे अस्तित्व को घेरता है।

दश अंगुल इसके बाहर भी हैं। संपूर्ण संसार इसका एक चरण है। इसके तीन चरण अन्य लोकों में हैं। यहां जो कुछ चेतन या अचेतन मनुष्य, पशु, कीट, पतिंग, नदी, समुद्र या वन है। पुरुष सब में व्याप्त है। यहां तक हुआ दिक् या दिशा का अतिक्रमण। अब काल। बताते हैं कि यह पुरुष ही सब कुछ है- पुरुष एवेदं सर्वं। जो भूतकाल में हो गया है और जो आगे भविष्य में होगा वह सब पुरुष ही है- यद् भूतं यच्च भव्यं।

ऋग्वेद के एक देवता हैं अदिति। अदिति भी सर्वस्व धारण करते हैं। वह अंतरिक्ष है, पृथ्वी हैं। पिता-माता और पुत्र है। वे पांच जन हैं। अब तक जो हो चुका है और जो भविष्य में होगा वह सब अदिति ही हैं। समूचे अस्तित्व को एक देखना और स्वयं को उसी का भाग जानना भारतीय चिंतन की मूल भूमि है। यहां अस्तित्व या सृष्टि का कोई निर्माता नहीं। प्रकृति के गोचर प्रपंच गतिशील हैं। सम्यक गति से प्रगति होती है। प्रकृति का वैज्ञानिक अध्ययन भी मूलतः गति का ही अध्ययन है। प्राचीन यूनानी दार्शनिक थेल्स (लगभग 500 ई. पूर्व) जल को सृष्टि का आदि तत्व मानते थे। इसके हजारों वर्ष पहले ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में 'अप्रकेत सलिल'- जल है। जल से सृष्टि का जन्म हुआ, तो जल को माता कहना ही चाहिए।

ऋग्वेद में जल को 'बहुवचन रूप में आपः मातरम्-जल माताएं कहा गया है। स्थावर जंगम को जन्म देने वाली यही जल माताएं ही हैं।' थेल्स जल संबंधी चिंतन ऋग्वेद के संगत है। वैसे ऋग्वेद में अनेक विचार हैं। एक यूनानी दार्शनिक अनक्सिमेनेस 'वायु' को सृष्टि का मूल तत्व बताते थे। ऋग्वेद (10.168) में ऋतावा-नियम वायु है। यहां वायु जलों के मित्र कहे गए हैं- अपां सखा। ऋग्वेद के जल और वायु आदि तत्व इसी रूप में उपनिषदों में भी हैं। हिराक्लिटस अग्नि को प्रधान तत्व जानते थे। अग्नि ऋग्वेद के प्रधान देवता हैं। अग्नि सब जगह हैं। वे जलों में हैं। मनुष्य के भीतर हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। कठोपनिषद् में यम ने नचिकेता को अग्नि विज्ञान समझाया था। यहां अग्नि ही प्रत्येक जगह उपस्थित होकर रूप-रूप प्रतिरूप होते हैं- अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपों वभूवाः। जानने और गहराई से देखने समझने के एकात्म चिंतन की जन्मभूमि भारत ही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# एमपी की सरकार का नारी सशक्तिकरण का संकल्प

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हो गई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए। इसमें प्रावधान है कि 2021 की जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कानून लागू होगा, किंतु कोरोना के चलते 2021 की जनगणना टालनी पड़ी। अब जनगणना के पहले चरण की शुरुआत हुई है, जिसके अंतिम परिणाम 2028 तक आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार विधेयक के पारित हो चुके प्रारूप में संशोधन के लिए प्रस्ताव लाई थी, जो संसद में पारित नहीं हो सका। 2023 में पारित हुए इस विधेयक में संशोधन किए बिना 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकता है। परिसीमन से तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

देश की महिलाओं को निर्वाचन में भागीदारी का उचित लाभ दिलाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में नारी शक्ति वंदन संकल्प पर आठ घंटे चर्चा की और उसे ध्वनि मत से पारित भी कर दिया। इस विधेयक के अनुसार सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की जानी है, परंतु विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र विशेष में समा जाएं।

> महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हुई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए।

विधेयक पास होने पर मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्य संख्या 230 से बढ़कर 345 हो जातीं। इनमें से 114 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हो जातीं। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली थी। इसी को लेकर मोहन यादव ने तार्किक उत्तर देते हुए विधानसभा में कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग सर्वथा अनुचित है। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबीसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हैप्पी हार्मोन और मोबाइल की लत

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।

भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, लगभग 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। लगभग 95 प्रतिशत युवाओं के पास स्मार्टफोन हैं और 70 से 75 प्रतिशत प्रतिदिन यूट्यूब का उपयोग करते हैं। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म सबसे लोकप्रिय हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3-5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं, जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। यह सक्रियण वेंट्रल टेगमेंटल क्षेत्र यानी वीटीए में होता है, जो हमारे पुरस्कार प्रणाली को निर्धारित करने वाले प्राथमिक मस्तिष्क क्षेत्रों में से एक है। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं, जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं।

हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं।

साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। लगभग 30 से 35 प्रतिशत किशोर किसी न किसी रूप में साइबर बुलिंग का शिकार हो चुके हैं। इससे युवाओं में आत्मविश्वास कम होता है और मानसिक तनाव बढ़ता है। फ़िल्टर की गई तस्वीरें और संपादित सामग्री सुंदरता के झूठे मापदंड स्थापित करती हैं, जिससे युवा खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं और खुद को कमतर समझने लगते हैं।

फोमो (एफओएमओ) यानी कुछ छूट जाने का डर, भी एक बड़ी समस्या बन गया है। लगभग 65-70% युवा अपनी खुशी को सोशल मीडिया से जोड़ते हैं। लाइक्स और कमेंट्स से जुड़ी मनोवैज्ञानिक निर्भरता उन्हें ऑनलाइन रहने के लिए मजबूर करती है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# आर्थिकी को गति देने वाला एक्सप्रेस-वे

उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह देश की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। गंगा-यमुना का मैदानी भाग होने से कृषि उत्पादन के मामले में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य का आधारभूत ढांचा नित्य नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों के कालखंड में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत सड़कों का विस्तार एवं चौड़ीकरण हुआ, जिससे लॉजिस्टिक की लागत नियंत्रित रहने के साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और अब 549 किमी का गंगा एक्सप्रेस-वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

> पिछले तीन दशकों के कालखंड में सड़कों का विस्तार हुआ है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस–वे, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे और अब गंगा एक्सप्रेस–वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राज्य की अर्थिकी को एक नई गति मिलने की पूरी संभावना है। यह परियोजना केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि विकास, निवेश और रोजगार का बहुआयामी इंजन साबित होगा, क्योंकि यह मेरठ से प्रयागराज तक कई जनपदों और गांवों से होते हुए पूरब और पश्चिम को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण परिपथ भी है। इसके कारण कृषि विज्ञान और औद्योगिक निर्माण को गति मिलेगी।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

आर्थिक विकास के लिए सुगम और तेज परिवहन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक होती है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कृषि प्रधान इलाकों से जोड़ता है। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह मार्ग राज्य के लगभग एक दर्जन जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने का कार्य करेगा। इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने से यात्रा का समय कम होगा, परिवहन लागत घटेगी और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आर्थिक संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस एक्सप्रेस-वे के विकसित होने से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होगा, क्योंकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी निवेशकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होती है। यह समय की बचत के साथ-साथ परिवहन की लागत को भी नियंत्रित करती है, जिससे वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे न केवल बड़े उद्योगों को लाभ होगा, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भी नई ऊर्जा मिलेगी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी इससे मजबूती मिलेगी।

गंगा-यमुना, घाघरा जैसी बड़ी नदियों का मैदान होने के कारण उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। गंगा एक्सप्रेस-वे किसानों के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आएगा। बेहतर सड़क व्यवस्था से किसान अपनी उपज को तेजी से मंडियों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकेगा। काश्तकारों द्वारा उत्पन्न उत्पाद जैसे फल, सब्जियां और दुग्ध उत्पाद समय पर बाजार तक पहुंचने के कारण खराब होने से बचेंगे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स के विकास की राह खुलेगी, जो कृषि उत्पाद के मूल्य संवर्धन को प्रेरित करेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।


इस परियोजना के निर्माण और संचालन से लाखों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से लेकर लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और सेवा क्षेत्र तक, हर स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे के आसपास नए शहरों और टाउनशिप का विकास भी संभव है, जिससे शहरीकरण को गति मिलेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं का विस्तार होगा, जो समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

मार्ग में आने वाले अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक भी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग को गति मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विकास और आर्थिकी का द्वार खोलने के साथ ही यह पर्यावरण संतुलन स्थापित करने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने, हरित पट्टियों के विकास और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# संतान के मोह में अक्सर पिता बन जाते हैं 'धृतराष्ट्र'

पुत्र-मोह में राष्ट्रीय हितों की परवाह न कर महाभारत युद्ध करा देने में धृतराष्ट्र का नाम यद्यपि लिया जाता है, लेकिन गौर करें तो पुत्र के हितों के लिए प्रायः ज्यादातर समर्थ एवं सक्षम पिता धृतराष्ट्र की तरह अंधे हो जाते हैं। धृतराष्ट्र का अर्थ राष्ट्र को धारण करने वाला होता है। आज गहराई से देखा जाए, तो समाज और राष्ट्र-हित की परवाह न कर पिता अपनी संतानों के लिए अनीतिपूर्वक संसाधन एकत्र करने में लगा है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी भी क्षेत्र पर नजर डाली जाए तो यही प्रतीत होता है कि पिता हर हालत में संतानों को इतना अधिक समृद्ध कर देना चाहता है कि संतान को कुछ करना न पड़े और वह समाज में ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जी सके। धृतराष्ट्र की स्थिति जन्म से अंधे की थी, लेकिन उनकी पत्नी गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली, ताकि पुत्र दुर्योधन द्वारा किए जा रहे अन्याय को वह भी न देख सके।

जब माता और पिता अपनी संतानों के हर गलत आचरण में उसका बचाव करते हैं, तो वे कहां से धृतराष्ट्र और गांधारी से ऐसे पिता को कम माना जाए। देखने में आता है कि हर पिता अपने साम्राज्य की डोर अपने अयोग्य ही क्यों न हो, पुत्र को सौंपना चाहता है। वह योग्य व्यक्ति का चयन नहीं करता है। एक तो पिता की अनीतिपूर्वक एकत्र किए गए संसाधनों को जुटाने का काम पुत्र देखता है, तब वह भी अनीति के रास्ते को ही अपनाता है।

चाहे कारपोरेट सेक्टर हो, राजनीति का क्षेत्र हो, फ़िल्म जगत और प्रशासनिक सेवा आदि ही क्यों न हो हर जगह येन-केन-प्रकारेण संसाधनों का दुरुपयोग परिवार के लिए जो करते हैं, वे अपने पुत्र को दुर्योधन ही बना रहे हैं। जब अनीति की कमाई के बीच पला पुत्र बड़ा होगा, तो उससे उम्मीद शायद ही की जा सके कि वह नीति के रास्ते पर चल सकेगा।

हर पिता को चाहिए कि वह अपनी संतानों को संस्कार दे तथा स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दे न कि अनीतिपूर्वक सार्वजनिक धन का उपयोग अपने पुत्रों के लिए न करे। अनीतिपूर्वक धन का मतलब किसी न किसी का हिस्सा छीनना है। अतः श्रेष्ठ पिता वही है, जो नीतिपूर्वक धन से पुत्रों का पालन करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# सहेजनी होगी पारंपरिक चिकित्सा की विरासत



छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के आधार पर अनपढ़ वैद्यों द्वारा साध्य-असाध्य रोगों के उपचार से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट ध्यान आकर्षित करती है। वहां नारायणपुर के पास एक वैद्य बांस की छड़ी के सहारे रोग की पहचान करता है। जड़ी-बूटियों से दवा तैयार करता है। जब इस तरह के उदाहरण बार-बार सामने आते हैं, तो हैरानी पैदा करते हैं। हम भले ही छत्तीसगढ़ के एक इलाके की बात कर रहे हों, लेकिन यह मुद्दा किसी एक वैद्य या किसी एक पद्धति तक सीमित नहीं है। यह उस पूरे ज्ञान तंत्र का प्रश्न है, जिसे हमने आधुनिकता की अंधी दौड़ में हाशिए पर डाल दिया है।

देश के जंगलों, गांवों और आदिवासी इलाकों में सदियों से विकसित हुआ पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान आज भी जीवित है, लेकिन उसकी मौजूदगी को हम या तो नजरअंदाज करते हैं या फिर उसे अंधविश्वास कहकर खारिज कर देते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन यह भी सच है कि हर ज्ञान प्रणाली की अपनी सीमाएं होती हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण आते हैं, जब डॉक्टर किसी मरीज को जीवन के अंतिम पड़ाव पर मानकर परिजनों को उसकी 'सेवा' करने की सलाह देते हैं, लेकिन वही मरीज पारंपरिक उपचार के सहारे अपेक्षा से अधिक समय तक जीवन जी लेता है। ऐसे मामलों को संयोग कहकर टाल देना आसान है, लेकिन इसे वैज्ञानिक दृष्टि नहीं कहा जा सकता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ किसी संभावना को नकारना नहीं होता, बल्कि उसे जांचने, समझने और परखने की प्रक्रिया से गुजरना होता है।

बस्तर के जंगलों में काम कर रहीं एक शोधकर्ता देवयानी शर्मा का प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों वैद्यों को चिन्हित किया है, जो बिना औपचारिक शिक्षा के भी चिकित्सा की गहरी समझ रखते हैं। यह केवल दावों तक सीमित नहीं है। वहां के ट्रांस डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय और आयुष विभाग ने उनके इलाज के तरीकों को सटीक मानते हुए प्रमाणित भी किया है। यह इस बात का संकेत है कि पारंपरिक ज्ञान को पूरी तरह खारिज करना न तो न्यायसंगत है और न ही विवेकपूर्ण। जिस पारंपरिक चिकित्सा को हम आज नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं, वह केवल रोग के उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि मरीज के साथ एक मानवीय संबंध भी स्थापित करती है।

बस्तर के उदाहरण के आधार पर हर पारंपरिक उपचार को चमत्कारी मान लेना भी उचित नहीं होगा। ऐसा करना उतनी ही बड़ी भूल होगी, जितना पारंपरिक उपचार को पूरी तरह अवैज्ञानिक मान लेना है। आवश्यकता इस बात की है कि अनुभवजन्य ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित किया जाए। इसके लिए पारंपरिक उपचारों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, उनका वैज्ञानिक परीक्षण और उपयोगी विधियों का व्यापक प्रसार आवश्यक है।

हमारा देश पहले ही जनसंख्या के दबाव से जूझ रहा है। अस्पतालों में सीमित संसाधन और डॉक्टरों की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रही है। ऐसे में यदि पारंपरिक चिकित्सा को समुचित महत्व दिया जाए, तो यह एक सहायक विकल्प के रूप में उभर सकती है। यदि हम अपने जैविक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित नहीं करेंगे, तो यह विरासत धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि उस ज्ञान संपदा का भी नुकसान है, जो इन्हीं प्राकृतिक परिवेशों में पनपी है। अफसोसनाक है कि जिस भारत देश में आयुर्वेद और लोक चिकित्सा की इतनी समृद्ध परंपरा रही है, उसी देश में आज इन विधाओं को बिसराया जा रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# मदरसे में बायोमेट्रिक हाजिरी में झोल प्लास्टिक कार्ड से लग रही अटेंडेंस

## एनएचआरसी ने लिया संज्ञान, मामले की जांच शुरू, दो दर्जन शिक्षक हैं कार्यरत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


मदरसा इस्लामिया स्कूल।


बायोमेट्रिक मशीन में कार्ड लगाता कर्मचारी। (वायरल फोटो)

**अमृत विचार :** सहायता प्राप्त मदरसों में बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले के एक मदरसे से सामने आए मामले में प्लास्टिक कार्ड के जरिए शिक्षकों की फर्जी हाजिरी लगाए जाने का खुलासा हुआ है। इस पूरे प्रकरण का वीडियो भी वायरल है। फिलहाल मामले का एनएचआरसी ने संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हाल ही में जौनपुर में भी इसी तरह का मामला सामने आया था, जहां मदरसा प्रबंधक के परिजनों के अंगूठे के निशान से फर्जी हाजिरी लगाए जाने का आरोप लगा था। इस मामले की जांच अभी जारी है।

यह मामला बदोसरांय क्षेत्र के कस्बा मैलारायगंज स्थित इरम एजूकेशनल सोसायटी के मदरसा इस्लामिया स्कूल से जुड़ा है। जहां का एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में कई शिक्षकों के नाम प्लास्टिक कार्ड पर लिखे दिखाई दे रहे हैं, जिनका इस्तेमाल अंगूठे के निशान की जगह उपस्थिति दर्ज करने के लिए किया जा रहा है। आरोप है कि अनुपस्थित शिक्षकों की भी हाजिरी इस तरीके से लगाई जा रही, जिससे वेतन निर्गमन में गड़बड़ी की आशंका बढ़ गई है। नियम अनुसार, सभी सहायता प्राप्त मदरसों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है और इसका रिकॉर्ड जिला स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संकलित किया जाता है। हालांकि इस मामले में प्रणाली आधार आधारित ऑनलाइन सत्यापन से जुड़ी नहीं है, जिससे दुरुपयोग की गुंजाइश है। इस मदरसे में करीब दो दर्जन शिक्षक कार्यरत हैं। यहां बायोमेट्रिक मशीन तो मौजूद है, लेकिन रियल-टाइम ऑनलाइन मॉनिटरिंग न होने के कारण फर्जीवाड़े की आशंका जताई जा रही। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है, जांच की जा रही है। सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मदरसा प्रशासन ने वायरल वीडियो को बताया भ्रामक

मदरसा प्रशासन ने वायरल वीडियो को भ्रामक बताते हुए कहा कि इसमें दिखाई गई प्रक्रिया नियमित उपस्थिति नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक सिस्टम की तकनीकी जांच का हिस्सा है। मशीन में पहले दिक्कतें आ रही थीं, जिन्हें लखनऊ से इंजीनियर बुलाकर ठीक कराया गया। मरम्मत के बाद सिस्टम की कार्यक्षमता जांचने के लिए एक साथ कई कार्ड स्कैन किए गए थे।

# तस्कर अज्जन की 6 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 29 साल से ड्रग कारोबार में लिप्त जैदपुर के बदनाम इलाके टिकरा मुर्तजा के शातिर तस्कर अज्जन की छह करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क कर दी गई। यह संपत्ति बाराबंकी शहर क्षेत्र में स्थित है। कार्रवाई के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे।

कुख्यात ड्रग माफिया मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन की संपत्ति पर कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत नई दिल्ली स्थित न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के आदेश पर की गई। पुलिस के अनुसार, थाना जैदपुर क्षेत्र के टिकरा मुर्तजा निवासी अज्जन वर्ष 1997 से संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहा है। अवैध कारोबार से अर्जित धन से उसने बाराबंकी शहर के पैसार क्षेत्र में पत्नी नगमी खातून के नाम पर 558.70 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय संपत्ति खड़ी की थी, जिसे शनिवार को फ्रीज कर कुर्क कर दिया गया है। बताया गया कि अज्जन बीते करीब 29 वर्षों से नशे के कारोबार में सक्रिय रहा और उसके खिलाफ बाराबंकी व लखनऊ समेत विभिन्न थानों में हत्या, ड्रग तस्करी मिलाकर 22 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। अज्जन अंतरजनपदीय गैंग सूची के साथ ही जिला स्तर पर वह ड्रग माफिया घोषित कर सूचीबद्ध है। पुलिस ने उसकी निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट भी खोल रखी है। आरोपी 9 जनवरी 2026 से जिला कारागार में निरुद्ध है। इसके अलावा, उसके खिलाफ पिट-एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्धीकरण की कार्रवाई भी की जा चुकी है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए युवाओं को नशे के जाल से बचाया जा सके।

## सुमित नगर अध्यक्ष व कलीम बने जिला मंत्री


नये पदाधिकारियों को पत्र देते जिला अध्यक्ष फैसल मलिक। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (युवा) के जिला कार्यालय पालिका मार्केट में संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष फैसल मलिक ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सुमित कश्यप को नवाबगंज (सदर) का युवा नगर अध्यक्ष तथा मोहम्मद कलीम उर्फ मुनिया को जिला मंत्री बनाया गया। कार्यक्रम में मध्यांचल प्रवक्ता बलराम यादव, मध्यांचल महासचिव (युवा) अनुज सिंह, मंडल सचिव (युवा) आफताब अहमद अंसारी, जिला सचिव मोहम्मद अशफाक, ब्लॉक अध्यक्ष बंकी मोहम्मद रियाज एडवोकेट, ब्लॉक अध्यक्ष देवा अरशद अली सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ किसान नेता अमित सोनी, मोहन सिंह, सनी वर्मा, मोहम्मद आलम, रितेश रिंकू समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। फैसल मलिक ने बताया कि जनपद में टिकैत किसान सेना के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे संगठन को गांव-गांव तक मजबूत कर किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

## चयनित अभ्यर्थियों का 7 को दस्तावेज सत्यापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर स्कूलों में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा वर्ष 2021 के चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। 6 सितंबर 2022 के संशोधित परिणाम के आधार पर अंतिम चयन सूची तैयार कर उसका सत्यापन पूरा कर लिया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 7 मई को बीएसए कार्यालय में अपने शैक्षिक अभिलेखों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने बताया कि निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

## विवाहिता, किशोरियां व युवक अचानक गायब

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विवाहिता, नाबालिग लड़कियों के अलावा एक युवक घर से अचानक गायब हो गया। तलाश के बावजूद कुछ पता न चलने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने सभी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। थाना सुबेहा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी के घर से दवा लेने के लिए निकलने के बाद वापस न लौटने की शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी अपने साथ घर में रखे जेवर भी ले गई है। कोतवाली दरियाबाद क्षेत्र में भी एक किशोरी बाजार जाने के बाद घर नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार वह घर से जेवर व कपड़े लेकर गई है और उसका मोबाइल फोन बंद है। थाना लोनीकटरा क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी को गांव निवासी आरोपी अमित पुत्र जगजीवन द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज किया गया है। किशोरी घर में रखे जेवर और करीब तीन लाख रुपये नकद भी ले गई है। इसके अलावा कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में एक 31 वर्षीय युवक के रात में घर से निकलने के बाद लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। युवक का मोबाइल फोन भी बंद है।

## खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत शुरू

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया-हैदरगढ़ रोड पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर प्रकाशित अमृत विचार की खबर का असर देखने को मिला है। खबर छपते ही प्रशासन हरकत में आया और खराब लाइटों की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया। जानकारी के अनुसार नायरा पेट्रोल पंप से इंडियन पेट्रोल पंप तक करीब 6 महीनों से चार दर्जन से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब थीं, जिससे पूरा इलाका रात में अंधेरे में डूबा रहता था और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने कार्रवाई तेज करते हुए स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराना शुरू कर दिया है। नामित सभासद रितेश शंकर गुप्ता ने वीडियो के माध्यम से कार्य शुरू होने की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि अब क्षेत्र में रोशनी बहाल होने से राहत मिलेगी और समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाएगा।

## गिरोह के दो सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** संगठित गिरोह बनाकर चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहे सरगना व सदस्य के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि गश्त एवं चेकिंग अभियान के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत सुहाग माटी का पुरवा निवासी लाली उर्फ लालजीत उर्फ सुमिरन पुत्र त्रिभुवन अपने गैंग का सरगना हैं और वह कोतवाली क्षेत्र के रामबक्स का पुरवा मजरे रौली निवासी सक्रिय सदस्य अरुण कुमार पुत्र राम अवतार के साथ आर्थिक भौतिक बुनियादी लाभ हेतु अपराध कर धनोपार्जन कर रहा है। यह भी बताया कि यह दोनों अभ्यस्थ अपराधी हैं।

## 22 सौ लीटर देशी शराब करायी गयी नष्ट

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सुबेहा पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अभियोगों में बरामद कुल 2200 लीटर अवैध देशी शराब नष्ट कराई गई। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट 24 हैदरगढ़ के आदेश के अनुपालन में थाना सुबेहा पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के विभिन्न 223 अभियोगों में बरामदशुदा 2200 लीटर अवैध देशी शराब के विनिष्टीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की गयी। इस मौके पर आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी आबकारी मय टीम व थाना प्रभारी निरीक्षक सुबेहा बेचू सिंह यादव, अमित यादव फौजदारी लिपिक मौजूद रहे।

## वृद्धा पर गिरीं बोरियां, हालत गंभीर

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राशन में घटतौली का विरोध करने पर कोटेदार ने वृद्ध महिला को धक्का दे दिया। नीचे गिरी महिला पर कई बोरियां गिर गईं, जिससे उसे काफी चोटें आईं। पति की तहरीर पर कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। असंद्रा थाना क्षेत्र के अकबरपुर मजरे कादिरपुर निवासी रामसागर रावत ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी सीता (70) राशन लेने के लिए 27 अप्रैल को गांव के कोटेदार मनोज कुमार यादव की दुकान पर गई थीं। आरोप है कि अंगूठा लगवाने के बाद निर्धारित 10 किलो के स्थान पर 9 किलो राशन दिया जा रहा था। विरोध करने पर कोटेदार ने जातिसूचक गालियां देते हुए महिला को धक्का दे दिया। धक्का लगने से महिला जमीन पर गिरी और पास में रखी बोरी की छल्ली उनके ऊपर गिर गई, जिससे उनकी कमर की हड्डी टूटी और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर चोट की पुष्टि की। यह भी आरोप है कि इलाज की बात कहने पर भी कोटेदार ने अभद्रता करते हुए भगा दिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

## रुपये छीने, धारदार हथियार से हमला

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में लूट और मारपीट का मामला सामने आया है। ग्राम पालपुर मजरे रामनगर निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 30 अप्रैल को वह गल्ला खरीदने के लिए सन्नू और गनहरी नामक व्यक्तियों से 90 हजार लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि दयालगंज मोड़ के पास दुर्गाराजन क्षेत्र निवासी विकास दीक्षित और उसके भाई ने उसे रोक लिया और जबरन 90 हजार की नकदी छीन ली। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद घायल को घर लाया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# हादसों में एक की मौत तीन लोग हुए घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल पिता की मौके पर ही मौत हुई जबकि बेटे को सीएचसी से ट्रामा रेफर किया गया। उधर हाईवे पर इनोवा की टक्कर से घायल स्कूटी सवार दो युवतियों को इलाज के लिए भेजा गया।

त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि के अनुसार, हादसा लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर छबील चौकी के पास शनिवार लगभग 12 बजे दिन में हुआ। जिला अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तालुकदार पुरवा गुरखापुर निवासी योगेंद्र सिंह (55) अपने पुत्र आनंद के साथ कार से लखनऊ से दवा लेकर वापस घर लौट रहे थे। छबील चौकी के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चला रहे आनंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके पिता योगेंद्र सिंह को भी गंभीर चोटें आने से वह अचेत हो गए। ग्रामीणों और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने योगेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। बेटे आनंद को ट्रामा रेफर किया गया है। लोनीकटरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर लखनऊ अयोध्या हाईवे पर तेज रफ्तार इनोवा ने स्कूटी में टक्कर मार दी, हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियां घायल हो गयीं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## विद्युत आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों को राहत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** चार दिन पहले आए आंधी-तूफान में तार टूटने से कौड़िया मजरे कनवा गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। तीन दिनों तक लगातार शिकायतों के बावजूद लाइन ठीक नहीं हो सकी। शनिवार को मामला तहसील दिवस में पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने एसडीएम राजेश विश्वकर्मा से शिकायत की। एसडीएम ने विद्युत विभाग के प्रतिनिधि को तलब कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान अधिवक्ता शोमिल शुक्ला व अन्य वकीलों ने भी विभागीय कर्मी के व्यवहार पर आपत्ति जताई। एसडीएम के निर्देश पर मौके पर लाइनमैन भेजा गया और कुछ ही मिनटों में टूटा हुआ तार जोड़कर आपूर्ति बहाल कर दी गई। मामले में तहसील बार अध्यक्ष अचल मिश्र ने भी अधिशासी अभियंता से बात कर नाराजगी जताई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज


रैली को हरी झंडी दिखातीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जनपद न्यायालय परिसर में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने की।

बैठक में अपर जिला जज व नोडल अधिकारी कृष्णचन्द्र सिंह, सचिव उज्ज्वल उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी राज कुमार सिंह यादव, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, अग्रणी बैंक मैनेजर सौरभ मोर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने प्रचार-प्रसार बढ़ाने, प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण और नोटिसों की शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैंकों को ऋण वसूली से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। नोडल अधिकारी कृष्णचन्द्र सिंह ने पिछली लोक अदालत की समीक्षा करते हुए अधिक मामलों के निस्तारण पर जोर दिया। सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने पोस्टर, बैनर, पीएलवी, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा छात्रों के माध्यम से प्रचार बढ़ाने की अपील की। इससे पूर्व शनिवार को न्यायालय गेट से जागरूकता रैली निकालकर शहर में लोक अदालत का प्रचार किया गया।


प्रधानाचार्य रूमा तिवारी के साथ स्कूल के मेधावी। ● अमृत विचार

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल का शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल, देवा ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे, जिनमंज अधिकांश ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट वर्ग में आस्था यादव, सरताज शाह, अनश, बुशरा अजीम और सबी अशगर सहित कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं हाईस्कूल में अवनी जायसवाल, दानिश अहमद, अरुण यादव, रागिनी यादव, रौनक वर्मा, श्लोक, खुशानुमा, हिना फातमा और सत्यम राजपूत ने भी शानदार अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूमा तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में परीक्षा परिणाम के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई कि वे आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ नरेंद्रपुर में शनिवार को एक 44 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बरुआ नरेंद्र पुर गांव वासी रामप्रकाश पुत्र कनकू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हे सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने घोषित कर दिया। डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। उधर, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# एसी विंडो तोड़कर घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा रसौली स्थित एक घर में शनिवार सुबह घुसे चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया। दूसरी मंजिल पर कमरों एव अलमारियों का ताला तोड़कर 8 लाख रुपये नकदी सहित जेवरात उठा ले गये। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के जरिये जांच शुरू की है।

चोरी की यह घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत रसौली निवासी सईद अहमद उर्फ सईदू के घर में हुई। एसी के विंडो को तोड़कर घर मे घुसे चोरों ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे रखे बक्सों, अलमारी का ताला तोड़ा और 8 लाख रुपये की नकदी सहित जोड़ी झुमकी, मंगलसूत्र, बूंदा तीन ठप्पे का हार व एक ठप्पे का हार, नथुनी नाक की कील हथफूल, दो जोड़ी पायल आदि उठा ले गये। मकान में मौजूद परिजन जब दूसरी मंजिल पहुंचे तो अस्त व्यस्त पड़ा सामान देखकर वह दंग रह गए, जब कमरे मे जायजा लिया तो नकदी सहित जेवरात गायब मिले। घनी आबादी के बीच बने मो. सईद के मकान में जिस तरह सुबह के वक्त चोरी की घटना अंजाम दी गई, उससे किसी करीबी पर ही शक जा रहा। घटना का एहसास न निचली मंजिल में रह रहे मो. सईद के परिजनों को हुआ और न ही पड़ोसियों को जानकारी हुई। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अन्नपूर्णा भवन निर्माण में कमी पर ठेकेदार को नोटिस

रामनगर, बाराबंकी

- **बाढ़ सुरक्षा एवं अन्य कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ईशांत प्रताप सिंह ने शनिवार को प्रशासनिक टीम के साथ बाढ़ सुरक्षा एवं विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर सख्त निर्देश दिए।

ग्राम मड़ना में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग व ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को सटरिंग व ढलाई के समय अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। नरैनीपुरवा के पास चौकाघाट-मरकामऊ मार्ग पर बन रहे पुल का निरीक्षण करते हुए डीएम ने डस्ट, गिट्टी सहित निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांची और अवर अधिशासी अभियंता दीपक चौधरी व अजीत पटेल को कार्य मानक के अनुरूप समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

कोरिनपुरवा में कटान निरोधक कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने बाढ़ को देखते हुए निर्धारित 14 जुलाई की समयसीमा घटाकर 15 जून तक कार्य पूर्ण करने को कहा। बालू से भरी बोरियों के कार्य में तेजी लाने व श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस विद्वान शेखर झा, एसडीएम आनंद तिवारी, तहसीलदार विपुल कुमार, सीओ गरिमा पंत, डीएसओ डॉ. राकेश तिवारी, बीडीओ जितेंद्र कुमार, बाढ़ खंड अधिकारी शशिकांत सिंह, ग्राम सचिव ऋषभ पांडेय व निखिल कनौजिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**समाधान दिवस** | **जिलाधिकारी ने तहसील रामनगर में सुनीं समस्याएं**

# 486 शिकायतें आईं, 52 का मौके पर निस्तारण

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील रामनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम रामनगर आनंद कुमार तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में 486 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 52 का मौके पर निस्तारण किया गया।


लोगों की शिकायतें सुनते डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। समाधान दिवस में बुढ़वल निवासी नीरज शुक्ला ने नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों व गलियों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। वहीं देवी शरण शर्मा ने पीजी कॉलेज में बीएससी, एमएससी व विज्ञान कक्षाएं शुरू कराने का ज्ञापन दिया। तेलवारी के अजीत सिंह ने डिजिटल मीटर में अधिक बिल आने की शिकायत कर मीटर बदलने की मांग उठाई। ग्राम अमोलीकला के रमाकांत सिंह और पुरैना की झिन्ना के खतौनी में त्रुटि को तत्काल ठीक कर संशोधित प्रति उपलब्ध कराई गई। वहीं गर्री निवासी सुशील कुमार और अंकुल की शिकायत पर उन्हें बालिग दर्ज करते हुए अभिलेख संशोधित किए गए।

कुशबेहटा निवासी रोहित की शिकायत पर राशन कार्ड में यूनिट बढ़ाने की कार्रवाई भी तत्काल कराई गई। इन शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि 10 टीमों का गठन कर फील्ड में भेजा जाए, ताकि लंबित मामलों का मौके पर निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने सभी मामलों में संबंधित अधिकारी की आख्या भी मांगी। तहसील नवाबगंज में 164 में से 20, सिरौलीगौसपुर में 16 में से 5, राम सनेहीघाट में 61 में से 7, रामनगर में 97 में से 10, फतेहपुर में 57 में से 6 तथा हैदरगढ़ में 91 में से 7 मामलों का तत्काल समाधान किया गया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### घाना का अमेरिकी समझौता नामंजूर

**अकरा।** घाना ने डेटा की गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण अमेरिका के साथ प्रस्तावित स्वास्थ्य समझौते को ठुकरा दिया है और अब वह एक नए समझौते पर बातचीत करना चाहता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले भी कई अफ्रीकी देश डेटा साझा करने को लेकर चिंताओं के कारण इस समझौते से पीछे हट चुके हैं। घाना के डेटा संरक्षण आयोग के कार्यकारी निदेशक अर्नोल्ड कावारपुओ के अनुसार, इस समझौते में ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अमेरिकी संस्थाओं को जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना घाना के स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील आंकड़ों तक पहुंच मिल सकती है। कावारपुओ ने कहा कि समझौते के तहत डेटा तक जिस स्तर की पहुंच मांगी गई थी, वह जरूरी मानी जाने वाली सीमा से कहीं अधिक थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय द्विपक्षीय वार्ता का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करता।

### ऑस्कर ट्रॉफी को एयरलाइन ने खोजा

**लंदन।** जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि उसने रूसी फिल्म निर्माता पाशा तालनकिन की ऑस्कर पुरस्कार प्रतिमा का पता लगा लिया है, जो न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा संभावित हथियार के रूप में चिह्नित किये जाने के बाद गुम हो गई थी। इस साल मार्च में अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म "मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन" के सह-निर्देशक तालनकिन बुधवार को न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रॉफी के गायब हो जाने के बाद सदमे में थे। शुक्रवार शाम को एयरलाइन ने कहा कि ट्रॉफी मिल गई है और इसे जितनी जल्दी हो सके तालनकिन को लौटा दिया जाएगा।

### आइकॉन्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी शुरू

**लंदन।** मैडम तुसाद संग्रहालय ने इस सप्ताह अपने लंदन मुख्यालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया नाम से एक उत्सव की शुरुआत की, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट जगत की भारतीय हस्तियों के मोम के पुतलों को एक साथ प्रदर्शित किया गया। सीमित समय के लिए आयोजित यह प्रदर्शनी में भारतीय अभिनेताओं और क्रिकेटरों की मोम की 13 मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। मई और जून के महीनों के लिए, इस क्षेत्र को भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक जीवंत स्थान में रूपांतरित किया गया है, जहां आगंतुक अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर सहित कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों की मोम की मूर्तियों को देख सकते हैं।

# राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक पर पंजाब में दो प्राथमिकी दर्ज

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- **हाल ही में पाठक ने आप छोड़कर थामा था भाजपा का दामन**

हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पाठक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि इन प्राथमिकियों के बारे में अभी कोई और विवरण सामने नहीं आया है। पाठक उन सात राज्यसभा सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। आप को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात- पाठक, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिन्दर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी अपने सिद्धांतों, आदर्शों से भटक गई है।

# गुजरात में छात्र पढ़ेंगे मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास

**वडोदरा, एजेंसी**

- **बड़ोदरा के एक विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम में शामिल किया**



गुजरात के वडोदरा स्थित एक विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर आधारित पाठ मोदी तत्व और आरएसएस के इतिहास संबंधी पाठ को अपने समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम में शामिल किया है, ताकि समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में देशभक्ति का समाजशास्त्र नामक नए पाठ्यक्रम को जोड़ा है, जिसका उद्देश्य 'मोदी तत्व' और छत्रपति शिवाजी महाराज व सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय जैसे समाज सुधारकों के कार्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा कि चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, आपको राजनीतिक क्षेत्र और नेतृत्व की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चर्चा करनी ही होगी। वह एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे। हम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के करिश्माई नेतृत्व का अध्ययन करना चाहते थे, जो महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग में देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी में भी उसी तरह का करिश्माई नेतृत्व दिखाई देता है। यह एक वैज्ञानिक विषय है जिसका विश्लेषण आवश्यक है।

सिंह नीति आयोग की सार्वजनिक परियोजनाओं की निगरानी से जुड़े 'प्रोजेक्ट' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी तत्व' में मीडिया और डिजिटल राष्ट्रवाद, नागरिकता और असहमति, और वैश्वीकरण और पहचान की राजनीति जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। सिंह ने कहा कि ये तीनों भाग मोदी तत्व की अवधारणा पर वैज्ञानिक रूप से काम करेंगे और इस बारे में अध्ययन करेंगे कि वह इतने प्रसिद्ध क्यों हो रहे हैं, उनकी स्वीकार्यता इतनी व्यापक कैसे है, और भारत में सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के पीछे उनमें क्या खास बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियां, जैसे कि नोटबंदी, डिजिटल क्रांति, फास्टैग, जल शक्ति मंत्रालय आदि, यह दर्शाती हैं कि वे लोगों की इच्छाओं को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, और शायद यही कारण है कि उन्हें लोगों का इतना समर्थन मिलता है।

सिंह ने बताया कि देशभक्ति का समाजशास्त्र मॉड्यूल में चार प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें से प्रत्येक के लिए 15 घंटे का शिक्षण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रम का विचार तब आया जब विभाग के एमए के छात्र नीति आयोग द्वारा सार्वजनिक नीतियों की निगरानी के हिस्से के रूप में दूरदराज के गांवों में सर्वेक्षण कर रहे थे।

# होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध

## होर्मुज पर नियंत्रण के लिए जारी टकराव के बीच अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेताया

**दुबई, एजेंसी**



अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद जहाज़ों पर हमले की धमकियां देकर और हमले करते हुए जलडमरूमध्य को सामान्य यातायात के लिए लगभग बंद कर दिया। बाद में उसने कुछ जहाजों को अपनी तटरेखा के करीब वैकल्पिक मार्गों से मोड़कर सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शुरू किया, और कई बार इस सेवा के लिए शुल्क भी वसूला। अमेरिका की प्रतिबंध चेतावनी का मुख्य केंद्र यह टोलबूथ जैसी व्यवस्था है। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन (ऑफसेट), अनौपचारिक अदला-बदली, या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। ओएफएसी ने कहा कि वह यह चेतावनी इसलिए जारी कर रहा है ताकि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी व्यक्तियों को इस बात से अवगत कराया जा सके कि ईरानी शासन को सुरक्षित मार्ग के लिए भुगतान करने या उससे गारंटी की मांग करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी स्पष्ट किया कि ये जोखिम भुगतान के किसी भी तरीके पर लागू होते हैं। अमेरिका ने 13 अप्रैल को ईरान द्वारा जलडमरूमध्य बंद किए जाने के जवाब में अपनी ओर से एक नौसैनिक नाकाबंदी लागू की, जिससे किसी भी ईरानी तेल टैंकर को बाहर जाने से रोका गया और ईरान को उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए आवश्यक तेल राजस्व से वंचित कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से 45 वाणिज्यिक जहाजों को वापस जाने को कहा गया है।

### चीन स्थित कच्चे तेल टर्मिनल पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन स्थित एक कच्चे तेल टर्मिनल संचालक पर ईरानी संस्थाओं से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को बाधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। यह व्यापार ईरानी शासन की आय का मुख्य स्रोत है, जिससे आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को वित्तीय मदद मिलती है। पिगॉट ने कहा कि मंत्रालय ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार में शामिल कई संस्थाओं, एक व्यक्ति और एक पोत पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस कार्रवाई के तहत चीन स्थित पेट्रोलियम टर्मिनल संचालक क्विंगदाओ हाइये ऑयल टर्मिनल कंपनी लिमिटेड को निशाना बनाया गया है। इस कंपनी ने करोड़ों बैरल प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल का पिछले साल फरवरी से आयात किया है। अमेरिका ने चीनी नागरिक और क्विंगदाओ हाइये के अध्यक्ष शिंगचुन ली तथा दो पोत प्रबंधन कंपनियों–ब्रिटेन स्थित थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल व हांगकांग स्थित ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड–पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

### ड्रोन के माध्यम से रूस के अंदरूनी क्षेत्र में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहा यूक्रेन

**मास्को।** यूक्रेनी ड्रोन रूस के अंदरूनी इलाकों में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहे हैं जिससे धुएं के बड़े गुबार उठ रहे हैं जिन्हें अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है और काला सागर के पर्यटन स्थलों पर विषैली बारिश भी हो रही है। इन हमलों का उद्देश्य रूस के तेल निर्यात को कम करना है क्योंकि तेल निर्यात यूक्रेन पर निरंतर रूसी आक्रमण के लिए धन का एक प्रमुख स्रोत है। हालांकि आर्थिक प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है, क्योंकि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से क्रेमलिन के खजाने में वृद्धि हुई है। फिर भी, हमलों की व्यापकता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव से युद्ध का असर मोर्चे से दूर आम रूसियों तक पहुंच रहा है। यूक्रेन के ड्रोन ने दो सप्ताह से भी कम समय में चार बार काला सागर के किनारे तुआपसे शहर में तेल रिफाइनरी और निर्यात टर्मिनल को निशाना बनाया है, जिससे आग लग गई और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यह शहर सीमा से करीब 450 किलोमीटर की दूरी पर है। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रूस के पर्म क्षेत्र में एक तेल पंपिंग स्टेशन पर लगातार दो दिनों तक हमला किया है। यह क्षेत्र यूक्रेन से 1,500 किलोमीटर (900 मील) से अधिक दूर है। रूसी मीडिया ने इन हमलों की खबर दी।



जबलपुर क्रूज हादसे में दिल्ली के परिवार के तीन लोगों की मौत की सूचना घर पहुंची तो महिलाएं बिलख पड़ीं, उन्हें संभालती और ढांढस बंधाती आस-पड़ोस की महिलाएं।

# दिल्ली के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत, गृह प्रवेश में गए थे जबलपुर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## जबलपुर क्रूज हादसा

- **दिल्ली लौटने से पहले बरगी बांध घूमने गया था परिवार, हो गया हादसे का शिकार**

मध्यप्रदेश में गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गए दिल्ली के एक परिवार की यात्रा नर्मदा नदी के बरगी जलाशय में क्रूज के पलटने के कारण दर्दनाक हादसे में बदल गई। इस दुर्घटना में परिवार के छह में से तीन सदस्यों की मौत हो गई। परिजन के अनुसार, दिल्ली कैंट क्षेत्र का मैसी परिवार मंगलवार को जबलपुर में एक रिश्तेदार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने दिल्ली लौटने से पहले घूमने का फैसला किया।

बृहस्पतिवार शाम, परिवार करीब 40 यात्रियों के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित क्रूज पर सवार हुआ, जो बरगी बांध पर तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मरीना (39), उनका चार वर्षीय बेटा त्रिशन उर्फ जहां, मरीना की मां मधुर मैसी (62) की मौत हो गई। वहीं मरीना के पति प्रदीप, 14 वर्षीय बेटी सिया उर्फ पीहू और मरीना के पिता जूलियस मैसी (65) बच गए। मरीना के भाई कुलदीप मोहन ने बताया, मेरे माता-पिता, बहन, उसके बच्चे और जीजा जबलपुर गए थे। उन्हें बृहस्पतिवार को लौटना था, लेकिन वे भ्रमण पर चले गए और यह हादसा हो गया। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य क्रूज के ऊपरी हिस्से में थे, तभी अचानक मौसम खराब हो गया। उन्होंने कहा, मेरी बहन वीडियो कॉल पर हमें नजारा दिखा रही थी। अचानक सब बदल गया। वह मुझे बचा लो...मुझे बचा लो कहकर रो रही थी और फिर फोन कट गया। उन्होंने बताया कि लहरें तेज हो गईं और क्रूज डगमगाने लगा। मोहन ने कहा, ऊपरी मंजिल से लोग नीचे भागे। क्रूज बुरी तरह हिल रहा था और पानी अंदर जाने लगा था। तब मेरे जीजा प्रदीप ने तुरंत जीवन रक्षक जैकेट ढूंढनी शुरू की। प्रदीप ने जीवनरक्षक जैकेट निकालकर यात्रियों में बांटनी शुरू की, कुछ लोगों ने जैकेट पहनी, जबकि कुछ डर के कारण पानी में कूद गए। इस हादसे में मृतकों की संख्या 10 हो गई है।

## पेड़-पौधे भी करते हैं आपस में संवाद

# जंगल का इंटरनेट

जंगल के सन्नाटे में हमें लगता है कि पेड़ बस शांत खड़े हैं, लेकिन ज़मीन के नीचे एक हलचल भरा




संसार है। जिस तरह हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, पेड़ भी आपस में संवाद करते हैं, संसाधन साझा करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। इसे वैज्ञानिकों ने 'वुड वाइड वेब' का नाम दिया है। जब हम किसी जंगल में चलते हैं, तो हम केवल उनकी टहनियों और पत्तों को देखते हैं। लेकिन असली जादू हमारी नज़रों से ओझल, मिट्टी के नीचे होता है। पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क वास्तव में कवक के धागेनुमा जाल और पेड़ों की जड़ों के बीच का एक सहजीवी संबंध है।



### नेटवर्क का बुनियादी ढांचा

**पेड़ की जड़ें** : जो डेटा और संसाधनों के 'हब' की तरह काम करती हैं। **माइसेलियम** : जो 'फाइबर ऑप्टिक केबल' की तरह काम करता है, संदेशों और पोषक तत्वों को एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक पहुँचाता है। पेड़ फोटोसिंथेसिस के ज़रिए चीनी (शुगर) बनाते हैं और इसका कुछ हिस्सा इन कवक को देते हैं।

### करोड़ों वर्ष पुराना...पेड़ों का सोशल नेटवर्क

पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क आज का नहीं, बल्कि करोड़ों साल पुराना है। इस नेटवर्क के केंद्र में 'माइसेलियम' नाम के बारीक कवक तंतु होते हैं। ये तंतु इतने महीन होते हैं कि मिट्टी के एक चम्मच हिस्से में कई मील लंबे तंतु हो सकते हैं। ये कवक पेड़ों की जड़ों से जुड़कर एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं जो पूरे जंगल को एक एकल इकाई के रूप में जोड़ देता है। इस नेटवर्क की खोज ने पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) को देखने का हमारा नज़रिया बदल दिया है। पहले माना जाता था कि पेड़ संसाधनों (धूप, पानी, खनिज) के लिए आपस में केवल प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन 'वुड वाइड वेब' की खोज ने साबित किया कि पेड़ आपस में सहयोग करते हैं। वे न केवल भोजन (शुगर) साझा करते हैं, बल्कि आने वाले खतरों जैसे कि कीटों के हमले या सूखे की चेतावनी भी एक-दूसरे को भेजते हैं।

### मदर ट्री : जंगल के मुख्य सर्वर

- जंगल के इस नेटवर्क में सबसे पुराने और बड़े पेड़ों की भूमिका 'मदर ट्री' जैसी होती है। ये नेटवर्क के सबसे बड़े 'नोड्स' होते हैं। • पोषण : ये पेड़ अपने छोटे पौधों को पहचानते हैं और उन्हें अतिरिक्त पोषण भेजते हैं ताकि वे कम धूप वाली जगहों पर भी जीवित रह सकें। • विरासत : जब एक मदर ट्री मरने वाला होता है, तो वह अपनी बची हुई ऊर्जा और ज्ञान नेटवर्क के ज़रिए अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर देता है।

### पेड़ आपस में क्या बातें करते हैं

- पेड़ आपस में दो तरह से संवाद करते हैं : **रासायनिक संकेत :** जड़ों के ज़रिए रसायनों को भेजकर। **विद्युत संकेत :** कवक तंतुओं के माध्यम से कमजोर विद्युत आवेग भेजकर, जो काफी हद तक इंसानी तंत्रिका तंत्र जैसा होता है।

### वे क्या संदेश देते हैं

- **चेतावनी** : अगर किसी पेड़ पर कीड़ों का हमला होता है, तो वह नेटवर्क में रासायनिक चेतावनी भेजता है। पड़ोसी पेड़ इसे प्राप्त करते ही अपनी पत्तियों में कड़वे रसायन बनाना शुरू कर देते हैं ताकि कीड़े उन्हें न खाएं। • **संसाधन साझा करना** : यदि एक पेड़ ऐसी जगह है जहाँ धूप कम है, तो पास का पेड़ उसे अपनी अतिरिक्त चीनी भेज सकता है।

### नेटवर्क के फायदे : जंगल की एकता

- **लचीलापन** : एक जुड़ा हुआ जंगल सूखे या बीमारी का सामना अकेले खड़े पेड़ों की तुलना में बेहतर कर सकता है।
- **विविधता का संरक्षण** : यह नेटवर्क अलग-अलग प्रजातियों के बीच भी काम करता है। उदाहरण के लिए, चीड़ के पेड़ और ओक के पेड़ भी आपस में संसाधन साझा कर सकते हैं।

# जर्मनी से 5000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

- **अगले छह से 12 महीनों के बीच योजना पर होगा अमल**

**वाशिंगटन।** अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के अनुरूप है, जो उन्होंने ईरान के साथ अमेरिकी युद्ध को लेकर जर्मन नेता के साथ चल रहे टकराव के दौरान दी थी। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी उस वक्त दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मर्ज ने युद्ध में वाशिंगटन की खराब रणनीति की आलोचना की थी।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जर्मनी में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, जिनमें यूरोप और अफ्रीकी कमानों का मुख्यालय, रामस्टीन वायुसेना और लैंडस्टुहल में एक चिकित्सा केंद्र शामिल है, जहां अफगानिस्तान और इराक युद्धों में घायल हुए लोगों का इलाज किया जाता था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**वृष** — आज नई तकनीकी सीखने पर जोर दें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का व्यवहार आपको अचंभित कर सकता है। शाम का समय सुखद बीतेगा।

**मिथुन** — आज व्यावसायिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकता है। विदेश जाने की योजना बना रहे लोगों को शुभ संकेत मिलेंगे।

**कर्क** — आज मानसिक रूप से स्वयं को काफी मजबूत महसूस करेंगे। जटिल कार्यों को भी सरलता से पूरा कर लेंगे।

**सिंह** — आज आपके पराक्रम की सराहना होगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी।

**कन्या** — आज मन किसी अज्ञात भय से ग्रसित रह सकता है। सुविधाओं की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। कोई भी निवेश अभी टालें।

**तुला** — आज का दिन व्यापार में नए प्रयोग करने के लिए उत्तम है। रिश्तेदार से मुलाकात मन को प्रसन्न कर देगी। निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन उपलब्धियों भरा रहेगा। रुकी हुई पदोन्नति की खबर मिल सकती है। सामाजिक दायरे में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**धनु** — आज मांगलिक उत्सव में शामिल हो सकते हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।

**मकर** — आज संपत्ति से जुड़े लेन-देन में सावधानी बरतें। कार्यस्थल पर काम का बोझ बढ़ सकता है। परिवार में शांति बनाए रखें।

**कुंभ** — आज रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**मीन** — आज संचित धन का सही निवेश करने की योजना बनाएंगे। ससुराल पक्ष से कोई उपहार या सहयोग मिल सकता है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 मई 03.01 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-विशाखा 07.10 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

### सुडोकू -138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

## लेखा-जोखा

वित्त वर्ष 2025-26 के जारी किए गए आधिकारिक आंकड़े में हुआ खुलासा

# ईडी ने की रिकॉर्ड छापेमारी और कुर्की, लेकिन गिरफ्तारी घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान धनशोधन मामलों में की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस अवधि के दौरान कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 81,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी या छापेमारी की संख्या 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग दोगुनी होकर 2,892 हो गई। अपराध से प्राप्त आय की परिभाषा, गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती तथा संपत्ति कुर्क करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पीएमएलए के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के कारण जमानत प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन हो जाता है क्योंकि अदालत का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में, ईडी ने धोखाधड़ी के पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियां वापस लौटाने के अपने निर्धारित लक्ष्य को दोगुने से पार कर लिया, क्योंकि उसने उक्त अवधि के दौरान 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां वापस कीं। एजेंसी ने 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस लौटाने का लक्ष्य रखा था। एजेंसी द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2025-26) में उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अध्ययन में पाया गया कि ईडी ने उल्लेखित वित्त वर्ष में 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 214 थी, यानी लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट।

### प्रवर्तन निदेशालय ने दाखिल किए 812 आरोप पत्र, यह भी एक रिकॉर्ड

ईडी द्वारा की गई छापेमारी, जिसे अक्सर टेलीविजन समाचारों और अखबारों में विस्तार से दिखाया जाता है, वित्त वर्ष 2026 में पिछले वर्ष के 1,491 छापों की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2,892 हो गई इसके चलते ईडी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान सफलतापूर्वक 812 आरोपपत्र दाखिल किए, जो एक रिकॉर्ड है, जबकि पिछले वर्ष अदालतों में केवल 457 आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। आंकड़ों के मुताबिक पीएमएलए जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 1,080 मामले हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में केवल 775 मामले दर्ज किए गए थे। एजेंसी ने पिछले वित्त वर्ष में 32,678 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस कीं, जबकि वित्त वर्ष 2025 में धोखाधड़ी के पीड़ितों को 15,263 करोड़ रुपये की संपत्तियां सौंपी गई थीं। पिछले साल 'पीटीआई-भाषा' की खबर के अनुसार, ईडी निदेशक राहुल नवीन ने वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत में 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस दिलाने का लक्ष्य रखा था।

# अमेरिका में आंध्र के युवक ने आत्महत्या की

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के मूल निवासी 26 वर्षीय युवक ने हाल में अमेरिका के शिकागो में कर्ज के बोझ से परेशान होकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने अनुरोध किया कि मृतक की पहचान गुप्त रखी जाए क्योंकि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और कई बीमारियों से ग्रस्त हैं। आंध्र प्रदेश के सूचना एवं संचार मंत्री नारा लोकेश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शोक व्यक्त किया और मृतक के शव को स्वदेश वापस लाने में सहायता का आश्वासन दिया।



> टी-20 विश्व कप में यास्तिका भाटिया भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण पूरा करेंगी, वहीं नंदिनी डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल थीं। ये टीम में एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं।
> –कप्तान हरमनप्रीत कौर



**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

# नूर और कंबोज की मदद से सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 159 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : रिकेल्टन, नमन और सूर्यकुमार यादव ने खेली शानदार पारियां

चेन्नई, एजेंसी

अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी की अगुवाई की जिसकी बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक अहम मैच मे मुंबई इंडियंस को सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। नूर के अलावा अंशुल कंबोज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद मेहमान टीम का प्रदर्शन काफी फीका रहा जिसमें केवल नमन ही कुछ देर टिककर खेल सके। उन्होंने 37 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा रेयान रिकेल्टन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया। मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पंड्या का 23 गेंद में 18 रन बनाना टीम के संघर्ष की कहानी बयां करता है। मुकेश चौधरी ने सीएसके के लिए बेहतरीन शुरुआत की और पहले ही ओवर में सिर्फ एक रन दिया। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण कर रहे रामकृष्ण घोष ने दूसरे ओवर में अंशुल कंबोज की गेंद पर विल जैक्स का एक शानदार कैच लपककर प्रभावित किया।

जैक्स ने ऑफ-स्टंप के बाहर आती गेंद पर आगे बढ़कर शॉट लगाने की कोशिश की और रामकृष्ण ने डीप बैकवर्ड प्वाइंट से दौड़ते हुए डाइव लगाकर कैच लिया जिससे एम ए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे। लगातार निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद दोनों ही टीम का टूर्नामेंट में आगे का सफर अब इस मैच के नतीजे पर ही टिका हुआ है। नमन धीर ने पारी की पहली बाउंड्री लगाई जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की जो उनके बल्ले से लगकर डीप फाइन लेग की ओर हवा में उड़ गई। शानदार फॉर्म में चल रहे रेयान रिकेल्टन ने मुकेश की गेंदों पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर और डीप मिडविकेट के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े। फिर नमन भी लय में आ गए और उन्होंने कंबोज की गेंद पर एक जोदार छक्का जड़ दिया। फिर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने प्रशांत वीर को गेंदबाजी के लिए बुलाया और रिकेलटन ने उनका स्वागत तीन छक्कों के साथ किया। यह ओवर मुंबई इंडियंस के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ जिससे उन्हें कुल 18 रन मिले। नमन ने मुकेश की गेंद पर अपना दूसरा छक्का जड़ा और इस तरह मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का समापन एक विकेट पर 57 रन के साथ किया। नमन जब 19 रन पर थे तब शिवम दुबे ने उनका कैच छोड़ दिया था जो बहुत ही आसान कैच था। लेकिन सीएसके ने तुरंत वापसी करते हुए रिकेलटन का बड़ा विकेट ले लिया। बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने उन्हें तब आउट किया जब रिकेलन ने घुटने पर बैठकर डीप मिडविकेट की तरफ शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उर्विल पटेल के हाथों में चली गई।

रामकृष्ण ने अपने पदार्पण ओवर में सिर्फ सात रन दिए जिसमें सूर्यकुमार यादव (12 गेंद) का लगाया एक छक्का भी शामिल था। सूर्यकुमार ने नूर की गेंद पर भी एक छक्का और एक चौका जड़ा था पर सूर्यकुमार अपनी तेज शुरुआत को एक बड़ी पारी में बदलने में फिर नाकाम रहे। रामकृष्ण की गेंद को उन्होंने कवर के ऊपर से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीप में लपके गए। रामकृष्ण ने इस तरह अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया।मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में काफी डॉट गेंद खेली और तिलक वर्मा का बड़ा विकेट गंवा दिया जिन्होंने एक टर्न होती गेंद पर स्वीप शॉट लगाने की कोशिश की जो उनके बल्ले के ऊपरी किनारे पर लगकर गायकवाड़ के हाथों में समां गई। फिर हार्दिक कोई बड़ा शॉट लगाने में नाकाम रहे।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते रेयान रिकेल्टन। एजेंसी

**मुंबई इंडियंस**

**159/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| विल जैक्स का रामकृष्ण बो कंबोज | 01 |
| रेयान रिकलटन का पटेल बो नूर | 37 |
| नमन धीर का सब बो ओवरटन | 57 |
| सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो रामकृष्ण | 21 |
| तिलक वर्मा का गायकवाड़ बो नूर | 05 |
| हार्दिक पंड्या का ब्रेविस बो कंबोज | 18 |
| रोबिन मिंज बो कंबोज | 05 |
| कृष भगत नाबाद | 03 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 07 |

**अतिरिक्त** : 05, विकेट पतन : 1-1, 2-59, 3-99, 4-109, 5-134, 6-139, 7-151

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-25-0, कंबोज 4-0-32-3, प्रशांत 2-0-25-0, नूर 4-0-26-2, रामकृष्ण 3-0-24-1, ओवरटन 4-0-23-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

**ऑरेंज कैप**





- केएल राहुल दिल्ली–433 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–414 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–17 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान–15 विकेट

## सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमीसन को मिला एक डिमैरिट अंक

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमैरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा काइल जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमैरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ' ' ' 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं। यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी।



**हाईलाइट**

### मानस धामने पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के उभरते टेनिस खिलाड़ी मानस धामने ने शनिवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में फ्रांस के एंटोनी गिबाउडो को सीधे सेटों में हराकर पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचकर बड़ी सफलता हासिल की। अठारह साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में संयमित और आक्रामक खेल दिखाते हुए गिबाउडो को 6-4, 6-3 से हराया। इस हफ्ते के उनके शानदार प्रदर्शन से उनकी रैंकिंग और आत्मविश्वास को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है क्योंकि वह जूनियर से पेशेवर सर्किट में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। सोमवार को उनके शीर्ष 400 में शामिल होने की संभावना है। धामने अब रविवार को फाइनल में बेल्जियम के बुवायसर गदामौरी के खिलाफ कोर्ट पर उतरकर खिताब जीतना चाहेंगे।

# पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर

- गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला आज शाम
- 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मौजूद है पंजाब

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है।



अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के शशांक सिंह। एजेंसी

### जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा हैदराबाद

**हैदराबाद।** अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं। 10 टीमों के टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है।

## भारतीय खिलाड़ी भागते हैं डोपिंग से बचने के लिए : आईटीए प्रमुख

**न्यूयॉर्क।** ओलंपिक खेलों और अन्य प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में डोपिंगरोधी कार्यक्रम का प्रबंधन करने वाली संस्था अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के प्रमुख ने भारत में डोपिंग के मामलों की उच्च दर, खिलाड़ियों को 'परीक्षण से पहले अग्रिम सूचना दिए जाने' और उनका नमूना नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है।

आईटीए के महानिदेशक बेंजामिन कोहेन ने एक रिपोर्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह संदेश दिया है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे शासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधार करने होंगे। 'द एथलेटिक' के अनुसार कोहेन ने कहा, 'हम भारत में डोपिंग की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और हमें जमीनी स्तर पर हो रही कई घटनाओं के बारे में जानकारी मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'हमें ऐसे किस्से भी सुनने को मिल रहे हैं कि खिलाड़ी डोपिंग की जांच से बचने के लिए भाग जाते हैं।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित

- यास्तिका व नंदिनी को चुना गया व प्रतिका- अमनजोत बाहर
- हरमनप्रीत कौर करेंगी सभी टीमों की कप्तानी
- इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होंगे मुकाबले

मुंबई, एजेंसी

भारत ने शनिवार को इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में 'अनकैप्ड' (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया। जहां विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टीम से बाहर रखा गया, वहीं ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।

हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। प्रतिका को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा, वहीं हरलीन वनडे सीरीज में भारत ए टीम की अगुआई करेंगी।

नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। तेज गेंदबाज लाइन-अप में पूजा वस्त्राकर भी शामिल नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करती रहेंगी। अनुष्का शर्मा व उमा छेत्री के लिए जगह नहीं थी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। मुख्य टीम काफी हद तक वैसी ही है जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे महिला विश्व कप जीता था।



मुंबई में बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाते के साथ बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत साकिया (बीच में), सिलेक्शन पैनल की चेयरपर्सन अमिता शर्मा (दाएं) और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

**टी-20 विश्व कप टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

**इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।

### भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

भारतीय टीम विश्व कप से पहले मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। भारत 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने अब तक टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

**थॉमस कप** | फाइनल के लिए भारत की फ्रांस से होगी टक्कर

# कोहनी में सूजन के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे लक्ष्य

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

भारत को फ्रांस के खिलाफ होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि उसके स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण इसमें नहीं खेल पाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत कोर्ट पर उतरेंगे।

लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में दो मैच प्वाइंट बचाकर विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन पर एक घंटे 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21 22-20 21-17 से जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के दौरान हालांकि लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई थी और वह अभी तक इससे पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने बयान में कहा क्वार्टरफाइनल के एक कड़े मुकाबले में कई बार डाइव लगाने के बाद लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई। टीम के चिकित्साकर्मियों ने गहन जांच के बाद एहतियाती तौर पर यह फैसला किया। ताकि लक्ष्य चोट से उबर सके और अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो वह फाइनल के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। लक्ष्य के 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा उनके पैरों में छाले भी पड़ गए हैं। लक्ष्य की अनुपस्थिति में युवा आयुष शेट्टी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ शुरुआती एकल मैच खेलेंगे। पोपोव ने 2024 में हाइलो ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। श्रीकांत दूसरे एकल मुकाबले में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। तीसरे एकल खिलाड़ी के रूप में एचएस प्रणय का सामना विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जिनका भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ 1-0 का रिकॉर्ड है। यदि मुकाबला एकल से आगे बढ़ता है तो हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन पहले युगल मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी का सामना करेंगे।



**2022** में भारत ने थॉमस कप जीता था। उसने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे

### टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ेगा असर

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने कहा मुझे नहीं लगता कि यह कोई झटका है। हमारे पास अच्छी टीम है, हर कोई आत्मविश्वास से भरा है और अगर हम यह मैच जीत जाते हैं, तो उम्मीद है कि लक्ष्य फाइनल के लिए उपलब्ध रहेगा। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार मुकाबले आम तौर पर खिलाड़ियों की रैंकिंग के आधार पर होते हैं। प्रत्येक टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल और युगल खिलाड़ी आमने सामने होते हैं। यदि खिलाड़ियों को एकल और युगल दोनों में प्रतिस्पर्धा करनी है, तो उन्हें युगल में जोड़ी बनाने से पहले अपने एकल मैच पूरे करने होंगे।



# सिनर ने करियर की 350वीं जीत दर्ज की

- मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया। सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे। सिनर 2000 के दशक में जन्में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं।

वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा।